जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in ₹4

वर्ष 21 | अंक-171 | मुंबई, शुक्रवार, 17 जनवरी 2025 | मुंबई | पृष्ठ 12 | मूल्य


3 महीने बाद मैदान पर उतरे कुलदीप यादव

पेज 11 पर













# इसरो ने अंतरिक्ष में रचा इतिहास

## अमेरिका-चीन-रूस की फेहरिस्त में भारत

**नयी दिल्ली,** इसरो ने अंतरिक्ष में एक और इतिहास रच दिया है। स्पेडेक्स मिशन के तहत स्पेसक्राफ्ट डॉकिंग की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। इसका मतलब है कि इसरो ने दोनों सैटेलाइट को अंतरिक्ष में जोड़ दिया है। अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत ऐसा कारनामा करने वाला चौथा देश बन गया है। इसरो की 2025 में यह पहली बड़ी कामयाबी है। इस उपलब्धि पर इसरो चीफ ने खुशी जताई। इसरो यानी इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी कि गुरुवार को 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट' (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की 'डॉकिंग' सफलतापूर्वक पूरी हो गई। इसरो ने कहा, 'भारत ने अंतरिक्ष इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। सुप्रभात भारत, इसरो के स्पेडेक्स मिशन ने 'डॉकिंग' में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस क्षण का गवाह बनकर गर्व महसूस हो रहा है।' इससे पहले 12 जनवरी को इसरो ने उपग्रहों को 'डॉक' करने के परीक्षण के तहत दो अंतरिक्ष यान को तीन मीटर की दूरी पर लाकर और फिर सुरक्षित दूरी पर वापस भेजा था।







### डॉकिंग प्रक्रिया में रहीं बड़ी चुनौतियां

इस मिशन को इंडियन स्पेस एजेंसी (इसरो) ने 30 दिसंबर, 2024 को लॉन्च किया था। इसमें दो छोटे सैटेलाइट SDX01 (चेसर) और SDX02 (टारगेट) को पृथ्वी की निम्न कक्षा में 20 किलोमीटर की दूरी पर रखा गया। इसके बाद चेसर सैटेलाइट ने टारगेट सैटेलाइट के पास जाकर 5 किमी, 1.5 किमी, 500 मीटर, 225 मीटर, 15 मीटर और अंततः 3 मीटर तक की दूरी तय की। इसके बाद दोनों सैटेलाइट को एक साथ जोड़ा गया। डॉकिंग के बाद सैटेलाइट्स के बीच बिजली के ट्रांसफर का प्रदर्शन किया गया और फिर दोनों को अलग कर उनके संबंधित पेलोड संचालन शुरू किए गए।

### प्रधानमंत्री ने दी बधाई

- प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर वैज्ञानिकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने लिखा कि, "उपग्रहों की अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' के सफल प्रदर्शन के लिए इसरो के हमारे वैज्ञानिकों और पूरे अंतरिक्ष समुदाय को बधाई। यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।"

### मिशन की अहमियत

चंद्रयान-4 मिशन में डॉकिंग और अंडॉकिंग प्रक्रियाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस मिशन में दो मॉड्यूल्स को अलग-अलग लॉन्च वाहनों से लॉन्च किया जाएगा, जो जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में डॉक करेंगे। चंद्रमा पर सैंपल इकट्ठा करने और उन्हें वापस पृथ्वी पर लाने के लिए डॉकिंग तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा।

### श्रीहरिकोटा में तीसरा लॉन्च पैड बनेगा

श्रीहरिकोटा में तीसरे लॉन्च पैड की मंजूरी मिल गई है। वर्तमान में वहां दो लॉन्च पैड हैं, जिनसे 60 से ज्यादा लॉन्च हो चुके हैं। नए लॉन्च पैड से सैटेलाइट और स्पेसक्राफ्ट लॉन्च की संख्या बढ़ाई जा सकेगी। यह प्रोजेक्ट 3985 करोड़ रुपए की लागत से पूरा होगा और इससे भारत वैश्विक मांग भी पूरी कर सकेगा।

## तेलंगाना सीमा पर सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई

# बीजापुर : मुठभेड़ में 17 नक्सली ढेर

### सुबह नौ बजे शुरू हुई गोलीबारी, देर शाम तक जारी

**बीजापुर।** जिले में सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें 17 नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आई है। अधिकारी ने बताया कि दक्षिण बीजापुर के जंगल में सुबह करीब नौ बजे उस समय गोलीबारी शुरू हो गई जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि 3000 से अधिक जवानों ने जंगल में मौजूद नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है। मुठभेड़ अभी भी जारी है। मरने वाले नक्सलियों की संख्या और भी बढ़ सकती है। अधिकारी ने बताया कि तीन जिलों के जिला रिजर्व गार्ड, सीआरपीएफ की कोबरा यूनिट की पांच बटालियन और सीआरपीएफ की 229वीं बटालियन के जवान इस अभियान में शामिल हैं। मुठभेड़ सुबह 9 बजे शुरू हुई जो देर शाम तक जारी है।



### 4 ईनामी नक्सलियों ने किया सरेंडर

- पुलिस द्वारा चलाये जा रहे आत्मसमर्पण नीति माड़ बचाओ अभियान अभियान से प्रभावित होकर बड़े कैडर के नक्सली डीव्हीसीएम अरब उर्फ कमलेश, हेमलाल सहित पूर्व बस्तर डिवीज़न के 2 नक्सली रंजित एव काजल ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सल संगठन में सक्रिय रहे इन 4 नक्सलियों पर 32 लाख से अधिक का ईनाम घोषित था। इन आत्मसमर्पित नक्सलियों का माड डिवीजन आतंक था। इन आत्मसमर्पित नक्सलियों पर शासन ने 8-8 लाख रुपए के इनाम की घोषणा की थी।

# एक्टर सैफ अली खान पर हमला

## लीलावती के आईसीयू में भर्ती

- **मुंबई।** फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर देर रात चाकू से हमला हुआ था। इसके बाद ही एक्टर को गंभीर अवस्था में लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया कि घर में घुसे अज्ञात शख्स ने उनके ऊपर चाकू से हमला किया था। यह घटना सुबह 2:15 बजे हुई जब चोर कथित तौर पर उनके बांद्रा स्थित घर में घुस आया और उनके घरेलू सहायक पर हमला किया। बेटे जेह के कमरे में हो रहे शोर से सैफ की नींद खुल गई। वह कमरे के अंदर गए और देखा कि अज्ञात शख्स उनके घरेलू सहायक से बहस कर रहा था। यह देखकर सैफ ने हस्तक्षेप किया, अपराधी से लड़े और निहत्थे घरेलू सहायक को बचाया। सैफ भी हादसे का शिकार हुए और हमलावर ने उन पर अटैक किया।



### सफल रही सर्जरी, खतरे से बाहर

अभिनेता सैफ अली खान के स्वास्थ्य को लेकर उनकी टीम की तरफ से बयान जारी किया गया। बयान में आगे कहा गया कि अभिनेता की सर्जरी सफल हो चुकी है। वह अब बिल्कुल ठीक हैं। उन्हें किसी भी प्रकार का खतरा नहीं है।

### जांच के लिए 10 टीमों का गठन

पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच के लिए 10 टीमों का गठन किया है। पुलिस इस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। डीसीपी दीक्षित गेदाम ने कहा कि हम इस मामले के विभिन्न पहलुओं से जांच कर रहे हैं।

### 'मुंबई सुरक्षित नहीं, यह कहना गलत है'

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि, 'मुझे लगता है कि मुंबई देश के बड़े शहरों में सबसे सुरक्षित है। यह सच है कि कभी-कभी कुछ घटनाएं होती हैं और उन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए। लेकिन यह कहना कि ऐसी घटनाओं के कारण मुंबई असुरक्षित है, सही नहीं है। ऐसी टिप्पणियों के कारण मुंबई की छवि खराब होती है।'

### कैमरे में दिखे दो संदिग्ध

मुंबई पुलिस को सीसीटीवी कैमरे में दो संदिग्ध नजर आए हैं। इनमें से एक की हमलावर होने की संभावना है। हालांकि पुलिस अभी तक इस निर्णय पर नहीं पहुंच पा रही है कि दोनों में से कोई था भी या नहीं। दोनों की तलाश चल रही है। इनमें से एक शख्स की पहचान भी हो गई है।

## केंद्रीय कर्मचारियों को मोदी की सौगात

# कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकारी कर्मचारियों को सौगात देते हुए कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है। जल्दी ही इसके लिए कमिटी बनेगी। कैबिनेट की बैठक पीएम आवास पर हुई और पीएम मोदी की अध्यक्षता में इस फैसले पर मंजूरी दे दी गई। केंद्रीय कर्मचारियों के संगठनों ने इसके लिए कैबिनेट सचिव से मिलकर 8वें वेतन आयोग का गठन करने की मांग की थी और लगातार ये संगठन सरकार के सामने 8वें वेतन आयोग के गठन का दबाव बना रहे थे।

- पीएम आवास पर कैबिनेट की बैठक
- जल्द शुरू होगी आयोग के गठन की प्रक्रिया



### जनवरी 2026 में हो सकता लागू

- देश में 7वां वेतन आयोग 1 जनवरी, 2016 से लागू हुआ था। चूंकि हर 10 साल में वेतन आयोग लागू किया जाता है ऐसे में अब उम्मीद जताई जा रही है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार 1 जनवरी, 2026 से 8वां वेतन आयोग लागू कर देगी।

### हर 10 साल में आता नया आयोग

- आम तौर पर हर 10 साल में अगले वेतन आयोग का गठन हो जाता है। ऐसे में आठवें वेतन आयोग का गठन जरूरी हो गया था। सातवें वेतन आयोग का गठन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में 28 फरवरी 2014 को किया गया था।

## न्यूज BRIEF

### वीके सिंह ने मिजोरम के राज्यपाल की शपथ ली

**नई दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख वी के सिंह ने बृहस्पतिवार को मिजोरम के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ली। मिजोरम को 1987 में पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद से सिंह 25वें राज्यपाल बने हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह ने हरि बाबू कंभमपति की जगह ली, जिन्हें ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विजय बिश्नोई ने आइजोल के राजभवन में आयोजित एक समारोह में सिंह को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री लालदुहोमा और उनके कैबिनेट सहयोगी, विधानसभा अध्यक्ष लालबियाकजमा, उपाध्यक्ष लालफामकिमा, सांसद, विधायक, वरिष्ठ नौकरशाह और शीर्ष पुलिस अधिकारी शामिल हुए।



### पीके ने 14 दिन बाद तोड़ा अनशन



**पटना।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर (पीके)ने आमरण अनशन तोड़ने का फैसला किया है। पटना में गंगा पथ के पास आयोजित कार्यक्रम में वह 14 दिन लंबा आमरण अनशन खत्म कर रहे हैं। उन्होंने आमरण अनशन तोड़ने से पहले पवित्र नदी गंगा में डुबकी लगाई। आमरण अनशन खत्म करने के साथ ही वह सत्याग्रह के अगले चरण की भी घोषणा करेंगे।

### सड़क हादसे में 2 की मौत, 2 घायल

**हनुमानगढ़।** जिले के फेफाना थाना क्षेत्र में ट्रक और जीप की आमने-सामने भिड़ंत में 2 युवकों की मौत हो गई तथा 2 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र में नोहर-भादरा मार्ग पर बुधवार रात करीब साढ़े 10 बजे घने कोहरे के कारण यह हादसा हुआ। हादसे में जीप में सवार मनोज नायक एवं सुरेन्द्र कुमार निवासी जसाना की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, दो अन्य युवक घायल हो गए। दुर्घटना में घायल दोनों युवकों को नोहर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## दिल्ली चुनाव : कांग्रेस ने किए बड़े वादे

# 500 रुपये में सिलेंडर, मुफ्त बिजली व राशन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर वह दिल्ली में सत्ता में आई तो राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों को 500 रुपये में एलपीजी (घरेलू रसोई गैस) सिलेंडर, मुफ्त राशन किट और 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देगी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन और कांग्रेस की दिल्ली इकाई के प्रमुख देवेंद्र यादव के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। रेड्डी ने कहा, "कांग्रेस अगर दिल्ली में सत्ता में आती है तो वह अपनी पांच गारंटी पूरी करेगी।"

# भाजपा के 40 स्टार प्रचारक संभालेंगे कमान

### प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री व 7 मुख्यमंत्री शामिल



### 9 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी

भाजपा ने आज 9 और उम्मीदवारों की सूची जारी की। इस में ग्रेटर कैलाश सीट से सौरभ भारद्वाज के खिलाफ शिखा राय को टिकट दिया गया है। वहीं, दिल्ली कैंट सीट से भुवन तंवर को मैदान में उतारा गया है। अब भाजपा ने सभी 68 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा पूरी कर दी है। वहीं बुराड़ी सीट जेडीयू को व देवली सीट एलजेपी (रामविलास) को दी गई है।

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की थी। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत 7 मुख्यमंत्रियों के नाम शामिल हैं। अन्य प्रमुख नामों में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, पीयूष गोयल और गिरिराज सिंह शामिल हैं। दिल्ली बीजेपी प्रभारी बैजयंत पांडा, सह प्रभारी अलका गुर्जर और प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी प्रचार अभियान में शामिल होंगे।

## अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने लगाई संगम में डुबकी

# 'महाकुंभ दे रहा एकता का संदेश'

**प्रयागराज।** महाकुंभ में 10 देशों के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने संगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न अखाड़ों का दौरा किया। इस यात्रा में उन्होंने न केवल महाकुंभ के धार्मिक महत्व को समझा बल्कि भारतीय संस्कृति के अद्भुत पहलुओं को भी अनुभव किया। त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के बाद प्रतिनिधि दल ने समूचे महाकुंभ क्षेत्र का दौरा किया, जिससे उन्हें इस विशाल धार्मिक आयोजन की व्यापकता देखने को मिली। महाकुंभ का आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भ में भी एकता का प्रतीक है।



### भव्य इंतजाम पर यूपी सरकार की सराहना

- अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने दुनिया के इस सबसे बड़े आयोजन के भव्य इंतजाम के लिए योगी सरकार की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। भारतीय संस्कृति को देखने और समझने के लिए सभी देशों के लोगों को यहां महाकुंभ नगर जरूर आना चाहिए।

# पीएम ने कभी नकारात्मकता नहीं पाली : शाह

**वड़नगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब परिवार में जन्म लेने के बावजूद कभी भी नकारात्मकता को अपने जीवन का हिस्सा नहीं बनाया। उन्होंने अपनी गरीबी को जरूरतमंदों के प्रति सहानुभूति में बदला और लोगों की भलाई के लिए कड़ी मेहनत की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को यह बात कही। शाह ने कहा कि मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद गरीब लोगों की जिंदगी को बदलने के लिए मकान, शौचालय, पानी, गैस और बिजली कनेक्शन, सस्ती दवाइयां और मुफ्त राशन जैसी सुविधाएं प्रदान की हैं। गृह मंत्री शाह मेहसाणा में पीएम मोदी के गृहक्षेत्र वड़नगर में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया, जिसमें एक पुनर्विकसित स्कूल भी शामिल है, जहां प्रधानमंत्री ने अपनी प्राथमिक शिक्षा हासिल की थी। यह स्कूल साल 1888 में बनाया गया था।

- गृह मंत्री ने तीन परियोजनाओं का किया शुभारंभ



# नौसेना को मिलेगी मिसाइल प्रणाली

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने नौसेना के लिए लगभग 2,960 करोड़ रुपये की लागत से मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की आपूर्ति के लिए भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने गुरूवार को यहां बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में रक्षा मंत्रालय और बीडीएल के अधिकारियों ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यह मिसाइल प्रणाली एक मानक फिट है, जो कई भारतीय नौसेना युद्धपोतों पर लगी है और इसे भविष्य में अधिग्रहण के लिए नियोजित अधिकांश प्लेटफार्मों पर तैनात किए जाने की योजना है। यह अनुबंध भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और उन्नत सैन्य तकनीक को स्वदेशी बनाने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

**2960 करोड़ का अनुबंध**

# प्रतिदिन ज्यादा काम करते हैं भारतीय



- अन्य की तुलना में उत्पादकता व वेतन दोनों कम

**मुंबई।** लार्सन एंड टुब्रो के चेयरमैन के बयान के सामने आने के बाद वर्क लाइफ बैलेंस पर एक बार फिर बहस छिड़ गई है। हालांकि इस विचार से सभी लोग सहमत नहीं हैं। महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने उत्पादकता पर ध्यान देने की बात कही है, उन्होंने कहा कि घंटे नहीं बल्कि आउटपुट मायने रखता है। श्रम-संबंधी डाटा के विश्लेषण से पता चलता है कि भारतीय कम वेतन पर लंबे समय तक काम कर रहे हैं, जबकि उत्पादकता काफी कम है। भारतीयों द्वारा प्रतिदिन किए जाने वाले कार्य का समय 170 देशों में सबसे अधिक है। इसके विपरीत भारतीय कर्मचारी की न्यूनतम मासिक आय सबसे कम 220 डॉलर ही है।

### 49 घंटे/सप्ताह काम कर रहे 51% भारतीय

भारतीय श्रम कानून यह कहता है कि हर दिन 9 घंटे से अधिक काम नहीं होना चाहिए। इसमें आधे घंटे का आराम भी शामिल है। कर्मचारियों को कम से कम एक दिन साप्ताहिक अवकाश का भी अधिकार है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार एक भारतीय कर्मचारी औसतन हर सप्ताह 46.7 घंटे काम करता है। भारत सबसे अधिक काम करने वाले देशों में से एक है। यहां 51 फीसदी कर्मचारी हर सप्ताह 49 घंटे से अधिक काम करते हैं। शोध से पता चलता है कि लंबे समय तक काम करने से उत्पादकता में वृद्धि नहीं हो सकती है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर जॉन पेनकेवेल द्वारा 2014 में किए गए एक महत्वपूर्ण अध्ययन कहा गया कि एक निश्चित सीमा से ज्यादा काम करने से वास्तव में आपकी उत्पादकता कम हो सकती है।

# इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव के आसार



### करदाताओं को आस वित्त मंत्री सुनेंगी पुकार

**नई दिल्ली।** आम बजट की तारीख नजदीक आने के साथ ही लोगों की उम्मीदों का पहाड़ भी ऊंचा होने लगता है। सबसे पहले उम्मीद जगती है कि बजट घोषणाओं में वित्त मंत्री इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव कर या कटौती कर नौकरी पेशा खासकर मिडिल क्लास को राहत देगी। 1 फरवरी की तारीख एक बार फिर से नजदीक आ रही है। उम्मीद की जा रही है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस बार टैक्स कटौती का राहत दे सकती हैं।

### आय कर को लेकर होंगे बड़े ऐलान

बजट से पहले लोगों को टैक्स में राहत की उम्मीद है। जानकारों की माने तो वित्त मंत्री इस बार बजट में आयकर में कुछ राहत दे सकती है। जिस तरह से अर्थव्यवस्था में खपत में कमी आ रही है। उसकी चिंताओं को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि वित्त मंत्री बजट 2025 में आयकर की दरों में कटौती कर लोगों को बड़ी राहत दे सकती हैं।

### कर दरों में कटौती की उम्मीद




उम्मीद की जा रही है खपत बढ़ाने के लिए इस बार बजट में इनकम टैक्स में कटौती और स्टैंडर्ड डिडक्शन की सीमा में बढ़ोतरी की जा सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो बजट में सरकार स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट को 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर सकती है। ओल्ड टैक्स रिजीम में स्टैडर्ड डिडक्शन की लिमिट 50 हजार और न्यू टैक्स रिजीम में 75 हजार रुपये है।

### मध्य रेलवे मुंबई मंडल

# 17 और 19 को विशेष पॉवर ब्लॉक

▶▶ कर्जत स्टेशन पर पोर्टल्स को उतारने और हटाने का कार्य
▶▶ दो से तीन घंटे का रहेगा पॉवर ब्लॉक और यातायात बाधित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** कर्जत यार्ड संशोधन के संबंध में कर्जत स्टेशन पर पोर्टल्स को उतारने और हटाने के कार्य को करने के लिए मध्य रेल विशेष यातायात और पावर ब्लॉक परिचालित करेगा। पोर्टल की ऑफलोडिंग के लिए 17 जनवरी को ब्लॉक का विवरण इस प्रकार है। **ब्लॉक की तिथि:** 17 जनवरी (शुक्रवार)। **ब्लॉक की अवधि:** 13.50 बजे से 15.35 बजे तक।

**ट्रैफिक ब्लॉक सेक्शन**

पलासधारी (क्रॉसओवर को छोड़कर) और कर्जत स्टेशनों (क्रॉसओवर सहित) के बीच अप और मिड लाइन। कर्जत (कर्जत पलेटफॉर्म 3 के पनवेल एंड क्रॉसओवर सहित) से चोक/भिवपुरी स्टेशन (क्रॉसओवर को छोड़कर) के बीच अप और डाउन लाइन।

**उपनगरीय ट्रेनों का परिचालन**

ब्लॉक अवधि के दौरान बदलापुर और खोपोली के बीच उपनगरीय सेवाएं रद्द रहेंगी। 12.20 बजे सीएसएमटी से निकलने वाली खोपोली लोकल और 13.19 बजे सीएसएमटी से निकलने वाली कर्जत लोकल को अंबरनाथ स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। 13.40 बजे सीएसएमटी से रवाना होने वाली कर्जत लोकल बदलापुर स्टेशन पर समाप्त होगी। 13.55 बजे कर्जत से रवाना होने वाली और 13.48 बजे खोपोली से रवाना होने वाली सीएसएमटी के लिए लोकल अंबरनाथ स्टेशन से शुरू होगी। 15.26 बजे कर्जत से रवाना होने वाली सीएसएमटी के लिए लोकल बदलापुर स्टेशन से शुरू होगी।

**19 को ब्लॉक का विवरण**

**ब्लॉक की तिथि:** 19 जनवरी (रविवार)
**ब्लॉक की अवधि:** 11.20 बजे से 13.05 बजे तक।

**ट्रैफिक ब्लॉक सेक्शन**

पलासधारी (क्रॉसओवर को छोड़कर) और कर्जत स्टेशनों (क्रॉसओवर सहित) के बीच अप और मिड लाइन। कर्जत (क्रॉसओवर सहित) से चोक/भिवपुरी स्टेशन (क्रॉसओवर को छोड़कर) के बीच अप और डाउन लाइन।

**अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का रेगुलेशन**

ट्रेन संख्या 11014 कोयंबटूर-एलटीटी एक्सप्रेस को 11.30 बजे से 12.40 बजे तक लोनावला में रेगुलेट किया जाएगा। ट्रेन संख्या 12493 पुणे-हजरत निजामुद्दीन एसी एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 12164 चेन्नई-एलटीटी एक्सप्रेस को पुणे मंडल में रेगुलेट किया जाएगा और 12.50 बजे से लोनावला में सौंप (हैंडओवर कर) दिया जाएगा।

**उपनगरीय ट्रेनों का परिचालन**

ब्लॉक अवधि के दौरान नेरल और खोपोली के बीच उपनगरीय सेवाएं रद्द रहेंगी। कर्जत-खोपोली लोकल जो कर्जत से 12.00 बजे और 13.15 बजे रवाना होती हैं और खोपोली-कर्जत लोकल जो खोपोली से 11.20 बजे और 12.40 बजे रवाना होती हैं, रद्द रहेंगी। 09.27 बजे से 11.14 बजे तक सीएसएमटी से रवाना होने वाली सीएसएमटी-कर्जत लोकल ट्रेनों को नेरल स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। 11.19 बजे से 13.00 बजे तक कर्जत से रवाना होने वाली कर्जत-सीएसएमटी लोकल ट्रेनों को नेरल से शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा।

### पश्चिम रेलवे अहमदाबाद मंडल

# पांच अधिकारी और आठ कर्मचारी सम्मानित

▶▶ मुंबई में विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2024 का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे के 69वें रेलवे सप्ताह समारोह के अवसर पर विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (वीआरएसपी) 2024 का आयोजन 15 जनवरी, को यशवंतराव चव्हाण ऑडिटोरियम, मुंबई में किया गया। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने वर्ष 2023-24 के दौरान उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रदर्शन के लिए पश्चिम रेलवे के 92 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के रूप में सम्मानित किया गया। जिसमें अहमदाबाद मंडल के पांच अधिकारी और आठ रेल कर्मचारियों को वर्ष 2024 में अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए एफिसियंसी मेडल एवं मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे द्वारा अहमदाबाद मंडल के पुरस्कृत होने वालों में अधिकारियों में राष्ट्रदीप-वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, अनुराग सिंह-मंडल इलेक्ट्रिक इंजीनियर,सौमित्र सिन्हा मंडल-मेकेनिकल इंजीनियर, पंकज तिवारी- मंडल परिचालन प्रबंधक, संजय पूनमचंद चौधरी -सहायक सुरक्षा आयुक्त तथा कर्मचारियों में मुकेश कुमार बैरवा-सीनियर सेक्शन इंजीनियर,निसांत अनिल कुमार-सीनियर सेक्शन इंजीनियर,मिहिर टाटू-सीनियर सेक्शन इंजीनियर,श्रीमती अंजू एन गुलाटी-मुख्य कार्यालय अधीक्षक, अंजनी कुमार-सीनियर सेक्शन इंजीनियर, उपेन्द्र त्रिपाठी-मुख्य लोको निरीक्षक, जिगर दिवांजी-वरिष्ठ गुड्स ट्रेन मैनेजर, अमित कुमार वोरा-मुख्य कंट्रोलर शामिल है। मंडल रेल प्रबंधक सुधीर कुमार शर्मा ने विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार मिलने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की है कि वो अपने-अपने क्षेत्र के कार्यों को पूरी तन्मयता एवं कर्मठता के साथ करें ताकि मंडल के अधिक से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मंडल, जोनल एवं रेलवे बोर्ड स्तर पर सम्मान प्राप्त हो तथा अहमदाबाद मंडल सतत विकास के पथ पर बढ़ता रहे।

## MAHAGENCO — TENDER NOTICE : CPA-04-2025

Maharashtra State Power Generation Co. Ltd.

Digitally signed tenders under Two Bid System are invited for the following

| | |
|---|---|
| **Description of Tender:** Supply, Erection, Testing and Commissioning of Digital Static Excitation System at 06 MW Surya HPS. | **Description of Tender:** Up gradation of Unitrol Excitation System for 2x125 MW Units of Ghatghar HPS. |
| **Tender / RFx No:** SP/T-0403/0125 (RFx No: 3000054188) | **Tender / RFx No:** SP/T-0402/0125 (RFx No: 3000054159) |

**Due Date & Time of Submission of Tender Bids:** Up to 14.00 Hrs of 05/02/2025

**Contact Person-** Office of Chief Engineer (CPA), Tel No.: 022-6985 3618

For further details visit our website https://eprocurement.mahagenco.in/

**Chief Engineer (CPA)**

# रजनीश कुमार ने किया कार्यभार ग्रहण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** भारतीय रेल सिगनल इंजीनियर्स सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रजनीश कुमार (1990 बैच) ने पश्चिम रेलवे के प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले आप अक्टूबर, 2022 से दिसंबर, 2024 तक पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। भारतीय रेल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर्स सेवा के 1990 बैच के एक वरिष्ठ अधिकारी कुमार ने 1989 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में स्नातक किया। कुमार को सिगनल एवं दूरसंचार रखरखाव और निर्माण में व्यापक अनुभव है। आपने गोरखपुर मुख्यालय, वाराणसी और पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में विभिन्न पदों पर कार्य किया है तथा मथुरा-कासगंज और बाराबंकी-गोंडा रेल खंडों के दोहरीकरण के साथ-साथ कई यार्डों के रीमॉडलिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आपको चुनौतीपूर्ण लामडिंग-तिनसुकिया रेल खंड के गेज परिवर्तन को पूरा करने का भी कार्य सौंपा गया था। 2011 से 2016 तक कुमार ने आरडीएसओ लखनऊ में निदेशक/सिगनल के रूप में कार्य किया। आरडीएसओ में कार्यकारी निदेशक के रूप में आपने उपकरणों की गुणवत्ता में सुधार किया, विक्रेता अनुमोदन में तेजी लायी तथा कार्य प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाई। अक्टूबर, 2022 से दिसंबर, 2024 तक रतलाम के मंडल रेल प्रबंधक के रूप में कार्य करते हुए, उन्होंने अधिकारियों की बहु-विषयक टीम का नेतृत्व किया और ट्रेनों की संरक्षा और समग्र समयपालन सुनिश्चित किया। आपके कार्यकाल के दौरान रतलाम मंडल में इंफ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमेंट, विश्वसनीयता में सुधार, गति वृद्धि, पुल सुदृढ़ीकरण, सिगनलिंग अपग्रेडेशन और अमृत स्टेशन कार्यों जैसे विभिन्न सुधार कार्य भी किए गए।

### नवी मुंबई मनपा का गहन स्वच्छता अभियान

# सफाई अभियान की मनपा आयुक्त ने की समीक्षा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नवी मुंबई।** शहर की स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण की ओर भी विशेष ध्यान देते हुए, नवी मुंबई मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में 13 दिसंबर से शहर के राजमार्गों और आंतरिक मुख्य सड़कों की गहन सफाई (डीप क्लीनिंग) पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

इसमें सड़कों, फुटपाथों और डिवाइडरों के किनारे जमा मिट्टी, रेत, घास और ठोस कचरे को हटाना, झाड़ियों और सूखी घास को साफ करना, साथ ही उपचारित पानी से सड़कों और फुटपाथों की धुलाई करना और स्प्रेइंग मशीन द्वारा हवा में पानी का छिड़काव कर धूल कम करना शामिल है। नागरिकों से प्राप्त फीडबैक के अनुसार, इस पहल से शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

इसी संदर्भ में, सायन-पनवेल राजमार्ग और एमआईडीसी क्षेत्र की मुख्य सड़कों के अधिकार भले ही नवी मुंबई मनपा के पास न हों, लेकिन इन स्थानों की गंदगी से वहां से गुजरने वाले यात्रियों की दृष्टि में शहर की छवि प्रभावित होती है। इसे ध्यान में रखते हुए, मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने शीलफाटा से महापे की ओर आने वाले मुख्य मार्ग का शहर अभियंता शिरीष आरदवाड और संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और मूल्यवान सुझाव दिए।

## सिडको — शहर बनाए, शहर बसाए.

### बोली आमंत्रण सूचना

**द्रोणागिरी कार्यालय तथा उलवे-।। कार्यालय के रेकॉर्ड्स के स्टोरेज हेतु उलवे में नोडल डिविजनल कार्यालय हेतु फायर रिटार्डिंग ऑप्टीमायजर अर्थात फाइल कॉंपेक्टर्स का प्रावधान, आपूर्ति एवं स्थापना।**

सिडको ऑफ महाराष्ट्र लिमिटेड द्वारा अनिवार्य पात्रता मापदंड पूर्ण करने वाले तथा किसी शासकीय संस्था या निजी क्षेत्र मे निम्नांकित कार्य हेतु मैकेनिकली ऑपरेटेड स्टोरेज कॉंपेक्टर्स अर्थात फाइल कॉंपेक्टर्स के प्रदाय, आपूर्ति एवं स्थापना जैसे समान प्रकृति के कार्य किए हो के मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) से ऑनलाइन मद दर प्रतिशत बोलीयां आमंत्रित है।

1. **कार्य का नाम: द्रोणागिरी कार्यालय तथा उलवे-।। कार्यालय के रेकॉर्डस के स्टोरेज हेतु उलवे में नोडल डिविजनल कार्यालय हेतु फायर रिटार्डिंग ऑप्टीमायजर अर्थात फाइल कॉंपेक्टर्स का प्रावधान, आपूर्ति एवं स्थापना।** 2. **सी.ए. नं.:** 08/सिडको/ईई (उलवे-।।)/ 2024-25, 3. **बोली की रखी गई लागत:** रु. 21,52,920/- (जीएसटी रहित), 4. **ईएमडी:** रू. 22,000/-, 5. **संविदा अवधि:** 30 (तीस) दिन (मानसून सहित)। 6. **निविदा प्रक्रिया शुल्क:** रू. 1180/- (18% जीएसटी सहित (अप्रतिदेय)।

बोली कार्यक्रम सहित बोली दस्तावेज वेबसाइट **mahatenders.gov.in** पर 20.01.2025 को 17.01 बजे से उपलब्ध रहेंगे।

**कार्यकारी अभियंता (उलवे-।।)**

CIN - U99999 MH 1970 SGC-014574
www.cidco.maharashtra.gov.in
सिडको/जनसंपर्क/४०२/२०२४-२५

## उल्हासनगर महानगरपालिका

### वैदयकिय आरोग्य विभाग

### जाहिर आवाहन

राज्य शासनाच्या आदेशान्वये उल्हासनगर महानगरपालिकेच्या हद्दीमध्ये २१ वी पशुगणनेचे काम सुरु करावयाचे आहे. सदरचे वरील कामाकरिता पशुवैद्यकीय व्यावसायीक/पॅरावेट/पशुवैद्यकीय पदवी/पदविकाधारक आणि पशुवैद्यकीय विद्यार्थी हयांची मनपा परिक्षेत्रातील पशुगणना करण्यासाठी आवश्यकता आहे. तरी ज्या पशुवैद्यकीय व्यावसायिक / पॅरावेट / पशुवैद्यकीय पदवी/पदविका धारक आणि पशुवैद्यकीय विद्यार्थी यांना सदरचे काम करण्याची इच्छा आहे, त्यांनी उल्हासनगर महानगरपालिका, मुख्यालय, वैद्यकीय आरोग्य विभाग येथे सात दिवसांत दिनांक २१/०१/२०२५ पर्यत प्रत्यक्ष संपर्क साधावा. सदर कामाचे स्वरुप हे घर ते घर सर्व्हेक्षण करणे असून सदर कामाकरिता शासन स्तरावरुन प्रति घर भेट रु.८.१५/- या प्रमाणे मानधन देण्यात येणार आहे.

सही/-
(डॉ. मोहिनी धर्मा)
वैद्यकिय आरोग् अधिकारी
उल्हासनगर महानगरपालिका

जा.क्र.उपमा/पीआरओ/35/2025
दिनांक : 16/01/2025

### पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

# 48.11 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित



- 5.70 लाख बेटिकट यात्रियों पर की कार्रवाई
- -चालू वित्त वर्ष अप्रेल से दिसंबर 2024 तक के आंकड़े

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पू. सी. रेलवे) सभी वास्तविक यात्रियों को परेशानी मुक्त और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए नियमित, गहन टिकट जांच अभियान चला रही है। इन अभियानों का उद्देश्य बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाना है, ताकि वास्तविक यात्रियों को असुविधा न हो। अप्रेल से दिसंबर 2024 की अवधि के दौरान, बिना टिकट या अनियमित यात्रा के कुल 5,70,141 मामले दर्ज किए गए। इस प्रकार, ऐसे जांच एवं अभियान के परिणामस्वरूप किराया वसूली और अनधिकृत यात्रियों पर लगाए गए जुर्माने से लगभग 48.11 करोड़ रुपए की राजस्व आय हुई। इसी अवधि में, पू. सी. रेलवे ने रेलवे मजिस्ट्रेट की सहायता से अनधिकृत यात्रियों के खिलाफ आठ औचक टिकट जांच अभियान चलाए। परिणामस्वरूप, 448 व्यक्तियों पर मुकदमा चलाया गया, जिनमें से 380 को रेलवे अधिनियम के कानूनों का उल्लंघन करते हुए पाया गया। तदनुसार, उन लोगों पर जुर्माना लगाया गया, जो इन अभियानों के दौरान एकत्रित की गई कुल राशि लगभग 2.13 लाख रुपये थी। जुर्माने में किराया, दंड शुल्क और सरकारी शुल्क शामिल थे। बिना उचित टिकट या अधिकृत दूरी से अधिक यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त शुल्क और किराया देने का प्रावधान है। ऐसे मामले, जहां मांग पर यात्री भुगतान करने में विफल रहते हैं या मना करते हैं, उन्हें रेलवे अधिनियम, 1989 की प्रासंगिक धाराओं के तहत अभियोजन का सामना करना पड़ सकता है। पू. सी. रेलवे आम जनता से अपील करती है कि वे उचित और वैध टिकट के साथ यात्रा करें और असुविधा से बचने के लिए वैध पहचान पत्र साथ रखें। अब यात्री अपने स्मार्ट फोन पर अनारक्षित टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में अनारक्षित टिकट खरीद सकते हैं। यूटीएस एप्लीकेशन को एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्मों से डाउनलोड किया जा सकता है।

## भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी.

### पाणी पुरवठा विभाग

**ई-निविदा सूचना क्रमांक- 44 सन 2024-2025 (पहिल्यांदा प्रसिद्ध)**

खालील काम करण्यासाठी सक्षम व अनुभवी ठेकेदारांकडून ई-निविदा मागविण्यात येत आहे.

| अ. क्र. | कामाचा स्वरूप / अंदाजित खर्च / निविदा फॉर्म फी | निविदा विक्री व स्वीकारण्याची अंतिम दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र 20 अ साठेनगर येथे 100 मी.मी. व्यासाची पाईप लाईन टाकण्याबाबत. रु. 14,44,064/- रु. 2360/- | दिनांक 17/01/2025 ते दिनांक 31/01/2025 |
| 2 | वार्ड क्र 12 दुधबावडी रस्त्यावर गोल्डन हॉटेल जवळ काकूबाई चाळ येथे आरसीसी पुल व सीसी रस्ता बनविणे याकामाच्या असलेल्या पाईप लाईन स्थलांतरीत करणेबाबत. रु. 5,52,916/- रु. 2360/- | |

सदर निविदा बाबतची माहिती मनपा संकेतस्थळावर MAHATENDERS.GOV.IN वर दिनांक 17/01/2025 पासून उपलब्ध आहे.

कार्यकारी अभियंता (प्र.)
पाणी पुरवठा विभाग
भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी.

जा.क्र./ज. सं. वि./52
दि. 16.01.2025

## अंबरनाथ नगरपरिषद, अंबरनाथ

जा.क्र.अंनप/बांधकाम विभाग /2024-25/1423 दि. 15/01/ 2025

### कोटेशन नोटीस

अंबरनाथ नगरपरिषदेस खालील काम करावयाचे असुन, नोंदणीकृत ठेकेदार यांचेकडुन त्याबाबत सिलबंद कोटेशन्स मागविण्यात येत आहेत. ज्या कोणास सदर काम करावयाचे असेल त्यांनी सदर कामांचे दर सर्व करांसह बंद पाकीटात खाली सही करणार यांचेकडे दि. 23/01/2025 रोजी सायं. 3.00 वाजे पर्यंत आणून द्यावेत. तसेच आलेली कोटेशन त्याच दिवशी किंवा प्रशासनाच्या सोयीनूसार हजर कोटेशन धारकांसमक्ष उघडण्यात येतील. कोणतेही एक कोटेशन स्विकारणे अथवा नाकारणेचा अधिकार निम्न स्वाक्षरीकार यांनी राखून ठेवला आहे. तसेच खालील पैकी कोणतेही एक कागदपत्र सादर न केल्यास किंवा सादर केलेल्या कोणत्याही कागदपत्रात खरेपणा न आढळल्यास कोटेशन फेटाळण्यात येतील याची नोंद घ्यावी.

| अ. क्र. | कामाचे नाव | अंदाजित रक्कम रू. (GST वगळून) | इसारा रक्कम रू. |
|---|---|---|---|
| 1 | अंबरनाथ नगरपरिषद हद्दीतील मोरीवली प्राथमिक शाळेची दुरूस्ती करणे | र. रु. 7,05,276/- | र. रु. 7053/- |

**1) तांत्रिक बोलीचा लिफाफाक्र. 01**
अ) पॅनकार्ड
क) कॉन्ट्रॅक्टर परवाना.
ड) जी. एस. टी. नोंदणी प्रमाणपत्र.
इ) इसारा रक्कमेचा डी.डी

**2) वित्तीय बोलीचा लिफाफाक्र. 02**
अ) मूळ प्रतितील दरपत्रक.

**टिप :-** सदर कोटेशन नगरपरिषदेच्या www.ambarnathcouncil.net या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.
**प्रत :-** सुरक्षा विभाग नगरपरिषद नोटीस बोर्डावर प्रसिध्दीकरिता.

(अभिषेक पराडकर)
मुख्याधिकारी,
अंबरनाथ नगरपरिषद, अंबरनाथ

### मीरा भायंदर में राष्ट्रीय लंगड़ी खेल प्रतियोगिता

# मनपा के छात्रों ने पहली बार की सहभागिता

▶▶ आयुक्त ने छात्रों को दी शुभकामनाएं

**मीरा-भाईंदर।** राष्ट्रीय स्तर की लंगड़ी खेल प्रतियोगिता में पहली बार प्रतिनिधित्व करने पर मीरा- भाईंदर मनपा के आयुक्त और प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर ने 15 जनवरी को पीएम श्री स्कूल क्रमांक 22 के छात्रों का अभिनंदन किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। नौ से 12 जनवरी तक आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में 14वीं राष्ट्रीय जूनियर नेशनल चैंपियनशिप लंगड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह पहला मौका था जब पीएम श्री मनपा स्कूल क्रमांक 22 को राष्ट्रीय स्तर की लंगड़ी प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। मनपा स्कूल क्रमांक 22 की छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर उपांत्यपूर्व (सेमीफाइनल) तक का सफर तय किया। मनपा की स्थापना के बाद से अब तक किसी भी मनपा स्कूल ने राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया था। छात्रों की प्रतिभा को निखारने, उनके कौशल और खेल भावना को विकसित करने, और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने के उद्देश्य से, और खेल शिक्षक की कमी को देखते हुए, आयुक्त के प्रयासों से मनपा स्कूलों में 7 खेल शिक्षकों की नियुक्ति की गई। खेल शिक्षकों की नियुक्ति के बाद से छात्रों को नियमित रूप से कबड्डी, खो-खो, लंगड़ी, दौड़ जैसे प्रतिस्पर्धात्मक मैदानी खेलों का अभ्यास कराया जा रहा है। छात्रों के शारीरिक विकास को बढ़ावा देने, खेलों के दौरान समन्वय विकसित करने, और खेल भावना को प्रोत्साहित करने के लिए नियमित अभ्यास सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। आयुक्त ने कहा कि खेल शिक्षकों के सटीक मार्गदर्शन से भविष्य में भी मनपा स्कूल के छात्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में मीरा-भाईंदर शहर का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## मुख्य कार्यालय, विरार

विरार (पूर्व)
ता. वसई. जि. पालघर पिन ४०१ ३०५

दुरध्वनी : 0250 - 2525101/02/03/04/05/06
फॅक्स : 0250 - 2525107
ई-मेल : vasaivirarcorporation@yahoo.com
जावक क्र. : व.वि.श.म./बांध/शअ/201/24-25
दिनांक 16/01/2025

### जाहिर ई- निविदा सुचनेकरीता प्रथम वेळ मुदतवाढ

वसई विरार शहर महानगरपालिका क्षेत्रातील सार्वजनिक बांधकाम विभागाने दि. 08/01/2025 रोजी 3 कामांची ई-निविदा सुचना (https: // Mahatenders.gov.in) या अधिकृत संकेतस्थळावर जा.क्र./वविशम/बांध/शअ/160/2024-25 दि. 07/01/2025 अन्वये प्रसिध्द करुन दि. 08/01/2025 ते दि. 15/01/2025 रोजी दु. 3.00 वाजेपर्यंत ऑनलाईन मागविण्यात आल्या होत्या. सदर 3 कामांपैकी अ.क्र. 2 ह्या कामाला अल्प प्रतिसाद प्राप्त झाल्यामुळे सदर कामास खालीलप्रमाणे मुदतवाढ देण्यात येत आहे.

**मुदतवाढीचा तपशिल खालीलप्रमाणे :-**

1) ऑनलाईन ई-निविदा स्विकृतीची अंतिम दिनांक :- दि. 21/01/2025 दु. 3.00 वाजेपर्यंत
2) ऑनलाईन ई-निविदा उघडणेची दिनांक :- दि. 23/01/2025 दु. 3.01 वाजेपर्यंत

**(प्रदीप पाचंगे)**
**प्र. शहर अभियंता**
**वसई-विरार शहर महानगरपालिका**

## MAHATRANSCO — E.H.V. Civil Const. cum Maint. Division, Airoli

### SRM e-Tender Notice No. 15/2024-25

Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

Website: www.mahatransco.in email: ee7710@mahatransco.in

Online bids (SRM-e-Tenders) are invited for following work, from registered agencies.

| Sr. No. | RFx No. | Name of work | Estimated cost in Rs. |
|---|---|---|---|
| 1 | **7000034945** | Civil works for construction of cement concrete approach road from Pelhar-Nalasopara road upto 220kV Nalasopara Substation Tal. Wada, Dist. Palghar | 38,97,931.00 |
| 2 | **7000034946** | Civil works for asphalting of Pasthal colony internal road and raising height of storm water drain and fixing of razor coil for compound at Pasthal colony Dist. Palghar. | 45,69,165.00 |
| 3 | **7000034947** | Construction of four wheeler parking shed for SLDC staff and visitors at Kalwa Complex, Airoli Navi Mumbai. | 48,19,407.71 |

**Schedule**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Start date | From 10:00:00 Hrs 17.01.2025 |
| 2 | Submission dead line date | 31.01.2025 upto 23:59:59 hours. |
| 3 | Techno commercial response opening date | 01.02.2025 @ 11:00:00 hours. |
| 4 | Price bid opening date | 01.02.2025 @ 14:00:00 hours. |

Contact person: Miss. Ashwini Pawar, Assistant Engineer (Civil), Tel. No. 022-27601814 (O), Mob. 8793292312. For detailed information, please visit website:https://srmetender.mahatransco.in (Guest User.)

**Executive Engineer (Civil), Airoli.**

## महावितरण — जाहीर सुचना

महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

२२ के.व्ही सोनारपाडा स्विंचीग स्टेशन आणि २२० के.व्ही पालमधून निघणारी खालील वाहिनी देखभाल व दुरूस्तीचे कामाकरिता खाली दिलेल्या वेळेत बंद राहणार असुन या काळात कल्याण (पूर्व) विभागामधील खालील परिसरातील विद्युत पुरवठा पुर्णपणे बंद राहील याची ग्राहकांनी नोंद घ्यावी व म.रा.वि.वि.कंपनीस सहकार्य करावे ही विनंती.

| वाहिनीचे नाव | दिनांक | वेळ | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| २२ के.व्ही. सागांव नांदिवली वाहिनी (वाहिनी क्रं. ३०५) | १७.०१.२०२५ | १०.०० ते १४.०० | सागांव खालचापाडा, सागांव वरचापाडा, चेरा नगर, मानपाडा, शंखेश्वर नगर, सांघवी गार्डन, पी ॲन्ड टी कॉलनी |
| २२ के.व्ही. शिळ वाहिनी (वाहिनी क्रं. ३०१) | १७.०१.२०२५ | १०.०० ते १५.०० | शिळ, कटाई, घारीवली, कोळे गाव, हेदुटणे, घेसर, शिरढोण, वडवली |

**कार्यकारी अभियंता, कल्याण (पूर्व) विभाग**

# इमरजेंसी इतिहास का काला अध्याय : सीएम

- फिल्म देखकर फडणवीस ने की कंगना की तारीफ
- 17 को रिलीज होगी देशभर के सिनेमाघरों में

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' देखी। मंच पर पहुंचे और आपातकाल का सत्य दिखाने के लिए रनौत की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैं कंगना रनौत को हार्दिक बधाई देना चाहता हूं कि इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर उन्होंने फिल्म बनाई। आपातकाल वह समय था, जब सभी लोगों के मानवाधिकार छीन लिए गए थे। मुझे अब भी याद है जब अपने पिता से मिलने मैं जेल जाता था। मेरे पिता आपातकाल के दौरान जेल में थे और मैं केवल पांच वर्ष का था। इमरजेंसी के दौर को कंगना रनौत ने फिर से एक बार फिल्म के माध्यम से लोगों के बीच लाया है।**



### कंगना ने निभाई इंदिरा गांधी की भूमिका




कंगना पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। इमरजेंसी, 1970 के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के दौर पर आधारित है। हाल ही में फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई थी, जिसमें केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी शामिल हुए थे। रिलीज से पहले ही यह फिल्म विवादों में है। कंगना रनौत की फिल्म को लेकर कांग्रेस ने पहले ही कई सवाल उठाए हैं, तो वहीं पंजाब में एसजीपीसी ने फिल्म को बैन करने की मांग उठाई है।

**▶▶ कंगना का फिल्म में रोल सराहनीय**

कंगना का फिल्म में रोल सराहनीय है। हमारे लिए वैसे इंदिरा जी तो बहुत बड़ी थीं, वो देश के लिए नेता थीं लेकिन उस दौर में हमारे लिए विलेन थीं। मुझे लगता है कि इमरजेंसी हमारे देश के इतिहास में काली रात है, उस सच्चाई को देशवासियों तक पहुंचाना जरूरी है। मुझे लगता है कि आने वाली पीढ़ी को आपातकाल की सच्चाई मालूम होनी चाहिए। भारत के सिनेमाघरों में इमरजेंसी 17 जनवरी को यह फिल्म रिलीज होगी।

**▶▶ 10 बदलाव के बाद फिल्म को हरी झंडी**

चार महीने पहले सिख संगठनों की आपत्ति के बाद सेंसर बोर्ड ने फिल्म का सर्टिफिकेट रोक दिया था। बोर्ड ने इस फिल्म के तीन सीन हटाने के निर्देश दिए थे। साथ ही सख्त निर्देश भी दिए थे कि फिल्म रिलीज करने से पहले इसमें 10 बदलाव किए जाएं। इन बदलावों के बाद ही सेंसर बोर्ड ने फिल्म को हरी झंडी दी थी।

### पंजाब में 'इमरजेंसी' बैन की मांग

■ कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी 17 जनवरी को रिलीज होने वाली है। इस बीच सिख संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने फिल्म पर बैन की मांग कर दी है। एसजीपीसी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने पंजाब सरकार से यह मांग उठाई है। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि फिल्म 'इमरजेंसी' को पंजाब में चलने नहीं दिया जाएगा, क्योंकि यह सिखों को बदनाम करने के उद्देश्य से राजनीतिक तरीके से बनाई गई है।

# नागपुर में 50 से ज्यादा लड़कियों का शोषण

▶▶ काउंसिल कैंप के नाम ले जाता था बाहर
▶▶ आरोपी मनोवैज्ञानिक बच्चों को देता था परामर्श
▶▶ तीन मामले दर्ज, समिति गठित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नागपुर।** नागपुर में कॅरियर काउंसिल के बहाने बच्चियों को बाहर लेकर उनके साथ दुष्कर्म करने वाले मनोवैज्ञानिक की गिरफ्तारी पर सीपी डा. रविंदर सिंगल ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि मनोवैज्ञानिक के खिलाफ तीन मामले दर्ज किए गए हैं। एक समिति गठित की गई है। आरोपी ने पिछले 15 वर्षों में 50 से भी ज्यादा महिलाओं और बच्चियों से दुष्कर्म किया। इस मामले में एक खुलासा भी हुआ है। आरोपी के साथ उसकी पत्नी भी इस अपराध में शामिल थी। मीडिया से सीपी डा. रविंदर सिंगल ने कहा, कॅरियर काउंसिलर के खिलाफ तीन मामले दर्ज किए गए हैं। अन्य पहलुओं का पता लगाने के लिए मैंने व्यक्तिगत रूप से एक समिति बनाई है, जिससे नाबालिग सीडब्ल्यूसी के समक्ष अपना बयान दे सकें। वह नागपुर में कई वर्षों से काम कर रहा था। उसने कुछ बच्चों को एक आवास में आश्रय दिया था जहां से हमें कुछ सबूत मिले। उसके आधार पर हमने अपनी कार्रवाई की। उसकी पत्नी भी इसमें शामिल थी। उसकी संलिप्तता के आधार पर उस पर धाराएं लगाई जाएगी। पीड़ितों की संख्या बढ़ने की संभावना है।



**क्या है पूरा मामला**

47 वर्षीय आरोपी मनोवैज्ञानिक बच्चों को परामर्श देता था। वह काउंसिल कैंप के नाम पर बच्चों और बच्चियों को बहार लेकर जाता था और उनके साथ दुष्कर्म करता था। वह इलाके की महिलाओं के साथ छेड़छाड़ भी करता था। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद हुडकेश्वर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि आरोपी पूर्वी नागपुर में एक क्लीनिक और आवासीय कार्यक्रम चलाता था। उसके खिलाफ पोक्सो और एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वह उनकी अश्लील तस्वीरें लेता और बाद में उन्हें ब्लैकमेल करने के लिए इनका इस्तेमाल करता। एक पूर्व छात्र ने पुलिस को इसकी जानकारी दी।

## महाराष्ट्र सरकार ने की पुरस्कार राशि में बढोत्तरी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** राज्य सरकार के खेल एवं युवक सेवा निदेशालय और महाराष्ट्र खेल एसोसिएशन द्वारा बारामती में संयुक्त रूप से आयोजित 23वीं 'छत्रपति शिवाजी महाराज कप राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता' का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री अजित पवार के करकमलों से हुआ। उद्घाटन समारोह के अवसर पर उपमुख्यमंत्री पवार ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों, मार्गदर्शकों, प्रशिक्षकों और कबड्डी प्रेमियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि महाराष्ट्र के आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर आयोजित होने वाली कबड्डी, खो-खो, कुश्ती और वॉलीबॉल इन चार राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए अब तक दी जाने वाली 75 लाख रुपये की धनराशि बढ़ाकर एक करोड़ रुपये की जाएगी। उपमुख्यमंत्री पवार की इस घोषणा से देशी खेलों के प्रचार-प्रसार और खिलाड़ियों के विकास को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। उनकी इस पहल का खेल जगत में स्वागत हो रहा है।



छत्रपति शिवाजी महाराज कप राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

# श्रीलंकाई हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

▶▶ फर्जी आधार कार्ड अन्य दस्तावेज बरामद
▶▶ दस्तावेज बनाने वालों की तलाश

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मीरा भायंदर।** काशीगांव पुलिस ने एक श्रीलंकाई हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश तोगरवाड के निर्देश पर अपराध शाखा के पुलिस उपनिरीक्षक अभिजीत लांडे ,किरण बघडाणे सहित अन्य पुलिस कर्मियों में कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया हुआ था। इस ऑपरेशन के दौरान काशीगांव पुलिस स्टेशन परिसर में आनेवाले बियर बार लॉजिंग में काम करने वालों के साथ ही होटलों में आने वाले ग्राहकों के रजिस्टर की जांच कर रहे थे। पुलिस जब जांच कर रही तो उसे एक व्यक्ति पर संदेह हुआ। होटल के मैनेजर से जब उसका नाम जानना चाहा तो पता चला उसका नाम दिनेश कुमार है। पुलिस ने जब दिनेश का आधार कार्ड चेक किया तो वो फर्जी पाया गया जिसके बाद पुलिस ने उस कमरे की तलाशी ली जिसमे दिनेश रुका था। दिनेश कुमार के कमरे में फर्जी दस्तावेज मिलने के बाद जब पुलिस ने दिनेश से पूछताछ की तो उसने बताया की वो श्रीलंका का नागरिक है और उसका नाम अरुमहाद्दी जनिथ मधुसंघा है और गैंगवार के चलते उस पर एक हत्या का आरोप है। वर्ष 2015 में उसने हत्याकांड को अंजाम दिया था इस हत्याकांड में उसे श्रीलंका न्यायालय ने जमानत दी थी जिसके बाद वो फरार हो कर भारत आ गया था। अरुमहाद्दी वर्ष 2024 में समुद्री मार्ग से भारत के तमिलनाडु में प्रवेश किया था। काशीगांव पुलिस इस गिरफ्तारी के बाद जांच कर रही है की फर्जी आधार कार्ड सहित अन्य भारतीय दस्तावेज उसे किसने बना कर दिया है। श्रीलंका के इस हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने में पुलिस उपायुक्त प्रकाश गायकवाड़ ,सहायक पुलिस आयुक्त डॉ विजय मराठे के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक महेश तोगरवाड,किरण बघडाणे,अभिजीत लांडे ,प्रताप पाचून्दे ,विक्रात खंदारे ,उमंग चौधरी ,किरण विरकर ,रविंद्र सोनवणे ,नामदेव देवकाते ,अभिषेक ,सुनील ठाकुर ने विशेष भूमिका निभाई।



## 'मुंबई मैराथन प्रतियोगिता' 19 को




**मुंबई।** टाटा मुंबई मैराथन प्रतियोगिता, 2025 का आयोजन 19 जनवरी को सुबह पांच बजे से दोपहर 1:30 बजे तक मुंबई शहर में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का मुख्य मार्ग छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-हुतात्मा चौक-चर्चगेट-मरीन ड्राइव-पेडर रोड-हाजी अली-बांद्रा वर्ली सी लिंक-माहिम-प्रभादेवी-हाजी अली से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस तक रहेगा। इस अवसर पर मुंबई ट्रैफिक पुलिस द्वारा इस मार्ग पर यातायात पर प्रतिबंध लगाए जाएंगे। परिणामस्वरूप, इस मार्ग पर संचालित होने वाली बेस्ट बसें सायन, डा. बाबासाहेब आंबेडकर मार्ग-जे.जे. अस्पताल-वाड़ीबंदर-पी. डिमेलो रोड मार्ग से तथा सायन से माहिम-सेनापति बापट मार्ग-डॉ. ई. मोसेस मार्ग-महालक्ष्मी स्टेशन-सातरस्ता मार्ग से परिवर्तित की जाएंगी।

## सरकारी सेवाओं का लाभ उठाएं नागरिक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता


**ठाणे।** राज्य के नागरिकों को अधिकतम सरकारी सेवाएं मोबाइल फोन के माध्यम से उपलब्ध होनी चाहिए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को मंत्रालय में आयोजित राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस उद्देश्य के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली विकसित करने का सुझाव दिया। राज्य में विभिन्न विभागों की 969 सेवाएं अधिसूचित की गई हैं। इनमें से 536 सेवाएं आपले सरकार पोर्टल पर उपलब्ध हैं। संबंधित विभागों के पोर्टल पर 90 सेवाएं उपलब्ध हैं। हालांकि, लगभग 343 सेवाएं ऑफलाइन प्रदान की जाती हैं। तदनुसार, महाराष्ट्र लोक सेवा अधिकार अध्यादेश 2015 (महाराष्ट्र अध्यादेश क्रमांक 5, 2015) की धारा 3 (1) के अंतर्गत जिला कलेक्टर कार्यालय के अंतर्गत राजस्व कार्यालयों के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाती हैं। जिला कलेक्टर अशोक शिंगारे ने अधिक से अधिक नागरिकों से अपील की है कि वे निम्नलिखित परिशिष्ट (इसके साथ संलग्न) में उल्लिखित इन सेवाओं का लाभ उठाएं, जिसमें नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सार्वजनिक सेवाएं, समय सीमा, नामित अधिकारी, प्रथम और द्वितीय शामिल हैं।

आपले सरकार

■ 'आपले सरकार' पोर्टल पर 90 सेवाएं उपलब्ध

## यूपीएससी परीक्षा के साक्षात्कार के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण

**मुंबई।** यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित किया गया है। मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले और साक्षात्कार के लिए पात्र घोषित राज्य के छात्रों के लिए चार फरवरी से राज्य प्रशासनिक व्यवसाय शिक्षण संस्थान (एसआयएसी), मुंबई में साक्षात्कार प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संस्थान की निदेशक डा. भावना पाटोले ने दी। इस प्रशिक्षण का लाभ उठाने के लिए राज्य के छात्र 30 जनवरी से पहले siac@1915@gmail.com ईमेल पर आवेदन भेजें। साक्षात्कार प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण संबंधी निर्देश www.siac.org.in वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 022-22070942 पर संपर्क करें। यह जानकारी निदेशक, राज्य प्रशासनिक व्यवसाय शिक्षण संस्थान, मुंबई द्वारा दी गई है।



शिवसेना मीरा भायंदर में चलाएगी सदस्यता अभियान

# एक लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य : सरनाईक



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मीरा भायंदर।** ठाणे लोकसभा और विधानसभा में महायुति के प्रचंड जीत के बाद शिवसेना अब मीरा भायंदर में सदस्यता अभियान चलाएगी, जिसके अंतर्गत एक लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। यह कहना है महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक का। मीरा भायंदर मनपा चुनाव का बिगुल बज चुका है। 22 जनवरी को कोर्ट का निर्णय आनेवाला है। सरनाईक के अनुसार मनपा चुनाव में भी महायुति का बोलबाला होगा अधिक से अधिक उम्मीदवार चुनकर मनपा पहुंचेंगे। सरनाईक ने कार्यकर्ताओं-नेताओं को ताकीद देते हुए कहा कि आम जनता तक लोग पहुंचे उनकी समस्या को सुने निवारण का प्रयास करें। 23 जनवरी से नौ फरवरी तक सदस्यता अभियान के तहत आरोग्य शिविर,मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में डालने जैसे कई जनहित के कार्य किए जाने वाले है। नौ फरवरी को शिवसेना मुख्य नेता एकनाथ शिंदे का जन्मदिन है, इसी को ध्यान में रखते हुए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। सरनाईक शिवसेना जनसंपर्क कार्यालय पहुंचे थे, जहां मनपा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। सरनाईक ने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं नेताओं को सजग और सतर्क रहने के निर्देश दिए। सरनाईक ने कहा कि वे भले ही मंत्री बन गए हो पर वे जनता को पूरा समय देंगे जनता के सीधे संपर्क में रहेंगे। तत्कालीन सीएम एकनाथ शिंदे ने यहां के विकास के लिए तीन हजार करोड़ की निधि उनके प्रयासों के चलते उपलब्ध कराई थी।

# नालासोपारा में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

▶▶ कलश यात्रा 500 महिलाएं शामिल

**नालासोपारा।** 'योग भागवत भक्त परिवार' द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ एवं भव्य संगीतमय भागवत कथा का शुभारंभ 16 जनवरी से नालासोपारा पूर्व में राज माता नगर कपोल स्कूल के सामने मजीठिया पार्क नालासोपारा पूर्व में आयोजन किया गया है। गुरुवार को दोपहर लगभग 1.30 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें लगभग 500 से ज्यादा महिलाएं ने कलश लेकर कलश यात्रा में शामिल हुईं। जिसमें राधे राधे जय श्रीराम के नारों के साथ ही साथ इस यात्रा में भगवान की सुंदर झांकियां,मुख्य आकर्षण का केंद्र बना। यह कलश यात्रा आचोले तलाव से निकल कर चंदन नाका होते हुए गालानगर सर्कल,शंखेश्वर नगर होते हुए राजमाता नगर में पहुंची। "योग भक्त परिवार के हिंद सितारे दूबे, प्रवीण दुबे,आर आर सिंह,कृष्ण कुमार पाण्डेय(रवि),विनय शुक्ला, विवेक सिंह, संजय मास्टर,अरविंद दूबे, सुरेश पाण्डेय,अजय दुबे, सुधाकर दुबे, रोहित सिंह, अरविंद सिंह, जितेंद्र तिवारी,सतीश सिंह ,जगदीश सिंह, राकेश सिंह,लक्ष्मी कांत तिवारी, राजकुमार दूबे,ओम प्रकाश मिश्रा, अरविंद ओझा, राकेश त्रिपाठी, अरविंद शुक्ला, मंगला प्रसाद यादव, जयवंत सावंत दादा, संजय मिश्रा, संजय तिवारी, अखिलेश तिवारी, राम हित यादव, मुरली ठाकुर, राज किशोर शाहू, इत्यादि लोगों ने बताया कि प्रख्यात कथा वाचक पंडित विकास कृष्ण शास्त्री व्यासपीठ से कथा का अमृत रसपान करा रहे है।



# ठाणे में लाखों रुपए की एमडी के साथ नाइजीरियन गिरफ्तार

**दिनेश चन्द्र रावल/ जागरूक टाइम्स**

**ठाणे।** गोपनीय सूचना के आधार पर की गई करवाई में एक नाइजीरियाई ठाणे के डायघर पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर रिवरवुड पार्क, देसाई नाका, खिडकली रोड, शिल्डाईघर में ड्रग्स बेचने के लिए आ रहा है, ठाणे एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड ने छापा मारा और एक नाइजीरियाई नागरिक, जॉन जेम्स फ्रांसिस को गिरफ्तार किया। ओना चिदोजी एथेलबर्ट उर्फ जॉन इजुग्वा फ्रांसिस (45). हिरासत में लिया गया। कर्नायती पुलिस टीम ने 18 लाख रुपये मूल्य की 661.8 ग्राम 'एमडी' जब्त करने में सफलता प्राप्त की। ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे द्वारा ड्रग तस्करों और विक्रेताओं के खिलाफ ठोस कार्रवाई के आदेश के बाद, ठाणे एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड ने उन पर नजर रखना शुरू कर दिया। टीम को सूचना मिली कि एक नाइजीरियन व्यक्ति रविवार 12 जनवरी 2025 को मादक पदार्थ बेचने के लिए डायघर थाना क्षेत्र में आने वाला है। तदनुसार, नशा निरोधक दस्ते ने रात करीब 9:35 बजे देसाई नाका, खिडकली रोड, शिल्डाईघर, रिवरवुड पार्क के सामने जाल बिछाया। घटनास्थल पर एक नाइजीरियाई व्यक्ति, जेम्स फ्रांसिस उर्फ ओना चिदोजी एथेलबर्ट उर्फ जॉन इजुग्वा फ्रांसिस (45) पाया गया। मस्जिद बन्दर रोड, मुंबई और मूल पता। वह नाइजीरिया का नागरिक है। उनकी तलाशी के दौरान पुलिस ने 66 लाख 18 हजार रुपये कीमत का 661.8 ग्राम एमडी पाउडर जब्त किया। उसके खिलाफ दाईघर पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जब उन्हें ठाणे अदालत ले जाया गया तो पुलिस ने बताया कि अदालत ने उन्हें 17 जनवरी (शुक्रवार) तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार नाइजीरियाई तस्कर के खिलाफ मुंबई और ठाणे कमिश्नरेट क्षेत्रों में मामले दर्ज किए गए हैं। मुंबई के बांद्रा पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले में अदालत ने आरोपी जॉन जेम्स फैंसीसा को सजा सुनाई थी। ठाणे पुलिस ने बताया कि छह साल जेल में रहने के बाद रिहा होने पर उसे ठाणे एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड ने गिरफ्तार किया।



### डुक्ली कोडीन के साथ 460 कफ सिरप बोतल

■ नारकोटिक्स स्क्वायड ने 9 जनवरी 2015 को रात करीब 8:35 बजे आरोपी नौशाद अंसार अहमद शेख (45) निवासी मो. अबुजी अपार्टमेंट, गोवेनाका, कोनगांव, भिवंडी, और मोहम्मद तौकीर फारूक अंसारी (24) नागांव, ठाणे को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से अल्टोरेक्स-सीडी, आरएक्स कोडीन फॉस्फेट और ट्रिप्रोलिडाइन हाइड्रोक्लोराइड सिरप, 100 मिली कोडीन कफ सिरप जब्त किया गया और आरएक्स कोडिमोस्टार कोडीन फॉस्फेट और क्लोरफेनमाइन मैलेट सिरप कफ सिरप कोड 10 एमएल की 460 बोतलों का स्टॉक, 188 बोतलें, जिसकी कीमत 87,777 रुपए जब्त की गई।

# मुंबई में कई सुपर स्टार्स पर हो चुके हमले

▶▶ किसी को चाकू तो किसी को गोलियों से भूना
▶▶ सैफ अली खान पर हमले से सहम गया बॉलीवुड

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता


**मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर गुरुवार को उनके घर में कुछ अनजान लोगों ने चाकू से हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तुरंत लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस हमले के बाद उनकी सर्जरी की गई और उनका इलाज चल रहा है। लेकिन यह पहली बार नहीं है जब बॉलीवुड की किसी हस्ती पर जानलेवा हमला हुआ हो। इससे पहले भी कई बड़े बॉलीवुड सितारे हमलों का शिकार हो चुके हैं।**

### 1997 में गुलशन कुमार की हत्या



बॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्री के दिग्गज गुलशन कुमार की 1997 में मुंबई के अंधेरी स्थित एक मंदिर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गुलशन कुमार ने अंडरवर्ल्ड से प्रोटेक्शन मनी लेने से इंकार कर दिया था, जिसके चलते उनकी हत्या कर दी गई।

### 2000 में राकेश रोशन पर हमला



साल 2000 में हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और अभिनेता राकेश रोशन पर मुंबई के सांताक्रूज इलाके में दो हमलावरों ने गोलियों से हमला किया। वे इस हमले में बाल-बाल बच गए थे। यह हमला अंडरवर्ल्ड के बदले की भावना के चलते हुआ था, क्योंकि राकेश रोशन ने उनसे जबरन वसूली के लिए मांगी गई रकम नहीं दी थी।

### 2001 में प्रीति जिंटा ने दी थी गवाही



प्रीति जिंटा ने 2001 में फिल्म 'चोरी चोरी चुपके चुपके' के कानूनी मामलों में अंडरवर्ल्ड से जुड़े पैसे लेन-देन की गवाही दी थी। उन्हें 50 लाख रुपए देने की धमकी दी गई थी, लेकिन उन्होंने साहस दिखाया और अंडरवर्ल्ड के खिलाफ गवाही दी। इसके बाद उन्हें अंडरवर्ल्ड के निशाने पर आना पड़ा, लेकिन उनकी बहादुरी को आज भी याद किया जाता है।

### लॉरेंस बिश्नोई के निशाने पर सलमान



सलमान खान को कई बार जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं। खासकर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की ओर से, जिन्होंने 1998 में काले हिरण शिकार मामले में सलमान के शामिल होने का बदला लेने की धमकी दी थी। 2024 में सलमान के घर के बाहर गोलीबारी की घटना भी हुई, जिसके बाद उनकी सुरक्षा को Y+ स्तर तक बढ़ा दिया गया।

### शाहरुख को मिल चुकी धमकियां



बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान को भी जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं। 1990 के दशक में गैंगस्टर अबू सलेम ने उन्हें बार-बार धमकियां दी थीं। ये धमकियां आज भी जारी हैं, जिसके चलते 2023 में महाराष्ट्र सरकार ने शाहरुख को Y+ सुरक्षा प्रदान की है।

# बांध के पानी का सिंचाई में भरपूर उपयोग करें किसान

▶▶ जलसंपदा-आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन ने दिए निर्देश

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** बांध के पानी का नियोजन और प्रबंधन किया जाए। बांध की जल भंडारण क्षमता, वर्तमान जल स्तर की नियमित समीक्षा की जाए। पानी की उपलब्धता, किसानों की मांग और फसलों के प्रकार के अनुसार पानी का वितरण करते हुए बांध के पानी का सिंचाई के लिए पूरी क्षमता से उपयोग करने के निर्देश जलसंपदा (विदर्भ, तापी, कोंकण सिंचाई विकास महामंडल) और आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन ने दिए। विदर्भ सिंचाई विकास महामंडल की नियामक मंडल की बैठक मंत्री महाजन की अध्यक्षता में मंत्रालय स्थित उनके कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जलसंपदा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कपूर, लाभक्षेत्र विकास सचिव संजय बेलसरे, विदर्भ सिंचाई विकास महामंडल नागपुर के निदेशक सोनटक्के, मुख्य अभियंता अभय पाठक के साथ ही वित्त एवं नियोजन विभाग और विदर्भ सिंचाई विकास महामंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



**विशेष सूचना**

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# जैसलमेर में 72 घंटे जलापूर्ति ठप्प

- तीन दिन बंद रहेगी 700 गांवों की सप्लाई
- मरम्मत का होगा काम, पेयजल आपूर्ति होगी प्रभावित

### 700 गांव होंगे प्रभावित

पानी के 72 घंटों के शटडाउन के चलते जैसलमेर व बाड़मेर जिलों में पेयजल सप्लाई नहीं हो पाएगी। इस वजह से एक बार फिर पेयजल संकट गहराने की संभावना बनी हुई है। जलदाय विभाग के अधिकारियों ने आमजन से पेयजल का दुरुपयोग नहीं करने की अपील की गई है।
गौरतलब है कि पिछले वर्ष गर्मी के मौसम से शुरु हुई पेयजल समस्या का सर्दी के मौसम में भी समाधान नहीं हो पाया। पिछले सात माह से कभी वोल्टेज तो कभी लाइनों में लीकेज के कारण प्रोडक्शन डिमांड के मुताबिक कम हुआ।

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**जैसलमेर।** जैसलमेर व बाड़मेर शहर सहित इन जिलों के करीब 700 गांवों व रक्षा संस्थानों में एक बार फिर से पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने वाली है। इस बार वोल्टेज व लीकेज जैसी समस्या नहीं है। इस बार रखरखाव कार्य के चलते तीन दिन 72 घंटे का शटडाउन लिया जा रहा है। जिससे पानी का प्रोडक्शन शून्य हो जाएगा। ऐसे में एक बार फिर पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। जलदाय विभाग के एसई कैलाश चंद मीणा ने बताया- बाड़मेर लिफ्ट पेयजल परियोजना में 16 जनवरी दोपहर दो बजे से 19 जनवरी दोपहर दो बजे तक 72 घंटे का संपूर्ण शटडाउन रहेगा। इस दौरान पानी का प्रोडक्शन नहीं हो पाएगा। लेकिन हम अलग-अलग जगहों से पानी की सप्लाई की व्यवस्था करेंगे ताकि लोगों को परेशानी नहीं आए।




### मरम्मत का कार्य जरुरी

जलदाय विभाग के एसई कैलाश चंद मीणा ने बताया कि बाड़मेर लिफ्ट पेयजल परियोजना के प्रथम चरण के संचालन एवं संधारण का कार्य जलदाय विभाग क्षेत्र द्वितीय जोधपुर के अतिरिक्त मुख्य अभियंता द्वारा 14 नवंबर 2024 को मैसर्स गोदारा कन्स्ट्रक्शन कंपनी मलार को दिया गया है। पूर्व के मैसर्स वीबी चौधरी मेहसाना गुजरात द्वारा संचालन एवं संधारण से संबंधित कुछ आवश्यक कार्य जैसे संप की सफाई (संप में जमा मिट्टी निकालना) व पंप हाउस का संधारण आदि बाकी रहे थे। जिसके लिए पूर्व में 72 घंटे शटडाउन चाहा गया था। लेकिन सरकार के एक साल पूरे होने के कार्यक्रम व वित्त मंत्री बैठक होने के कारण शटडाउन नहीं मिल पाया। अब नहरबंदी से पूर्व शटडाउन लेकर संप की सफाई करवाई जाएगी।

# बर्ड फ्लू से चार और मृत कुरजां पक्षी मिली

### लखमना तालाब पर मिली मृत

### मृतक कुरजां पक्षियों का आंकड़ा पहुंचा 14

जैसलमेर जिले के देगराय ओरण इलाके के लूनेरी तालाब क्षेत्र में 11 जनवरी को छह कुरजां पक्षियों के शव मिले थे। इसके बाद 12 जनवरी को दो कुरजां पक्षी मृत मिले थे। सभी आठ मृत पक्षियों के विसरा को जांच के लिए भोपाल स्थित निषाद लैब भेजे गए थे। बुधवार को आई रिपोर्ट में मौत का कारण बर्ड फ्लू बताया गया है। इसके बाद से कुरजां पक्षियों में मौत का सिलसिला लगातार जारी है। 13 को दो व 15 को तीन व 16 जनवरी को एक और कुरजां पक्षियों के शव लखमना तालाब में मिलने पर प्रशासन अलर्ट हो गया है और शवों को दफनाया। दोनों ही तालाब देगराय ओरण इलाके में स्थित है जहां पर बड़ी संख्या में प्रवासी कुरजा पक्षी ने डेरा डाला हुआ है।

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**जैसलमेर।** जैसलमेर के देगराय ओरण इलाके में बर्ड फ्लू का कहर प्रवासी कुरजां पक्षी पर टूटा है। गुरुवार को देगराय ओरण इलाके के लखमना तालाब पर चार और मृत कुरजा पक्षी मिलने से सनसनी फैल गई। जिले में अब बर्ड फ्लू से मरने वाली कुरजां पक्षियों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। मौके पर मौजूद वन विभाग और पशुपालन की टीम ने मृत मिली कुरजा पक्षी को प्रोटोकॉल के हिसाब से दफनाया। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डाक्टर उमेश व्रंगतिवार ने बताया कि प्रशासन कि सभी टीम देगराय इलाके में अलर्ट है और पक्षियों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

### हॉटस्पॉट एरिया में जाने पर लगाई रोक

पशुपालन विभाग जैसलमेर के संयुक्त निदेशक डा. उमेश व्रंगतिवार ने बताया- हॉटस्पॉट एरिया में आम लोगों और पशुओं के जाने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। कुरजां पक्षियों की मौत के बाद से प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। कलेक्टर प्रताप सिंह ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की है।



### लोगों से भी सतर्क रहने की अपील

उन्होंने बताया- प्रवासी पक्षियों में बर्ड फ्लू का संक्रमण फैलने की चिंता बढ़ गई है। विशेषज्ञों के अनुसार यह संक्रमण पक्षियों से इंसानों में भी फैल सकता है। इस खतरे को देखते हुए आम जनता को सतर्क रहने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया- बर्ड फ्लू की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। प्रभावित क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जा रही है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने इस संकट से निपटने के लिए चिकित्सा, वेटरनरी और वन विभाग के अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित किया है।

# चार साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

### झगड़े व चेक बाउंस के मामले में थी तलाश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**राजसमंद।** राजसमंद की कुवारियां पुलिस ने चार साल से फरार स्थायी वारंटी को भीलवाड़ा से गिरफ्तार किया है। कुंवारिया थाना इंचार्ज सोनाली शर्मा ने बताया कि पुलिस ने भी चार साल से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी धनौली निवासी राकेश (39) पुत्र भवानी शंकर श्रीमाली को भीलवाड़ा शहर से गिरफ्तार किया है। शर्मा ने बताया कि लड़ाई झगड़ा एवं चेक अनादरण के मामले में आरोपी चार साल से फरार चल रहा था। इस दौरान व पुलिस को चकमा देते हुए अपनी पहचान छुपाकर रह रहा था। जिसे कॉन्स्टेबल हेमंत कुमार डांगी ने भीलवाड़ा शहर से गिरफ्तार किया है। बताया कि स्थायी वारंटी के उदयपुर व राजसमंद से वारंट जारी हुए है।

# पटवार संघ का अनिश्चितकालीन धरना जारी

- सभी कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर
- नौ सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन तेज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**जैसलमेर।** राजस्थान पटवार संघ की ओर से गिरदावरी ऐप में आवश्यक संशोधन और अन्य मांगों को लेकर शुरू किया गया गिरदावरी कार्य का बहिष्कार जारी है। संघ की नौ सूत्रीय मांगों को लेकर अब आंदोलन तेज हो गया है। 13 जनवरी से पटवारियों ने संपूर्ण कार्य बहिष्कार करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जैसलमेर कलेक्टर ऑफिस के बाहर भी पटवारियों का अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार को जारी है। जिलाध्यक्ष अशोक दान चारण के नेतृत्व में तीसरे दिन जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष पटवारियों का धरना जारी रहा। आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।




### तीसरे दिन धरना जारी

धरने के दौरान पटवारियों ने घोषणा की कि 16 जनवरी से सभी पटवारी सामूहिक अवकाश पर जाएंगे और धरना प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा 20 जनवरी को राज्यभर के सभी जिला मुख्यालयों पर पटवारियों द्वारा रैली और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन को और तेज करेंगे। धरने के दौरान पटवारियों ने अपने सरकारी वॉट्सऐप ग्रुप्स से भी बाहर निकलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रशासन से संवाद तभी संभव है जब उनकी मांगों को गंभीरता से लिया जाए। पटवारियों की हड़ताल के चलते राजस्व रिकॉर्ड संबंधी कार्य, कृषि योजनाएं व खाद्य सुरक्षा योजनाओं के काम अटक गए हैं।

### काम हो रहे प्रभावित

पटवारियों की हड़ताल के चलते नामांतरकरण, जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवास, सीमा ज्ञान, संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरण, राजस्व वसूली, पत्थरगढ़ी, नक्शा तरमीम, भूमि विभाजन, भूमि आवंटन, प्रमाण पत्रों की जांच, कृषि गणना, राजस्व रिकॉर्ड की प्रतिलिपि, जनसुनवाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, अतिक्रमण निस्तारण, पेंशन प्रकरणों की जांच, खाद्य सुरक्षा आवेदन जांच एवं भौतिक सत्यापन संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

# बाड़मेर में फरार तस्कर पुलिस की गिरफ्त में

### विघार्थियों के जरिए करता था एमडी और अफीम दूध की सप्लाई

- ड्रग्स दो करोड़ रुपए
- पुलिस ने दो स्टूडेंट, मकान मालिक सहित सात के खिलाफ मामला दर्ज किया था

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**बाड़मेर।** बाड़मेर कोतवाली पुलिस ने दो माह से फरारी काट रहे मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने किराए के मकान से दो स्टूडेंट के कब्जे से 987 ग्राम एमडी, 188 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया था। इससे मामले आरोपी ठिकाने बदलकर फरारी काट रहा था।
फिलहाल पुलिस मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त और सहयोगी आरोपियों को लेकर पूछताछ की जा रही है। इस मामले में मकान मालिक भी आरोपी है।

### विघार्थियों के पास मिला एमडी

पुलिस के अनुसार जिले की डीएसटी टीम और कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शहर के शास्त्री नगर मोहल्ले में हेमराज के घर पर दबिश दी। वहां पर किराएदार छात्र मनोहर लाल (19) निवासी सोमारड़ी सेड़वा (बाड़मेर) और भरत सिंह (27) निवासी धांधलों की ढाणी बाखासर (बाड़मेर) को डिटेन किया। घर की तलाशी में युवकों से 987 ग्राम एमडी, 189 ग्राम अफीम का दूध, 11 फर्जी नंबर प्लेट बरामद की गई। ड्रग्स की अनुमानित कीमत दो करोड़ रुपए की थी। इस मामले में पुलिस ने दो स्टूडेंट, मकान मालिक सहित सात जनों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जिसमें दो-दो स्टूडेंट मनोहरलाल, भरत सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। शेष आरोपियों की तलाश की जा रही थी। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि ड्रग्स तस्कर अशोक और पीराराम सहित अन्य की तलाश की जा रही थी। तकनीकी और सूचना के आधार पर धोरीमना थानाधिकारी बगडूराम व कोतवाल लेखराज सियाग की टीम ने अशोक पुत्र राम किशन निवासी माणकी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ को लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं शेष आरोपियों की तलाश में जुटी है।



### मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का भाव | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 845 | 840 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 256 | 252 |
| जिंक स्लैब | 278 | 273 |
| लीड इन्गॉट | 181 | 180 |
| टिन स्लैब | 2635 | 2628 |
| निकल | 1383 | 1385 |
| मेटल स्क्रैप | आज का भाव | पूर्व बंद |
| सभी दरें रुपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रैप | 800 | 797 |
| कॉपर हैवी स्क्रैप | 791 | 787 |
| कॉपर आर्मेचर | 781 | 778 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 735 | 731 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 533 | 529 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 575 | 568 |
| एल्युमिनियम | 195 | 193 |

लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 9152 | -500 |
| टिन | 29415 | +0 |
| लीड | 1928 | -2175 |
| जिंक | 2830 | -2475 |
| एल्युमिनियम | 2624 | -2500 |
| निकल | 15720 | +180 |

# राजसमंद : नागेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**राजसमंद।** राजसमंद में भिक्षु निलियम के पास नवनिर्मित श्री नागेश्वर महादेव शिखर मंदिर के पांच दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव गुरुवार को संपन्न हुआ। पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में नागेश्वर महादेव, माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय और नंदी की मूर्तियों की वैदिक मंत्रों के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। पंडितों द्वारा मूर्तियों का धान्याधिवास, जलाधिवास, सहित सभी अनुष्ठान मंत्रोच्चारण के साथ गुरुवार को पूर्ण किए गए। इसके बाद पूर्ण विधि विधान से सभी मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर पर कलश ध्वजादंड की प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान महादेव के गगन भेदी जयकारों लगाए गए जिससे वातावरण शिवमय हुआ। मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हवन की पूर्णाहुति हुई, जिसके बाद महाप्रसादी में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया।



# व्यापार जगत

### प्रधानमंत्री मोदी करेंगे उद्घाटन

# मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो आज से

- ग्रेटर नोएडा में कई गाड़ियां होंगी लॉन्च
- 17-22 जनवरी तक चलेगा एक्सपो



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जनवरी को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो के दूसरे एडिशन का उद्घाटन करेंगे। इसमें ऑटोमोबाइल, कंपोनेंट उत्पादों और टेक्नोलॉजी में 100 से अधिक नए लॉन्च होने की उम्मीद है। यह एक्सपो 17-22 जनवरी तक चलेगा। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025, ऑटोमोबाइल निर्माताओं से लेकर कंपोनेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स पार्ट्स, टायर और ऊर्जा भंडारण निर्माताओं, और ऑटोमोटिव सॉफ्टवेयर फर्मों और मटेरियल रीसाइकिलर्स तक मोबिलिटी इकोसिस्टम की पूरी मूल्य श्रृंखला को एक ही छत के नीचे लाएगा।

### कहां आयोजित हो रहा एक्सपो

वैश्विक एक्सपो तीन स्थानों - नई दिल्ली में भारत मंडपम, दिल्ली के द्वारका में यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित किया जाएगा।

### भारत कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट एक्सपो 2025

भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 19-22 जनवरी तक भारत कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट एक्सपो (भारत सीई एक्सपो) 2025 का पहला संस्करण भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें कंपोनेंट निर्माताओं, आपूर्तिकर्ताओं, वित्तपोषकों, प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाताओं और अन्य सहित सीई (निर्माण उपकरण) उद्योग की बड़े पैमाने पर भागीदारी की उम्मीद है।

### कौन कर रहा आयोजित

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा समर्थित वैश्विक एक्सपो का आयोजन उद्योग संघों द्वारा किया जा रहा है, जिसमें सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम), ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसीएमए), इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए), ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटीएम), इंडियन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईसीईएमए), नैसकॉम, इंडियन स्टील एसोसिएशन, मैटेरियल रिसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया और सीआईआई शामिल हैं। इसमें 5,100 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी होंगे और अनुमान है कि दुनिया भर से पांच लाख से अधिक लोग इसमें भाग लेंगे।

# सेंसेक्स 318 अंक की तेजी के साथ 77,042 पर बंद

### बीएसई स्मॉल कैप में 735 अंक की बढ़त रही

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**मुंबई।** सेंसेक्स 16 जनवरी को 318 अंक की तेजी के साथ 77,042 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 98 अंक की तेजी रही, ये 23,311 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉल कैप 735 अंक की तेजी के साथ 52,308 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 33 में तेजी और 17 में गिरावट रही। जबकि, एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में पीएसयू बैंकिंग सेक्टर सबसे ज्यादा 2.55% के बढ़त के साथ बंद हुआ।



### एशियाई बाजारों में दिखी तेजी

- एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.33% की बढ़त रही। कोरिया के कोस्पी में 1.23% और चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.28% की तेजी देखने को मिली। एनएसई के डेटा के अनुसार, 15 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 4,533 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 3,682 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। 15 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 1.65% की तेजी के साथ 43,221 पर बंद हुआ। एस एंड पी 500 इंडेक्स 1.83% ऊपर 5,949 बंद हुआ। जबकि नैस्डैक इंडेक्स में 2.45% की तेजी रही। गौरतलब है की अमेरिकी शॉर्ट-सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च बंद होने जा रही है। बुधवार देर रात कंपनी के फाउंडर नाथन एंडरसन ने इसकी घोषणा की। इस खबर के बाद अडाणी ग्रुप के शेयर्स में तेजी देखने को मिली। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्टों ने भारत के अडाणी ग्रुप और अडाणी इंटरप्राइजेज सहित कई कंपनियों को अरबों डॉलर का नुकसान पहुंचाया था।

# आपका राशिफल 17 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-2-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। दैनिक सुख सुविधा में वृद्धि होगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रखें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। शुभांक 3 5 7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। काम में लगे रहें लाभ होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। शत्रु से सावधान रहें। शुभांक-1-3-5

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-4-5

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। पत्नी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-2-4-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-1-3-5

# जुर्माने के खिलाफ एनसीएलटी पहुंची मेटा




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई के आदेश के खिलाफ मेटा प्लेटफॉर्म्स और व्हाट्सएप की याचिकाएं गुरुवार को स्वीकार कर लिया। सीसीआई ने बाजार प्रभुत्व के दुरुपयोग के लिए 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। इस मुद्दे पर मेटा और सीसीआई की प्रारंभिक दलीलें सुनने के बाद राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) की दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर विचार करने की आवश्यकता है। एनसीएलएटी की पीठ ने कहा, "हमारा मानना है कि पक्षों द्वारा प्रस्तुत दलीलों पर विचार करने की जरूरत है। हम दोनों अपीलों को स्वीकार करते हैं।" पीठ में इसके अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक भूषण भी शामिल थे। हालांकि, सीसीआई के आदेश पर रोक लगाने संबंधी अंतरिम राहत के बारे में एनसीएलएटी ने कहा कि वह अगले सप्ताह फैसला करेगा। कार्यवाही के दौरान, व्हाट्सएप और मेटा प्लेटफॉर्म की ओर से पेश हुए वकील ने अपीलीय न्यायाधिकरण से सीसीआई के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया। हालांकि, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की ओर से पेश हुए वकील ने इसका विरोध किया।

# सोना 79,184 रुपए पर पहुंचा

- 91,784 रुपए प्रति किलो बिक रही चांदी
- कैरेट के हिसाब से देखें गोल्ड की कीमत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में 16 जनवरी को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 760 रुपए बढ़कर 79,184 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का दाम 78,424 रुपए प्रति दस ग्राम था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 2,234 रुपए बढ़कर 91,784 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले ये 89,550 रुपए प्रति किलो पर थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

**चार महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,770 रुपए है।
**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,620 रुपए है।
**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 73,900 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 80,620 रुपए है।
**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,620 रुपए है।
**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,670 रुपए है।

# रानीवाड़ा की समस्त ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

## ▶▶ 134 कार्यों के 7 .24 करोड़ रुपए का लोकार्पण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा पंचायत समिति के सभी ग्राम पंचायतो के विकास कार्यो का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन गुरूवार को किया गया। जिसमे जिला प्रमुख राजेशकुमार राणा,विधायक रतन देवासी,प्रधान राघवेन्द्रसिंह देवडा,विकास अधिकारी हेमलता बिश्नोई,उप प्रधान महादेवाराम देवासी, सीबीईओ गजेन्द्रकुमार देवासी,नगर पालिका चैयरमैन जेठीदेवी,उपखण्ड अधिकारी सुनिलकुमार,तहसीलदार हनवन्तसिंह ने कार्यक्रम कार्यक्रम का रिमोन्ट के माध्यम से लोकार्पण किया गया। जिसमे सभी ग्राम पंचायतो के द्धारा किए गए विकास कार्यो का लोकार्पण टीवी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया। वही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला प्रमुख राजेशकुमार राणा ने सभी सरपंचो को बधाई देते हुए उनके विकास कार्यो की सराहना की। वही विधायक रतन देवासी ने कहा कि रानीवाडा पंचायत समिति के सभी ग्राम पंचायतो का विकास कार्य बहुत ही अच्छे तरीके से हुआ लोगो तक सरकार की योजनाओ का फायदा भी मिला वही सरपंचो को बधाई देते उनके कार्यो को लेकर सराहना की। ईधर प्रधान राघवेन्द्रसिंह देवडा,विकास अधिकारी हेमलता बिश्नोई,उप प्रधान महादेवाराम ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम मे वर्चुअल एक के बाद एक ग्राम पंचायत के विकास कार्यो को दर्शाया गया एंव लोकार्पण किया गया है। इस दौरान 134 कार्यो के 7.24 करोड रूप्यो के विकास कार्यो का लोकार्पण किया गया है। इस दौरान प्रधान राघवेन्द्रसिंह देवडा सहित सभी पंचायतो समिति के सदस्यो ने जिला प्रमुख एंव विधायक को ज्ञापन सौपकर रानीवाडा पंचायत समिति के भवन के ठप्प पडे विकास कार्य को शुरू करवाने की मांग की।

# स्वेटर वितरित कार्यक्रम आयोजित



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** किसान नेता व इंजिनियर जोराराम बिश्नोई की 11 वी पुण्यतिथि पर राउमावि निम्बोडा में स्वेटर वितरण किए गए। प्रधानाचार्य नारायणलाल जीनगर ने बताया की जोराराम बिश्नोई की 11वी पुण्य तिथि पर उनके सुपुत्र पुखराज बिश्नोई (प्रदेश सचिव कांग्रेस सेवादल), रमेश सारण व कमलेश बिश्नोई द्वारा स्थानीय विद्यालय में कक्षा 1 से 8 में पढने वाले जरूरतमंद विद्यार्थियों को भामाशाह व अतिथियों द्वारा स्वेटर वितरण किये गए। इस अवसर पर कार्यक्रम में टीकमसिंह राणावत, जेताराम खिलेरी, जगमाल देवासी, ओखसिह, बाबूलाल, जोराराम देवासी, गजाराम देवासी,तेजाराम चौधरी , खेताराम व शारीरिक शिक्षक दिनेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**भीनमाल।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन स्थानीय कचहरी रोड विद्यालय में 17 जनवरी को आयोजित हो रहा है, सम्मेलन के संयोजक जय करण खिलेरी के अनुसार सम्मेलन का उद्‌घघाटन 11:30 बजे मुख्य वक्ता सुभाष लाबा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ एवं अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा, भीनमाल के विधायक डॉ समरजीत सिंह, जिला प्रमुख राजेश कुमार राणा, पूर्व विधायक पूरा राम चौधरी पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई, जिला कलेक्टर जालौर सहित कई जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी शिक्षा विद भामाशाह की उपस्थिति में प्रारंभ होगा। सम्मेलन में राजस्थान के सभी जिलों से हजारों शिक्षकों की भागीदारी रहेगी सम्मेलन में शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे साथ ही महामंत्री द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें संगठन द्वारा आगामी दिनों में किए जाने वाले संघर्ष व आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी, सम्मेलन में प्रमुख वक्ता के रूप में ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रीय आंदोलन के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी सम्मेलन में विभिन्न जिलों के री डेलिगेट्स द्वारा शैक्षिक वार्ताएं प्रस्तुत की जाएगी, सम्मेलन में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रदेश स्तरीय संगठन आत्मक गतिविधियों, शिक्षकों की समस्याओं को लेकर किए गए आंदोलन की समीक्षा, आगामी दिनों में किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा, सम्मेलन की संयोजक जयकरण खिलेरी ने बताया कि सम्मेलन के द्वितीय सत्र में शैक्षिक चर्चा होगी तत्पश्चात विभिन्न शिक्षाविदों द्वारा शैक्षिक वार्ता आयोजित की जाएगी, सम्मेलन में समय कालीन कार्यक्रम के अंतर्गत शानदार सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी जाएगी।

# नर्मदा नहर में डूबे किशोर का मिला शव

## ▶▶ ग्रामीणों ने पानी पर बहता देख निकलवाया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सांचौर।** चितलवाना थाना क्षेत्र के अगड़ावा गांव में मंगलवार रात प्रवीण कुमार (14) पुत्र हनुमानाराम भील नहर में डूब गया, जिसका शव पनोरिया वितिरिका के हैउ पर तेरता दिखाई दिया । जिसे गुरूवार को बाहर निकाला गया । प्रवीण नहर के किनारे से अपने घर की ओर जा रहा था। रास्ते में अचानक उसका पैर फिसल गया और वह संतुलन खो बैठा। इसके चलते वह सीधा नहर में जा गिरा। स्थानीय लोगों को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचित किया जिस पर प्रशासन भी मौके पर पहुंचा , घटना मंगलवार रात की है, जब प्रवीण नहर किनारे बनी सड़क से अपने घर जा रहा था। अचानक संतुलनबिगड़ने से वह नहर में गिर गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत चितलवाना पुलिस को सूचित किया। हालांकि, रात होने के कारण तत्काल बचाव अभियान नहीं चलाया जा सका। बुधवार सुबह पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बचाव अभियान शुरू किया, जो पूरे दिन चला, लेकिन किशोर का कोई पता नहीं चल सका। प्रशासनिक लापरवाही के कारण एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर नहीं पहुंची। गुरुवार को ग्रामीणों ने पनोरिया वितरिका के हेड के पास शव को तैरते हुए देखा और प्रशासन को सूचित किया।स्थानीय तैराकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर शव को नहर से बाहर निकाला। शव को राजकीय अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखा गया है, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।

# भाजपा सरकार ने युवाओं को दी रोजगार की सौगात : श्रवण सिंह

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**सांचौर।** भारतीय जनता पार्टी जिला जालोर द्वारा युवा दिवस के उपलक्ष में मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह राव बोरली द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई ।भाजपा जिला मिडिया संयोजक भावेश सोनी ने बताया कि सांचौर में शिवशक्ति नगर मे आयोजित हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस प्रेस को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने कहा की स्वामी विवेकानंद की जयन्ती पर मुख्यमन्त्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के हजारो युवाओ को सरकारी नौकरी की सौगात दी भारतीय जनता पार्टी की सरकार भजनलाल जी के नेतृत्व मे लगातार युवाओ को रोजगार उपलब्ध कराने का काम कर रही है दुसरी ओर पिछली काग्रेस सरकार जहा युवाओ रोजगार का अता पता नही भी नही था बल्कि सरकारी लोग मिलकर पेपर लीक कराते थे भा ज पा सरकार ने युवाओ को न्याय दिया व रोजगार भी दिया प्रदेश की पहली सरकार जिसने युवाओ व बेरोजगारो के हित का ध्यान रखते हुए पहले वर्ष मे 1 लाख से ज्यादा नौकरिया और 47 हजार को नियुक्तिया दी तथा युवाओ से किए संकल्प को पुरा करते हुए 81 हजार पदो पर आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओ के लिए कैलेण्डर जारी किया मुख्यमन्त्री ने युवाओ से जो वादा किया था उसे पुरा करते हुए पारदर्शिता से भर्तीया आयोजित करवाई जा रही है इसके साथ ही 12 जनवरी को 30 हजार करोड़ से अधिक के विकास कार्य का लोकार्पण व शिलान्यास किया सरकार ने अपने संकल्प पत्र मे किये घोषणापत्र का 50 प्रतिशत वादे पुरे कर दिये भजनलाल जी के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रदेश के सर्वागीण विकास के लिए काम कर रही है आमजन को चिकित्सा व शिक्षा ओर रोजगार. सड़क. पानी बिजली जैसे मुलभुत सुविधा उपलब्ध करवाती जा रही है इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव जिला मिडिया संयोजक भावेश सोनी , नगर महामंत्री मांगीलाल दर्जी किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाड़सिंह राव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सायब खा उपस्थित रहे।

# कॉपीराइट एक्ट के तहत दो गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर में कोतवाली थाना और बिशनगढ़ पुलिस ने कॉपीराइट एक्ट में दो अलग-अलग कार्रवाई की हैं। पुलिस ने 137 इंजन ऑयल के नकली डिब्बे जब्त किए हैं। पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों से नकली ऑयल की खरीद को लेकर पूछताछ की जा रही है। बिशनगढ़ थानाधिकारी पन्नालाल ने बताया- 14 जनवरी को कपंनी के प्रतिनिधी ने बिशनगढ़ थाना क्षेत्र के बालोतरा रोड पर स्थित माजिसा ऑटो पार्टस की दुकान पर जाकर इंजन ऑयल चेक किया। इसमें 100 डिब्बे एक ही सीरियल नम्बर के और 32 डिब्बे एक ही बैच नम्बर के पाए गए। इन पर कंपनी के बार कोड भी नहीं लगे थे। डिब्बों पर नकली लेबल लगे मिले। सूचना पर आरोपी दुकानदार बिशनगढ़ थाना क्षेत्र के मुड़ी गांव निवासी पारसमल पुत्र गिरधारीलाल मेघवाल को कॉपीराइट अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया।





इसी प्रकार जालोर थाना क्षेत्र के थर्ड फेस स्थित टोल नाका के पास स्थित केजीएन टायर की दुकान पर जाकर इंजन ऑयल को चेक किया तो यहां नकली इंजन ऑयल के 5 डिब्बे भरे और एक खाली मिला। जिनको चेक किया गया तो सभी एक ही सीरियल नम्बर व बैच नम्बर के पाए गए। इन पर भी कंपनी के बार कोड नहीं लगे थे। सभी पर नकली लेबल लगा था। आरोपी दुकानदार तासखाना बावड़ी निवासी सिकन्दर खान पुत्र इब्राहिम खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों के खिलाफ कॉपीराइट अधिनियम में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान कार्यवाही टीम में थानाधिकारी पन्नालाल, हेड कॉन्स्टेबल ताराराम, कॉन्स्टेबल हीरसिंह, थानाराम, गुमनाराम, श्रवणकुमार व कोतवाली थाना से थानाधिकारी जसवन्तसिंह, एएसआई महिपालसिंह, हेड कॉन्स्टेबल महेन्द्रसिंह, कॉन्स्टेबल मेहराम, हरीश कुमार व चालक ओम प्रकाश रहे।

# इंस्टा पर शेर के नाखून, गैंडे की चमड़ी के कड़े!

## वन्य-जीवों के अवशेष फोरेंसिक जांच को भेजे



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** वन विभाग की टीम ने साफा हाउस से संदिग्ध शेर के नाखून, गैंडे की चमड़ी और हाथी दांत का ब्रेसलेट जब्त किया है। टीम को इंस्टाग्राम के जरिए वन्य जीवों के अवशेषों की तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद बोगस ग्राहक बनकर वन्य जीवों के अवशेष बेच रहे शोरूम मालिकों पर कार्रवाई की है। मामला सायला उपखंड क्षेत्र के सियावट कस्बे सायला थाना इलाके का बुधवार रात 10 बजे का है। वन विभाग ने इन नाखूनों को लैब में जांच के लिए भेजा है।

# ज्ञान विज्ञान की परंपरा में भारत हमेशा अग्रणी रहा : संदीप जोशी




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** जुंजाणी के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत एक्सपर्ट टॉक का आयोजन शिक्षाविद संदीप जोशी, पीएमश्री प्रभारी देवेश सिंह दुआ व कार्यक्रम अधिकारी नृसिंह गिरी एवं प्राचार्य शांतिलाल जीनगर की मौजूदगी में हुआ। प्राचार्य शांतिलाल जीनगर ने बताया कि पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुंजाणी में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत एक्सपर्ट टॉक में शिक्षाविद संदीप जोशी ने बताया कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का हिस्सा रहा है। विज्ञान व गणित में आविष्कार का भारत का लोहा विश्व ने माना है। कलाम, अटल, रामानुजन, ब्रह्म गुप्त, व्हेनसांग के कार्यों का बखान भी किया। विद्यार्थियो को नैतिक, आध्यात्मिक एवं चारित्रिक बल से युक्त स्वस्थ दिनचर्या की पालना करनी चाहिए। भारत को 2047 तक विश्व पटल पर विकसित भारत की पताका फहराने में विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक, शासन सभी की अहम भूमिका होने वाली हैं। पीएम श्री प्रभारी व कार्यक्रम अधिकारी ने लक्ष्य का महत्व, पीएम श्री गतिविधियों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। नृसिंह गिरी कार्यक्रम अधिकारी ने मेंटर मेंटी, नशा मुक्ति, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव पर जानकारी दी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षाविदो ने साइंस व मैथ्स सर्किल की विविध गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया। टीएलएम निर्माण, लिखित परीक्षा, क्विज परीक्षा, कलाम, रामानुजन जयंती, सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति, उत्कृष्ट खिलाड़ी को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन राजेश कुमार ने किया।

# बैलगाम ट्रैफिक में जाम सांचौर का ट्रैफिक कंट्रोल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सांचौर।** शहर में ट्राफिक व्यवस्था के अभाव में शहर के मुख्य मार्गो पर जाम लगा रहता है। जिससे आवागमन को लेकर लोगो को भारी परेशानी हो रही है। शहर के पीडब्लूडी रोड़ जाम की स्थिति ने पुरे शहर की सांसे अटका रखी है इस दौरान ट्रेफिक को संभालने के लिये यातायात विभाग का कोई पुलिस कर्मी दिखाई नहीं देता है,ऐसे में भारी परेशानी होती है। वहीं दुसरी ओर सावो के दिनभर बाजार में भीड़-भाड़ होने व सुचारू ट्राफिक व्यवस्था के अभाव में हर आधे घंटे में जाम की स्थिति रहती है। ऐसे में आवश्यक कार्य से बाजार में जाना भी दुभर हो जाता है। शहर के मुख्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में बाजार का नजारा देखने पर नगर परिषद की भी पोल पूर्ण रूप से खुल जाती है, नगर के सब्जी मंडी, बिश्नोई धर्मशाला, हाड़ेचा बस स्टेशन, पुरानी एसबीबीजे, रानीवाड़ा रोड़ पर खड़े हाथ ठैले व परेशानी का कारण बन जाते है ।

**नगर परिषद व पुलिस प्रशासन को करनी होगी सख्त कार्यवाही :** नगर में यातायात व्यवस्था को बहाल रखने के लिये नगर परिषद व पुलिस को मिलकर कार्यवाही करनी होगी तभी शहर की स्थिति सुधर पायेगी, पालिका प्रशासन की ओर से इस कार्य के लिये जो लाईनिंग का कार्य किया गया है इससी सख्ताई से पालना जरूरी है, जिससे जहां हाथ ठैले जहां अपनी मनमर्जी से लाईनिंग का उल्लघंन नहीं करे, वहीं व्यापारी भी दुकान का सामान लाईनिंग से बाहर नहीं रखे ताकि शहर की यातायात व्यवस्था के साथ शहर का सौन्दर्य भी नहीं बिगड़े।

# बाबूलाल कालमा की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित

## ▶▶ फाउंडेशन समाजसेवी कार्यों को जारी रखने का लिया संकल्प

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** बाबूलाल कालमा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर कालमा फाउंडेशन द्वारा नहार ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में मुकेश, डॉ. कीर्ति, लवजीत सिंह, जितेंद्र, रमेश फुलवारिया, प्रेस कुमार पप्पू, मादाराम राणा, और जगदीश राणा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी ने इस पुनीत कार्य में भाग लेते हुए समाज सेवा का संदेश दिया। कालमा फाउंडेशन ने इस आयोजन के माध्यम से समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए पहल की। आयोजकों ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे जीवन बचाने वाला कार्य बताया और सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। फाउंडेशन ने भविष्य में भी ऐसे समाजसेवी कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया। स्थानीय नागरिकों ने इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

**मध्य रेल**

**DYCECPA_E-Tender 24-25_02**
**Date: 14.01.2025**

उप मुख्य अभियंता (निर्माण), पुणे निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करता है: घोरपडी कोचिंग मेंटेनेंस कॉम्प्लेक्स (जीसीएमसी) पुणे से हडपसर के बीच अतिरिक्त/स्थानांतरण लाइन का सिविल और पी.वे निर्माण कार्य। जी.सी.सी. में सुधार पर्ची संख्या 9 को शामिल करने के शुद्धिपत्र संख्या 1 के साथ - अप्रैल 2022। **लागत:** रु. 21,43,30,255.93/-; **ई.एम.डी.:** रु. 12,21,700/-; **पूर्णता अवधि:** 12 महीने, **रखरखाव अवधि:** 6 महीने। **प्रस्ताव की वैधता:** 90 दिन। **समापन तिथि और समय:** दो पैकेट प्रणाली: 07.02.2025 को 15.00 बजे तक। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ।

खतरनक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है PA-36

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

(हायड्रोलिक इंजीनियर्स विभाग)

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा आईडी | **2025-एमसीजीएम-1137858** |
| संस्था का नाम | **बृहन्मुंबई महानगर पालिका** |
| विषय | सिटी एरिया के वॉर्डस में आवश्यकतानुसार रख्रखाव हेतु आवश्यक विभिन्न साइज के मैटलिक सामग्री की आपूर्ति। |
| जांच शुल्क | रु. 3894/- (3300+ 18% जीएसटी) |
| ई-निविदा लागत (अनुमानित लागत) | लागू नहीं |
| बोली प्रतिभूति/ईएमडी | रु. 20,000/- (ऑनलाइन भुगतान) |
| समय अवधि | 01 माह। |
| निविदा जारी एवं विक्रय की दिनांक | 17.01.2025 को 11.00 बजे से |
| निविदा विक्रय अंतिम दिनांक व समय | 23.01.2025 को 12.00 बजे तक |
| लिफाफा ए, बी तथा सी (ऑनलाइन) तथा बोली प्रतिभूति जमा करना | 23.01.2025 को 16.00 बजे तक |
| प्री-बिड मीटींग | इस निविदा पर लागू नहीं |
| लिफाफा ए खुलना | 24.01.2025 को 12.05 बजे पश्चात |
| लिफाफा बी खुलना | 27.01.2025 को 12.10 बजे पश्चात |
| लिफाफा सी खुलना | 04.02.2025 को 15.00 बजे पश्चात |
| वेबसाइट | http://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति | 1. श्री एम.एस. पाठारे (एसई): 9930260496<br>2. श्री एन.एम. धोंडगे (एई) : 9930260569 |
| संपर्क हेतु पता | कार्यालय कार्यकारी अभियंता (मेंटेनेंस) मीटर वर्कशॉप, बीएमसी, 566, एन.एम. जोशी मार्ग, एस ब्रिज के पास, भायखळा (प), मुंबई 400011 ई-मेल आईडी: aewwmcity01.he@mcgm.gov.in |
| बोली खुलने का स्थान | कार्यालय कार्यकारी अभियंता (मेंटेनेंस) मीटर वर्कशॉप, बीएमसी, 566, एन.एम. जोशी मार्ग, एस ब्रिज के पास, भायखळा (प), मुंबई 400011 में ऑनलाइन |

**यह निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय है।**
बीएमसी के पास किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या उक्त विषय में प्राप्त किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित

हस्ता./-
PRO/2247/ADV/2024-25 डीवाय. हायड्रोलिक इंजीनियर (मेंटेनेंस)

छतों को साफ रखें, अटाला/पुराना/सामान का निपटारा करें।

# धरने के 19वें दिन बांवरला के ग्रामीणों ने संघर्ष समिति को दिया समर्थन

- धरना व विरोध प्रदर्शन कर निकाली रैली
- जिला बहाल करने की मांग
- एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** भाजपा सरकार द्वारा सांचौर जिला खत्म करने के विरोध में सांचौर संघर्ष समिति के तत्ववाधान में सांचौर मुख्यालय पर धरना 19 वें दिन जारी रहा, इस दौरान ग्रामीणो ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार द्वारा सांचौर जिला खत्म कर उनके हितो के साथ अन्याय किया है, जिसे किसी भी परिथिति में स्वीकार नहीं करने की चेतावनी देते हुए कहा कि सांचौर मुख्यालय से डेढ सौ किमी जाना संभव नही है, उन्होने जिला बाहल करने की मांग की ।इस दौरान ग्रामीणो ने आक्रोश रैली निकाली व सीएम के नाम ज्ञापन दिया ।जिसमें बताया कि सरकार ने पूर्व सरकार द्वारा घोशित सांचोर जिले को 28 दिसम्बर 2024 को निरस्त कर दिया गया है। परन्तु डींग, खेरथल व सलुम्बर जिले जो आबादी के हिसाब से सांचैर जिले के करीब-करीब बराबर हैं। डींग जिले की भरतपुर जिले से मात्र 35 किमी दूर, खैरथल जिला अलवर जिले से मात्र 45 किमी दुर व सलुम्बर जिला उदयपुर जिले से 70 किमी दूर है। जबकि सांचैर जिला जालोर जिले से 145 किमी दूर व अंतिम गांव आकोड़िंया रणखार करीब 250 किमी दूर हैं। पूर्व सरकार द्वारा गठित रामलुभाया कमेटी ने नवगठित जिलों में दूरी व आबादी को मानकर नये जिले गठित किये थे। जबकि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा कौनसे आधार पर जिलों को निरस्त किया गया कोई स्पश्ट नहीं हैं। सांचैर जिला बनने से जिला मुख्यालय नजदीक होने पर आमजन के लोगों के सभी जिले स्तर के कार्य जल्द होने लगे व आर्थिक बोझ भी ज्यादा नहीं रहा। सांचैर जिलेवासियों ने 25 सितम्बर 2024 से 2 अक्टुम्बर 2024 तक जिला मुख्यालय सांचैर के आगे अनषन व महापड़ाव किया था। भाजपा सरकार को सांचैर जिला निरस्त नहीं करने के बारे में भी चैताया था। किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार की जिम्मेदारी बनती हैं कि जनहित में लिए गए निर्णय किसी भी सरकार ने लिए हो प्रत्येक आने वाली सरकारे उन कार्यो को आगे बढाती हैं परन्तु वर्तमान भाजपा सरकार ने पिछले डेढ साल से व्यवस्थित तरीके से चल रहे सांचैर जिले को निरस्त कर बहुत बड़ी भूल की हैं। हम उसकी कड़ी निंदा करते हैं सांचैर जिलेवासियों मैं सांचोर जिले को निरस्त करने पर लोगों में भंयकर आक्रोष हैं ऐसी स्थिति में हम ज्ञापन के जरिये आपको सूचित करते हैं कि जब तक जिला पुनः घोशित नहीं होता हैं तब तक हमारा धरणा जारी रहेगा। सांचौर जिले को पुनः बहाल किया जाकर यथावत रखा जाए। इस दौरान पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई, भीमाराम चौधरी, राजुराम बागड़वा पंचायत समिति सदस्य, किषनलाल लोल, लक्ष्मणराम बावरला, भगराज चैधरी डडुसन, घमाराम विष्नोई, प्रकाष कुमार परावा, हिरालाल विष्नोई, मंगलाराम विष्नोई, प्रकाष गोदारा डडुसन, भारमलराम विष्नोई डडुसन, उम्मेदसिंह राजपुत बावरला, किषनाराम ढाका सरवाना, भंवरलाल लोल बावरला, खमुराम लोल बावरला, भीयाराम लोल, तलकाराम बांवरला, श्रवणकुमार, कमलेष बांगड़वा, पुनमाराम गोदारा डडुसन, भांगीरथराम बांगड़वा, सांवलाराम सुथार, चैथाराम बांगड़वा डडुसन, बिरबल सियाक, सुखराम जाणी, सरदाराराम देवासीख् राणाराम पंवार, जगदीष गोदारा डडुसन, आसूराम बांगड़वा डडुसन , गणपतलाल बांगड.वा, कालुराम सियाक, डुगराराम गोदारा, हिराराम गोदारा, प्रवीण कुमार बांगड़वा, सतीष बांगड़वा, भारमल गोदारा, जयकिषन मांजु, गणपतलाल बांगड़वा, राजुराम ढाका, गंगाराम , जयकिषन, आसुराम, पुनमाराम, रमेष कुमार मेघवाल, गंगाराम बावरला, छगनलाल मेघवाल बावरला, सेधाराम मेघवाल बावरला, मोहनलाल बावरला, भगवानाराम गुरू धमाणा का गोलिया, रघुनाथाराम पंवार, नवरत्न पंवार, भंवरलाल गोदारा डडुसन, छैलसिंह चैहान, जगदीष ढाका, रामावतार विष्नोई, मोहनलाल विष्नोई, कुपाराम चैधरी, पीराराम देवासी फालना, केवलचन्द जैन पार्शद सांचैर, रामकिषन विष्नोई, जयकिषन ढाका, बाबुलाल गोदारा, कानाराम कोली, पन्नाराम मोदी, विराराम चैधरी, हरीराम सुथार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजुद रहें। ज्ञापन में बताया कि उनका धरना व मासिक महापड़ाव जारी हैं। 17 जनवरी को ग्राम पंचायत गोलासन ग्रामप के लोग भाग लेंगे ।



## सुविचार

सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास से हर मुश्किल को आसान बनाया जा सकता है।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## अंतरिक्ष में बढ़ता प्रभाव

इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) अपने स्पेस डाकिंग एक्सपेरिमेंट (SpaDeX) मिशन के साथ इतिहास रच दिया। इसरो ने अपने स्पेस डाकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन के तहत दो सैटेलाइट्स के डाकिंग प्रोसेस को पूरा कर लिया। इसरो ने पहली बार पृथ्वी की कक्षा में दो उपग्रह सफलतापूर्वक स्थापित किए हैं। इसके साथ ही भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया में चौथा देश बन गया है। इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन ने यह काम किया है। यह वाकई भारत के लिए गर्व का पल है। इस मौके पर पीएम मोदी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए इसरो को बधाई दी है। इससे पहले 7 और 9 जनवरी को तकनीकी कारणों से इसे टाला गया था। 12 जनवरी को ISRO ने एक परीक्षण किया था। जिसमें उपग्रहों को 3 मीटर की दूरी तक लाया गया था और फिर आगे के विश्लेषण के लिए उन्हें सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया था। मिशन के तहत अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोड़ने के लिए चौथी बार कोशिश की की थी। इस बार वैज्ञानिकों को सफलता मिल गई। वैज्ञानिकों की पूरी टीम ने जानकारी का विश्लेषण किया और इस ऑपरेशन की सफलता की पुष्टि की। डेटा की समीक्षा पूरी होने के बाद आधिकारिक घोषणा भी कर दी गई। इसरो ने अपने बयान में कहा कि दो उपग्रहों को जोड़ने के बाद, दोनों को एक ही वस्तु के रूप में कंट्रोल करने में सफलता मिली है। वहीं, इसरो ने भी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए अपनी पूरी टीम को बधाई दी है। यह देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। 15 मीटर से 3 मीटर होल्ड पॉइंट तक लाने का प्रोसेस पूरा हुआ। स्पेसक्राफ्ट को सफलतापूर्वक कैप्चर किया गया। वहीं इस सफलता पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि इसरो में हमारे वैज्ञानिकों और पूरे अंतरिक्ष समुदाय को सैटेलाइट्स के डाकिंग के सफल प्रदर्शन के लिए बधाई। यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दरअसल, स्पेस डाकिंग एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें दो अंतरिक्ष यान या सैटेलाइट एक दूसरे के पहले बहुत करीब आते हैं। फिर एक साथ जुड़ जाते हैं। यह एक जटिल प्रक्रिया होती है। इसे खासतौर पर अंतरिक्ष अभियानों में इस्तेमाल किया जाता है। डाकिंग कराने के पीछे कुछ अहम मकसद भी होते हैं। ऐसा करके दो उपग्रहों को एक दूसरे से जोड़कर डेटा शेयर किया जाता है। स्पेस डाकिंग के दौरान एक अंतरिक्ष यान को दूसरे यान के पास लाकर उसे बेहद नियंत्रित तरीके का इस्तेमाल कर उन्हें जोड़ना पड़ता है।

### 76वां गणतंत्र दिवस

# संविधान पर हो सार्थक बहस..!!




मनोहर मनोज

देश में संविधान के 75 साल के सफर पर पिछले दिनों (संसद के शीतकालीन सत्र में) जो दो दिन की बहस हुई, वह निश्चित रूप से एक स्वागत योग्य पहल थी; लेकिन संविधान के जिन जिन पहलुओं पर वहां बहस की गई वह देश के पॉलीटिकल थियेटर का महज एक स्टीरियोटाइप आख्यान ही था। दलीय लोकतंत्र के दबाव में पार्टी लाइन आधारित टाइप्ड भाषण और उबाऊ पॉलीटिकल नैरेटिव से भरे संवादों के इतर संसद के इस बहस में भारतीय संविधान की एक संपूर्ण, ईमानदार और समालोचनात्मक बौद्धिक विमर्श का इसमें सर्वथा अभाव था। संसद में संपन्न इस बहस में राजनीतिक पार्टियों के आरोपों-प्रत्यारोपों और राजनीतिज्ञों में अपने को इतिहास पुरुष तथा अपने प्रतिद्वंद्वी को गलत साबित करने की होड़ ही दिखाई पड़ी। हालांकि कुछ भाषण प्रभावशाली भी थे, लेकिन कुल मिलाकर ये सभी भाषण पॉलीटिकल करेक्टनेस की चासनी से ही सराबोर थे। इसलिए 76वें गणतंत्र के मौके पर देश में बुद्धिजीवियों के बीच संविधान पर सार्थक बहस होनी चाहिए।

- इमेज

पिछले दिनों देश ने अपनी सबसे बड़ी पंचायत (संसद) के पटल पर दुनिया के सबसे बड़े भारतीय संविधान की एक बेहतरीन मीमांसा का एक बेहद ख़ास मौक़ा गवां दिया। देश के लोकतंत्र, बहुपहचानीय समाज और आधुनिक शासन पद्धति तथा उच्च कोटि की सुशासन व समावेशी राजव्यवस्था के मद्देनजर भारतीय संविधान के कई पहलुओं पर नजर डालना बेहद जरूरी था। मसलन भारत में असल व आधुनिक लोकतंत्र का प्रसार, इसका राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक विभिन्नता व भौगोलिक अखंडता, धर्मनिरपेक्षतावाद और सामाजिक न्याय व अवसर की समानता। मोटे सैद्धांतिक तौरपर भारतीय संविधान की व्याक्खा इन चारों कसौटियों को ध्यान में रखकर की जा सकती थी। उपरोक्त चारों कसौटियों पर भारतीय संविधान की कार्यगत सफलता का पैमाना इस बहस के जरिये बड़े अच्छे तरीके से निर्धारित किया जा सकता था। मिसाल के तौर पर भारत में लोकतंत्र को लेकर ये बातें जरूर कही गई कि एक दल ने आपातकाल लाकर लोकतंत्र का गला घोंटा तो दूसरे ने कहा कि आपातकाल वह दौर तो एक निर्धारित समय के लिए ही था, लेकिन अभी तो एक दशक से देश में अघोषित आपातकाल लगा है। दोनों बातें ठीक हैं पर इसे लेकर दोनों ही पक्षों को यह भी आत्मावलोकन करना होगा कि हमारा लोकतंत्र देश के राजनीतिक दलों के मठाधीशों के मनमर्जीवाद की कोटरी में क्यों कैद है? हमारा दल आधारित लोकतंत्र देश में सभी लोगों की लोकतांत्रिक भागीदारी और सर्वथा योग्य उम्मीदवारी को कहीं से भी प्रोत्साहित क्यों नहीं नहीं करता? किसी भी लोकतंत्र में व्यक्ति पूजा और राजनीतिक दलों के एकाधिकार या द्वैधाधिकार के लिए जगह नहीं होनी चाहिए। ठीक है कि अमेरिका में भी दो दलीय प्रणाली अस्तित्व में है, पर वहां अच्छी बात यह है कि कोई कितना भी लोकप्रिय राष्ट्रपति क्यों न हो, उसे अधिकतम दो बार ही इस पद को पाने का मौका मिलता है। भारत में लोकतंत्र की असलियत ये है कि कोई भी अपराधी, अज्ञानी, सामंत, भ्रष्टाचारी अपने सभी कुकृत्यों को इसकी आड़ में छिपा सकता है, यदि वह सत्ताधारी दल में शामिल हो जाता है।

ये ठीक है कि संसद में संपन्न इस बहस में उस राजनीतिक वंशवाद पर भी चर्चा



हुई, जिसमे संलग्न तमाम दलीय नेता इस आधुनिक काल में भी भारत के मध्ययुगीन सामंतों की याद दिलाते हैं। बहस के दूसरे आधारभूत पहलू राष्ट्रवाद को लेकर बात की जाए तो भारत के राष्ट्रवाद की एक व्यापक रूपरेखा व सहमति संविधान के जरिये भारत के सभी दलों में अनुगूंजित व मान्य होनी चाहिए। मिसाल के तौर पर एक दल जहां भारत माता की जय लगाकर राष्ट्रवाद को पोसने की बात कर इतने गंभीर मसले का सरलीकृत कर देता है, वहीं दूसरा दल देश के सांप्रदायिक विभाजन को स्वीकृति प्रदान करने के उपरांत भी देश में समावेशी लोकतंत्र के नाम पर भौगालिक विखंडता को पनपाने की प्रवृति प्रदर्शित करता है। भारतीय संविधान में ये बात साफ साफ उच्चरित होनी चाहिए कि देश का विभाजन एक भयानक भूल थी जिसमें अब ये नई बात उद्घोषित होनी चाहिए कि इसे हम बाद में भी ठीक करेंगे और देश में अलगाववाद की किसी भी प्रवृति को किसी भी सूरत में पनपने से पहले कुचल देंगे। भारतीय संविधान को लेकर तीसरा आधारभूत बिंदु धर्मनिरपेक्षता को लेकर है जिसका सभी दल अपनी अपनी सुविधा के मुताबिक मीमांसा करते आए हैं। असल में धर्मनिरपेक्षता संविधान के एक ऐसे मजबूत मूल सिद्धांत के रूप में सभी लोकतांत्रिक दलों में मान्य होनी चाहिए जो किसी भी तरह से चुनाव और सार्वजनिक बहस में दोबारा उल्लिखित नहीं होनी चाहिए। देश में आजादी के उपरांत ही धर्मनिरपेक्षता के मूल सिद्धांतों से जो खिलवाड़ किया जाता रहा है और फिर उसके प्रत्युत्तर में धर्मनिरपेक्षता के विचार का जो मजाक बनाया जाता रहा है, इन दोनों ही नैरेटिव के जरिये संविधान का भारी उल्लंघन किया जाता है। इस मामले में सबसे बड़ा अपराध उनका है, जिन्होंने धर्मनिरपेक्षता को असल स्वरूप में लागू न करके सामुदायिक तुष्टीकरण को उसका विकल्प बना दिया। ऐसे में 'स्यूडो सेकुलरिज्म' या छद्म धर्मनिरपेक्षता की परिपाटी का जो आगमन हुआ वह इस महान शब्द के खिलवाड़ के साथ भारतीय संविधान का भी अपमान करता रहा है। इस तुष्टीकरण की सबसे बड़ी मिसाल मौलिक अधिकारों में अल्पसंखयकों को अपने धार्मिक शिक्षण चलाने के मिले मौलिक अधिकार से दिखती है। एक तरह से धर्मनिरपेक्षता का सबसे बड़ा अपमान संविधान में दर्ज है। विख्यात इतिहासकार इरफान हबीब भी मानते हैं कि अल्पसंख्यकों को शिक्षण संस्थान चलाने का मौलिक अधिकार मिला है, पर इस संवैधानिक अधिकार का तकाजा ये है कि इसका पाठ्यक्रम भी सेकुलर हो। छद्म सेकुलरवाद गलत है, लेकिन सेकुलरवाद गलत नहीं हैं। एक राजनीतिक जमात सेकुलरवाद के नाम पर तुष्टीकरण और संविधान को फूलों की बगिया बताकर छद्म सेकुलरवाद को पोषित करता है तो दूसरी तरफ दूसरी जमात सेकुलरवाद को बुलडोज करके बहुसंख्यक पहचान की राजनीति के जरिये प्रतियोगी लोकतंत्र व सुशासन के सिद्धांतों का गला घोटता है। एक दल दूसरे पर संविधान को मटियामेट करने का आरोप लगाता है तो दूसरा प्रत्युत्तर में यह कहता है कि देश संविधान से चलेगा, शरिया से नहीं। ऐसे में सवाल ये है कि इस विभ्रम की स्थिति में किसे सच माना जाए? नीति निर्देशक सिद्धांतों के तहत भारतीय संविधान समूचे देश में समान नागरिक संहिता लाने की बात करता है पर सेकुलरपंथी इसे अमलीजामा पहनाने से क्यों घबराते हैं? यानी दोनों गलत हैं और संविधान मूक बनकर खुद अपनी अवमानना झेलने को अभिशप्त है।

## पंचांग

17 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| विक्रम संवत् | - | 2081 |
| शक संवत् | - | 1946 |
| ऋतु | - | शिशिर |
| माह | - | माघ |
| पक्ष | - | कृष्ण |
| तिथि | - | चतुर्थी 29.31 तक |
| वार | - | शुक्रवार |
| नक्षत्र | - | मघा 12.45 तक |
| योग | - | सौभाग्य 24.57 तक |
| करण | - | बव 16.44 तक |
| सूर्योदय | - | 07.16 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - | 06.21 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - | 07.28 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - | 06.14 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - | सिंह |
| अभिजित् मुहूर्त | - | 12.26 से 13.10 |
| राहु काल | - | 11.25 से 12.48 |
| व्रत, त्यौहार | - | संकष्ट चतुर्थी, चंद्रोदय 21.32, सिद्धियोग 12.45 से सूर्योदय |
| दिशा शूल | - | पश्चिम |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### साल का पहला सकट चौथ व्रत

सकट चौथ व्रत हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है, और इसे गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना के लिए मनाया जाता है। इसे व्रती महिलाएं संतान की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और विघ्नों के नाश के लिए रखती हैं। इस व्रत को माघ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। इस दिन गणपति जी की पूजा चंद्रोदय के बाद की जाती है। व्रती भगवान गणेश को दूर्वा, लड्डू, फूल और प्रसाद अर्पित करते हैं। साथ ही, "ॐ गण गणपतये नमः" मंत्र का जाप करना भी फलदायी माना जाता है।


वैदिक पंचांग के अनुसार, माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरुआत 16 जनवरी को सुबह 4:09 मिनट पर हो गई है। वहीं, इस चतुर्थी का समापन 17 जनवरी को सुबह 5:33 मिनट पर होगा। ऐसे में उदय तिथि के अनुसार, सकट चौथ का व्रत 17 जनवरी 2025 को रखा जाएगा। शाम में चंद्रमा के दर्शन करने के बाद ही सकट चौथ का व्रत खोला जाता है। ऐसे में 17 जनवरी को चंद्रोदय समय रात को 9:09 मिनट पर होगा।

सकट चौथ व्रत के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और व्रत का संकल्प लें। शाम में गणेश जी की प्रतिमा को गंगाजल से स्नान कराएं और उन्हें नए वस्त्र पहनाएं। गणेश जी को 16 श्रृंगार करें, जैसे सिंदूर, मेहंदी, चंदन आदि जरूर लगाएं। गणेश जी के सामने धूप और दीप जलाएं। फिर गणेश जी को मोदक, दूध, फल आदि का भोग लगाएं। और गणेश जी से संतान की लंबी आयु, सुख-समृद्धि की मंगल कामना करें। सबसे आखिर में शाम को चंद्रमा को अर्घ्य दें और व्रत खोलें। इस दिन तिल और गुड़ से बनी चीजें विशेष रूप से खाई जाती हैं और प्रसाद के रूप में बांटी जाती हैं।

सकट चौथ का व्रत विशेष तौर पर संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए रखा जाता है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा की जाती है, जो विघ्नहर्ता के रूप में पूजे जाते हैं। मान्यता है कि इस व्रत को रखने से सभी प्रकार के संकट दूर होते हैं और जीवन में सुख-शांति का आगमन होता है। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और बुद्धि के देवता माना जाता है। इस दिन व्रत रखने और पूजा करने से भगवान गणेश की विशेष कृपा प्राप्त होती है, जिससे जीवन में सफलता और समृद्धि का मार्ग खुलता है।

## तारीख विशेष

### मोहम्मद अली: एक महान मुक्केबाज और प्रेरणा स्रोत



मोहम्मद अली, जिन्हें पहले कैसियस मार्सेलस क्ले जूनियर के नाम से जाना जाता था, का जन्म 17 जनवरी 1942 को अमेरिका के लुइसविले, केंटकी में हुआ। वे इतिहास के सबसे महान मुक्केबाजों में से एक माने जाते हैं। अपनी बेहतरीन मुक्केबाजी के साथ-साथ सामाजिक और राजनीतिक सक्रियता के लिए भी विश्व प्रसिद्ध हैं। मोहम्मद अली ने 12 साल की उम्र में मुक्केबाजी शुरू कर दी थी। एक बार उनकी साइकिल चोरी हो गई, और उन्होंने पुलिस अधिकारी जो मार्टिन से कहा कि वे चोर को पीटना चाहते हैं। मार्टिन ने उन्हें मुक्केबाजी सिखाने का प्रस्ताव दिया। इसके बाद, अली ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने 1960 के रोम ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा को दुनिया के सामने रखा। 1964 में, 22 साल की उम्र में, मोहम्मद अली ने सन्नी लिस्टन को हराकर पहली बार विश्व हैवीवेट चैंपियनशिप जीती। उसी साल, उन्होंने इस्लाम धर्म अपना लिया और अपना नाम बदलकर मोहम्मद अली रख लिया। उनकी मुक्केबाजी शैली तेज़ गति और फुर्ती पर आधारित थी, जिसे उन्होंने 'फ्लोट लाइक ए बटरफ्लाई, स्टिंग लाइक ए बी' (तितली की तरह उड़ो, मधुमक्खी की तरह डंक मारो) के रूप में परिभाषित किया। मोहम्मद अली ने अपने करियर में कई ऐतिहासिक मुकाबले लड़े, जिनमें जो फ्रैज़ियर के साथ 'थ्रिला इन मनीला' और जॉर्ज फोरमैन के खिलाफ 'रंबल इन द जंगल' शामिल हैं। उन्होंने तीन बार विश्व हैवीवेट खिताब जीता, जो अपने समय में एक अद्वितीय उपलब्धि थी। अली केवल एक महान एथलीट ही नहीं थे, बल्कि वे नस्लीय समानता और मानवाधिकारों के लिए एक महत्वपूर्ण आवाज भी थे। 1967 में, उन्होंने वियतनाम युद्ध में लड़ने से इनकार कर दिया, जिसके कारण उन्हें जेल की सजा का सामना करना पड़ा और उनके खिताब छीन लिए गए।

### स्वास्थ्य

# हफ्ते में कुछ घंटे की कसरत भी फायदेमंद...!!

डा.माजिद अलीम

इन दिनों गली मुहल्लों में जिम की भरमार और सोशल मीडिया में हेल्थ संबंधित कंटेंट की बाढ़ को देखकर कई लोग बड़ी हताशा में रहते हैं कि वे पर्याप्त कसरत नहीं कर पाते, जैसा बाकी लोग कर रहे हैं। यह हताशा तब और बढ़ जाती है, जब दफ्तर में हमारे बगल में बैठा कोई शख्स हर रोज अपने घंटों पसीना बहाने के किस्से रज-रजकर सुनाता हो या यू-ट्यूब अथवा एक्स में जब हम सेलिब्रिटीज को जिम से अपनी आकर्षक और टोंड बॉडी के साथ निकलते हुए देखते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की बातें, खबरें और रीलें उन लोगों को मन ही मन कुढ़ने के लिए छोड़ देती हैं, जो दिल में चाह रखने के बावजूद हर दिन एक से दो घंटे पसीना नहीं बहाते। लेकिन ऐसे लोगों के लिए एक नहीं कई खुशखबरियां हैं। सबसे पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की बात करते हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक हम सप्ताह में अगर 150 से 300 मिनट की मध्यम तीव्रता वाली एक्सरसाइज जैसे तेज तेज चलना, साइकिलिंग या फिर 75 से 150 मिनट वाली तीव्र एक्सरसाइज जैसे दौड़ना आदि कर लें तो भी सेहतमंद रह सकते हैं। कई और महत्वपूर्ण शोध अध्ययन भी बताते हैं कि फिट और चुस्त दुरुस्त रहने के लिए हफ्ते में 3 से 4 घंटे की कसरत भरपूर होती है, बशर्ते यह सही तरीके से की गई हो।

- इमेज

'द जनरल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन' में छपे एक अध्ययन के मुताबिक हफ्ते में 3 से 4 घंटे की गई एरोबिक और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग एक्सरसाइज से दिल की बीमारियों का 20 से 30 फीसदी खतरा कम हो जाता है। इसी क्रम में साल 2020 में प्रकाशित हुई लॉसेंट स्टडी के मुताबिक भी सप्ताह में अगर 3 घंटे की एक्सरसाइज सही तरीके से कर ली जाए तो जिंदगी में दो से तीन साल का इजाफा हो जाता है।

मगर सवाल है कि हफ्ते में जब 3 से 4 घंटे की एक्सरसाइज करनी हो तो इसकी योजना कैसे बनाएं और इसके तहत कौन कौन सी एक्सरसाइज की जा सकती हैं, जो ज्यादा से ज्यादा फायदेमंद हों? हमें फिटनेस विशेषज्ञों की एक बात याद रखनी चाहिए कि व्यायाम करना अपने आपमें एक कला है। यह महज शारीरिक श्रम या एक्टिविटीज तक ही सीमित नहीं है, इसमें बेहतर तकनीक, अनुशासन और संतुलन के ज्ञान का भी शामिल होना जरूरी है। क्योंकि जब सही तकनीक के साथ हफ्ते में 3 से 4 घंटे की कसरत की जाती है, तब उसके इस स्तर के फायदे मिलते हैं। गलत तरीके से की गई एक्सरसाइज से चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है और ऐसे लोगों के लिए तो यह खतरा और भी ज्यादा होता है, जो हफ्ते में इतने कम समय के लिए एक्सरसाइज करते हैं। ऐसे लोगों को वजन उठाने की सही पोजीशन का भी ख्याल रखना चाहिए वर्ना पीठ या जोड़ों पर इसका खतरनाक असर हो सकता है। हालांकि हर व्यक्ति की शारीरिक संरचना भिन्न होती है, साथ ही हर किसी के फिटनेस का स्तर और उसके लक्षण भी अलग अलग होते हैं। इसलिए कई बार जो व्यायाम एक व्यक्ति के लिए सही होता है, वही दूसरे के लिए नुकसानदायक हो सकता है। यह बात कहने की जरूरत इसलिए है क्योंकि जब हमें कम समय की एक्सरसाइज से ज्यादा फायदा लेना हो तो किसी एक्सपर्ट से मिलकर अपने लिए सबसे उपयुक्त कसरतों का पता लगाना चाहिए। साथ ही कम से कम शुरुआती ट्रेनिंग तो एक्सपर्ट की देखरेख में ही करना चाहिए। जब कम समय में एक्सरसाइज से ज्यादा फायदे लेने हों तो अनुशासन और धैर्य को बनाए रखना बहुत जरूरी है। वास्तव में व्यायाम का असर पलभर में नहीं दिखता, इसके लिए कुछ वक्त लगता है। इसलिए जब एक्सरसाइज करना शुरू करें तो उसे एक अनुशासन के रूप में अपनाएं और लंबे समय तक इस पर टिके रहें। यही नहीं जब कम समय की एक्सरसाइज करना हो तो शारीरिक और मानसिक तालमेल का होना बहुत जरूरी है। इसलिए सिर्फ शारीरिक व्यायाम ही न करें बल्कि कुछ मिनट का समय मानसिक व्यायाम यानी योग जैसी गतिविधियों के लिए भी निकालें। हफ्ते में महज 3 से 4 घंटे की एक्सरसाइज का हमें सबसे ज्यादा फायदा तब दिखता है, जब हम उसके पहले बिल्कुल ही एक्सरसाइज न करते रहे हों। मसलन अगर आप पूरे समय बैठे रहते हैं, तो थोड़ी सी कसरत भी आपके लिए दिल संबंधी रोगों के जोखिम को काफी कम कर देती है। सप्ताह में दो बार हमने अगर एक एक घंटे की साइकिलिंग कर ली या 75 से 150 मिनटों तक तेज गति से वॉक कर लिया, तो हृदय संबंधी रोगों से होने वाली मौत का जोखिम 20 फीसदी तक कम हो जाता है। कम कसरत वास्तव में सबसे ज्यादा दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होती है। जो व्यक्ति बिल्कुल ही एक्सरसाइज नहीं करता और ज्यादातर समय बैठा रहता है, उसमें सबसे ज्यादा दिल से संबंधित बीमारी का ही खतरा रहता है। वैसे इस योजना के पीछे एक अप्रत्यक्ष वास्तविकता यह भी जुड़ी है कि अगर आप सप्ताह में नियमित रूप से 3 से 4 घंटे की कसरत के लिए वक्त निकालते हैं तो धीरे धीरे बिना प्रयास किए खुद ही आपके ये घंटे बढ़ जाएंगे और इसका आप पर कोई अतिरिक्त तनाव भी नहीं पड़ेगा। इसलिए कम समय के मोटीवेशन से एक्सरसाइज की शुरुआत करने वाले कई लोग बाद में हर दिन आराम से दो से ढाई घंटे तक कसरत करने लगते हैं। बहरहाल यहां हम इस अप्रत्यक्ष वास्तविकता को ध्यान में रखकर ही कम समय में एक्सरसाइज के होने वाले फायदे को नहीं बता रहे बल्कि यह फायदा सिर्फ हर हफ्ते में 3 से 4 घंटे तक की एक्सरसाइज से होने वाले फायदों की ही बात है। क्योंकि बिल्कुल कसरत न करने की तुलना में 4 घंटे की कसरत बहुत उपयोगी है और अगर आप हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (हिट) जैसी कसरत 30 मिनट के लिए भी करते हैं तो इसका उतना ही फायदा होगा, जो हफ्ते में 3 से 4 घंटे की गई कसरत से मिलता है। दरअसल छोटी छोटी कसरतें कई बार ज्यादा प्रभावी और ज्यादा नतीजापरक होती हैं। ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रोल को नियंत्रित करने में हर दिन की गई 20 मिनट की हिट एक्सरसाइज हफ्तेभर हर दिन धीरे धीरे एक घंटे की वॉक करने से बेहतर है। मगर इस बात का ध्यान रखना हर हाल में बहुत जरूरी है कि कम समय के लिए की गई इस एक्सरसाइज का कार्यक्रम बेहद सटीक और वैज्ञानिक हो।



## गीता सार

इन्द्रियाणि मनो बुद्धिरस्याधिष्ठानमुच्यते ।
एतैर्विमोहयत्येष ज्ञानमावृत्य देहिनम् ॥ (40)

भावार्थ

इन्द्रियां, मन और बुद्धि कामनाओं के निवास-स्थान होते हैं, इनके द्वारा कामनायें ज्ञान को आच्छादित करके जीवात्मा को मोह-ग्रस्त कर देती हैं।

## बोले तो...



दिल्ली की स्टेपनी मुख्यमंत्री आतिशी कह रही हैं कि हमारी सरकार आएगी तो फिर से शराब नीति लाएंगे। अन्ना के आंदोलन से निकली पार्टी की सरकार की प्राथमिकता अब शराब हो गई है। शराब व्यवसायियों का आतिशी पर क्या दबाव है, सीएजी भी घोटाले की पुष्टि कर चुकी है?

- रविशंकर प्रसाद



आने वाले दिनों में संघर्ष और युद्ध अधिक हिंसक तथा अप्रत्याशित हो जाएंगे। इसके साथ ही अनेक देशों में गैर-सरकारी तत्वों' का उभरने और उनका आतंकवाद का सहारा लिए जाने की भी आशंका है।

- राजनाथ सिंह



इतने सुरक्षित स्थान पर रहने वाले एक्टर सैफ अली खान के घर के अंदर रात में घुसकर बदमाशों द्वारा उनपर चाकू से हमला कर देना, राज्य सरकार और केंद्र सरकार के ऊपर बड़ा प्रश्न खड़ा करती है।


- अरविंद केजरीवाल

## कुछ अलग | अजब गजब

# छह पीढ़ी देख चुकी महिला, 124 की उम्र में भी इतनी चुस्त-तंदुरुस्त

लंबी उम्र की चाहत सभी को होती है लेकिन अनजाने में ही हम ऐसी लाइफस्टाइल जीने लगते हैं जो हमारे लाइफस्पैन को 5 से10 साल कम करने का काम करती है। यही कारण है कि आज कल के समय में सबसे बड़ी चुनौती खुद को लंबे समय तक बनाए रखने और स्वस्थ रहने की है। वैसे क्या आप जानते हैं कि इस दुनिया में एक महिला ऐसी भी है जिसने अपनी 6 पीढ़ियों को देखा है और अभी इनकी उम्र 125 साल बताई जा रही है। सुनने में आपको ये बात भले ही अजीब लग रही हो लेकिन ये पूरी तरीके से एकदम सच है.

हम बात कर रहे हैं कियु शाइशी के बारे में, जिन्होंने बीते 1 जनवरी को अपना 124वां जन्मदिन मनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक उनका जन्म 1901 में हुआ था। उस समय चीन में क्विंग वंश का राज हुआ करता था। हैरानी की बात तो ये है कि उन्होंने अपने यहां की 6 पीढ़ियों को खेलते-कूदते और बड़े होते देखा है और वो चीन के सिचुआन प्रांत में 6 पीढ़ियां देखने वाली पहली



महिला बन गई हैं। आपको जानकार हैरानी होगी कि उनके पोते और पोतियों की उम्र 60 साल से ज्यादा है। हालांकि कियु की ये उम्र सिर्फ चीन में ही वैलिड है चीन के बाहर के किसी भी संस्थान ने आधिकारिक तौर पर इस महिला की उम्र को प्रमाणित नहीं किया है। चीन के हाउसहोल्ड रजिस्ट्रेशन सिस्टम में उनकी जन्मतिथि लिखी हुई है।

यही कारण है कि चीन के लोगों के बीच ये पॉपुलर है। अपने एक इंटरव्यू में महिला ने अपने लंबे उम्र का राज बताया कि वो अपने क्विंग डाइनेस्टी के दौरान खाने-पीने के लिए बहुत परेशान रहती थी और शादी के बाद वो मेहनत वाला काम ज्यादा करती थी। 40 की उम्र में ही पति की मौत हो गई थी। जिसके बाद मैंने अपने चार बच्चों को अकेले ही पाला। कियु बताती हैं कि पति के कुछ समय बाद मेरे बड़े बेटे की मौत हो गई थी। जिसके बाद मैंने अपने बच्चों को अकेले ही पाला। मैं आज भी अपने सारे काम खुद करती हूं और रात आठ बजे के बाद सो जाती हूं। मुझे खाने में कद्दू के साथ दलिया, तरबूज, कुटे हुए कॉर्न और चावल खाना पसंद है। अपने लंबे जीवन के बारे में उन्होंने कहा कि अपने जीवन के प्रति आशावान ही लंबे का नुस्खा है।

## पाठक पाती

### आठवें पेंशन आयोग की मंजूरी ऐतिहासिक फैसला

मोदी सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए ऐतिहासिक कदम उठाते हुए आठवें वेतन आयोग को मंजूरी दी है। यह निर्णय लाखों सरकारी कर्मचारियों की सैलरी और पेंशन में उल्लेखनीय वृद्धि करने का मार्ग प्रशस्त करता है। वेतन आयोग, सरकारी व्यवस्था में आर्थिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उद्देश्य महंगाई और बदलते आर्थिक परिदृश्य के अनुसार कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में सुधार करना है। आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें न केवल कर्मचारियों की क्रय शक्ति बढ़ाएंगी, बल्कि उनके जीवन स्तर में भी सुधार लाएंगी। इस फैसले से कर्मचारियों का आर्थिक संतुलन मजबूत होगा और बाजार में मांग बढ़ेगी, जिससे अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम देश के समग्र विकास को गति देगा।

-प्रो. आरके जैन 'अरिजीत', बड़वानी (मप्र)

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस में मासिक बैठक का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफिक मंडेलिया के निर्देशानुसार चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर व देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू की अध्यक्षता में शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस चूरू में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी नगर निकाय एवं पंचायतीराज चुनावों के संबंध में कांग्रेस कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों से सुझाव आमंत्रित कर परिचर्चा की गई तथा आगामी नगर निकाय एवं पंचायतीराज चुनावों में कांग्रेस पार्टी को विजय दिलाने को लेकर रणनिति तैयारी की गई तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष रफिक मंडेलिया व चूरू लोकसभा सांसद राहुल कस्वां का 20 जनवरी को जन्म दिवस के इस अवसर पर चूरू विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करने का भी निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पचायत समिति में नेता प्रतिपक्ष धर्मेन्द्र बुडानियां ने कहॉ की जन नेता रफीक मण्डेलिया एवं जन नेता राहुल कस्वां का जन्म दिवस के अवसर पर चूरू जिलें एवं चूरू तहसील में सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करना है। इस अवसर पर चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर ने कहा कि आगामी नगर निकाय एवं पंचायतीराज चुनावों में हमें कांग्रेस पार्टी को विजय श्री दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करना है तथा रफिक मंडेलिया एवं राहुल कस्वां के जन्म दिवस को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए सामाजिक सरोकारों से संबंधिक कार्यक्रमों का आयोजन करना है। इस अवसर पर देहात शहर ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धांधू ने कहा कि नगर निकाय एवं पंचायतों के परिसिमन एवं पूर्नगठन के लिए सजग रहना है तथा जहां परिसीमन एवं पुर्नगठन में नियमों का उलधंन किया जाता है वहॉ सारर्गभित रूप से आपति दर्ज करवाते हुए उनका उच्चित निस्तारण करवाने का प्रयास करना है तथा रफिक मंडेलिया एवं राहुल कस्वां के जन्म दिवस के अवसर पर जन कल्याण के कार्यक्रमों का सफल आयोजन कर इन दोनों नेताओं के उज्वल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना करनी है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने कहॉ की आगामी नगर निकाय एवं पंचायती राज चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बहुमत दिलवाने तथा कांग्रेस पार्टी का बोर्ड बनाने का हम सब को अधिक से अधिक प्रयास करना है एंव पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान करनी है। इस अवसर पर कमला पुनियां, जमील चौहान, सोहनलाल मेघवाल, सुखाराम घिंटाला, नारायण बालाण, षिवकुमार शर्मा, शमशेर भालू खां, रामेश्वर प्रसाद नायक, संजय भाटी, विनोद खटीक, जंगशेर खां सरपंच, अजीज खान, श्रवण बसेर, आसिफ निर्वाण, प्यारेलाल दानोदिया, सुशील स्वामी, बजरंग बजाड, तारीक नागौरी, अनिल तंवर, नवाब खां हवलदार, शेरखां मलखाण, चन्दनमल मेघवाल, नवाब अली, सबीर खां, शंकर डाबला, गौर्धन कस्वां, असलम खान मोयल, तोफिक खान, सम्मीउल्लाह, मो. ईमरान, तोफिक खान एनएसयुआई, फारूक खान, अनिस खान, भूरामल भाटीया, हरेन्द्र कुमार महला, मो. शरीफ गौरी, मुस्ताक, जगनाराम, नानूराम, महावीर सिंह, विकास बुडानिया, हर्ष लाम्बा, ओमप्रकाश बाकोलिया, सत्यनारायण बाकोलिया, युनस खान, ओमप्रकाश गोदारा, बाबू खां, निरंजन कुमार, मनिष कुमावत, जाफर खान, इस्माईल भाटी, नोमान सयैद, सोयल डीके, अब्दूला कुरेशी, अजीज गौरी, शाहरूख खान, शाहिद खान, इस्लाम खान, घनश्याम अलवरिया, हरिराम पुनियां, मो. आजम, राजेन्द्र बलारा, पुर्णाराम, दुर्गादत रायपुरिया, सुलेमान मणियार, सुरेन्द्र रतननगर, हुणताराम, प्रेमप्रकाष, रणजीत सिंह, अब्दुल मजीद, अरविन्द्र बाघ, भरतसिंह चलकोई, विनोद सैनी, महबूब खान, भंवरसिंह झारिया, मोटाराम मेघवाल, श्रवणराम भगत, दलीप कुमार, भादरमल मेघवाल, कमलेष महला, योगेष ढाका, अजू लुहार, केषव झाझडिया, सचिन सैनी, जतनलाल, बरकत अली, जगदीष प्रसाद, उम्मेद लाखाउ, पालाराम मेघवाल, सीताराम झारिया, राजेष मेघवाल, इनायत खां, चन्द्रप्रकाष सैनी, आबिद खान राजेश कुमार, महबूब अली, सहित सैकडो कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजुद रहें। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट सदाम हुसैन ने किया तथा शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष असलम खोखर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष किशोर धांधू ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# नशा मुक्ति केन्द्र भविष्य मे शुरू कर समाज को सम्पिर्त किया जाएगाः धीमान




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** कुरुक्षेत्र में नशे की लत मौत का खत। नशा एक बुराई है जीवन की सच्चाई है। नशे को छोडो जीवन से नाता जोड़ो। नशा मुक्त हरियाणा जहां दूध दही का खाना। जैसे असंख्य नारों के साथ हरियाणा के युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रतिदिन एक संकल्प के साथ नशा मुक्त हरियाणा अभियान के द्वारा लोगों को जागरूक करने में जुटी हुई है। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और श्रीमती पंखुडी कुमार के आदेशानुसार हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। वे एक गाँव से दूसरे गाँव, एक शहर से दूसरे शहर और एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय तक यह अभियान लेकर पहुँच रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि नशे को प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशों में विभाजित किया जा सकता है। दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं और भीतर तक को खोखला कर देते हैं तो भी प्रतिबंधित नशे मनुष्य के जीवन के लिए अभिशाप से कम नहीं। यदि ये नशे मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छे होते तो सबसे पहले सरकार इनके लिए लाइसेंस जारी कर देती लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान ने बताया की जल्द ही यूनिवर्सिटी के अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र जनकल्याण को समर्पित कर दिया जायेगा जिसका लाभ समस्त प्रदेशवासियो को मिलेगा।

# स्व.बुलाकी दास मोहता की पुण्यतिथि पर स्वेटर एवं कोट वितरण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में गुरुवार को माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर पिलानी रोड सादुलपुर में स्व.बुलाकी दास मोहता की पुण्यतिथि पर



स्थानीय समिति के अध्यक्ष एवं राजगढ़ नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन मंगतू राम मोहता द्वारा जरूरतमंद भैया बहनों को गर्म स्वेटर यानी कोट का वितरण किया गया। विद्यालय परिवार मंगतू राम मोहता के दीर्घायु होने की व उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता है। इस कार्यक्रम में संकुल प्रमुख नारायण गुर्जर सुलोचना, सोनी, रमेश, मनीष रणवीर राजेश आदि का सहयोग रहा।

# बेबी लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में पीयूष सैनी बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** नोहर व्यापार मंडल के अध्यक्ष रहे प्रमुख समाजसेवीभामाशाह स्व. संतलाल मोदी स्मृति बेबी लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में जे.पी. फुटबॉल एकेडमी रावतसर व नोहर फुटबॉल क्लब नोहर के मध्य फाइनल मैच हुआ। जिसमें नोहर फुटबॉल क्लब नोहर 1-0 से विजेता रही



टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पीयूष सैनी रहा। पीयूष सैनी ने पूरी प्रतियोगिता में सात गोल किये।समापन समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नोहर श्रीमती राजकंवर थी। अध्यक्षता नोहर एसडीएम पंकज गढ़वाल ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रुप में उप पुलिस अधीक्षक ईश्वरसिंह ,सीबीईओ भगवती वर्मा, ठेकेदार श्यामसुन्दर मोदी, वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी चम्पालाल आचार्य सहित अनेक गणमान्य जन शामिल रहे।इसके अलावा समारोह में ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष ओम कासनिया, आशीष मोदी, अनिल कड़वासरा, पार्षद छोटू सेवग, दिनेश भूकरकेवाला, मुकेश बंसल, विजय सरावगी, ओम लालवानी, मोहन डाबी, मुकेश हिसारिया, केशव खटोतिया, जुल्फिकार पठान, जयकिशन वर्मा, राजपाल बिजारणिया, सांवरमल हिसारिया, किशन सैनी, अशोक कंकर, सादक अली आदि उपस्थित थे।मंच संचालन पीटीआई कासम अली ने किया। विदित रहे कि पीयूष पत्रकार किशन सैनी के पुत्र है। पीयूष सैनी को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर खुशी जताई गई।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कालाना ताल में स्वेटर वितरण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में कालाना ताल के सीनियर स्कूल में शा शिक्षक पवन कुमार पूनिया की प्रेरणा से भामाशाह मनीराम कपूरिया ने कक्षा एक से पांच तक के 65 बालक बालिकाओं को सर्दी को देखते हुए गरम स्वेटर बांटे तथा खूब मेहनत लगन से पढने् की नसीहत दी कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच चरण सिंह काजला, संस्था प्रधान रोहिताश कुमार,सेवानिवृत शिक्षक ओमप्रकाश, एसडीएमसी सदस्य डूंगरराम तथा उपस्थित स्टाफ ने भामाशाह व प्रेरक का आभार जताया और शीत ऋ्तु में वस्त्र वितरण को शास्त्र सम्मत व उपयोगी बताया।

# मंडल रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

## फुलेरा सदस्य विष्णु कयाल ने रखी महत्वपूर्ण मांगे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल की रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (डिविजनल रेलवे यूजर्स कंसलटेटिव कमिटी-डीआरयूसीसी) की वर्ष-2025 की प्रथम बैठक मंडल कार्यालय के सभा कक्ष में हुई। इसमें समिति के अध्यक्ष एवं मंडल रेल प्रबंधक जयपुर विकास पुरवार, समिति के सचिव और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मीना एवं समिति में नामित सदस्यों में से 12 सदस्य सम्मिलित हुए। बैठक के आरंभ में समिति के सचिव कृष्ण कुमार मीना ने समिति के कार्य क्षेत्र एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया। मंडल रेल प्रबंधक विकास पुरवार ने सदस्यों से समिति के मूल उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए रेल उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए सुझाव और सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। वही फुलेरा से डीआरयूसीसी सदस्य ओर दैनिक रेल यात्री महासंघ फुलेरा के अध्यक्ष विष्णु कयाल ने बैठक में भाग लेते हुए रेलवे अधिकारियों को बताया कि फुलेरा में लिफ्ट का टेंडर 2 वर्ष से किया जा रहा है लेकिन अभी तक लिफ्ट नहीं लगी है। इसी क्रम में उन्होंने आगे वरिष्ठ नागरिकों के लिए फुट अंडर ब्रिज के निर्माण करवाने, बाड़मेर जम्मूतवी शालीमार एक्सप्रेस का समय पुराने समय पर करवाने, 12467 लीलण सुपरफास्ट एक्सप्रेस का समय फुलेरा से प्रातः 11.25 बजे करवाने, राज बाजार की तरफ रास्ता निकलवाने, रेलवे अधिकारियों एवं रेलवे परामर्शदात्री समिति सदस्यों के नाम,नंबर स्टेशन पर लगवाने,अमृत भारत स्टेशन योजना कार्य को गति से करवाने का आग्रह किया है। साथ ही समिति सदस्यों ने जयपुर मंडल पर किए गए विकास कार्यों के लिए रेल प्रशासन का आभार प्रकट किया।

# अखिल भारतीय सूत्रकर महासभा का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** अखिल भारतीय सूत्रकर महासभा का शपथ ग्रहण समारोह इंडियन गुलाब मैरिज गार्डन जनपद श्याम नगर में आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव शंकर छत्रपति एवं राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर गोपाल लाल सरावता तथा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल वर्मा,महासभा के नव नियुक्त प्रदेश जिला के पदाधिकारी को अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी झालाना जयपुर के अध्यक्ष जसवंत संपतराम एवं महासचिव गणपत लाल वर्मा द्वारा शपथ ग्रहण करवाई गई । मंच संचालन संयोजक बीएम रोजडे ने किया कार्यक्रम में महिला पदाधिकारी को शाल एवं अन्य पदाधिकारीयो को माला साफा और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इस मौके पर अनिल गोठवाल पूर्व महासचिव अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी तथा कानाराम बलाई डॉ शशि इंदोलिया उर्मिला वर्मा रामस्वरूप अजमेरा एस आर नवलिया श्याम सुंदर डेबाणा सहित कई वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

# नेचर पार्क में जमा चाइनीज मांझा किया नष्ट



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** चूरू के नेचर पार्क में मकर संक्रांति के बाद जगह-जगह बिखरे चाइनीज मांझे को गुरुवार को जलाकर नष्ट कर दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से यह कार्रवाई की। डीएफओ भवानी सिंह और क्षेत्रीय वन अधिकारी पवन शर्मा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। सहायक वनपाल समुंद्र सिंह ने बताया कि पार्क में कई स्थानों पर चाइनीज मांझा उलझा हुआ था, जो सुबह टहलने आने वाले लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रहा था। कई लोगों के पैरों में मांझा उलझने से चोट लगने की घटनाएं सामने आई थीं। इस समस्या को देखते हुए वन विभाग ने पूरे पार्क से मांझा एकत्र करने का निर्णय लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चाइनीज मांझे से होने वाले हादसों की खबरें लगातार मिल रही थी, जिसके कारण यह कदम उठाना जरूरी था। इस अभियान में रोशनी, इंद्रा, संतोष, मनोहरी, जगदीश, पालाराम, मुरारीलाल और बाबू खान सहित कई स्थानीय लोगों ने सक्रिय भागीदारी की। यह कार्रवाई पार्क में आने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की गई।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, डीआरएम (इंजीनियरिंग)/आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा निम्नलिखित आरसीसी टैंक कार्य के लिए 01 (एक) ई-निविदा आमंत्रित करता हैः **संख्याः ई-डीआरएम-इंजीनियरिंग-आद्रा-05-25, तिथिः 15.01.2025; कार्य का विवरणः** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में पुरुलिया में पुराने जीर्ण और पुराने आरसीसी टैंक को आरसीसी ओवर हेड टैंक से बदलना; **निविदा मूल्यः** ₹2,63,34,248.72; **ई-निविदा की अंतिम तिथि और समयः** 14.02.2025 को 15.00 बजे है। उपरोक्त ई-निविदाओं का विवरण कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **(PR-1019)**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**क्र.सं. (1) ई-निविदा सं.: सी.डीईई-जी-आर-ओटीपी-24-25-26, दिनांक 13.01.2025**

**कार्यः** इलेक्ट्रिकल (जी) काम का हिस्सा- "(i) रिसेप्शन यार्ड BMY में पाथवे का निर्माण और प्रकाश सुविधा में सुधार।
**निविदा मूल्यः रू. 33,77,972.00/-, बयाना राशिः रू. 67,600.00/-, निविदा प्रस्तुत करनाः 11.30 बजे तक दिनांक 17.02.2025.**

विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता का मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया सीनि.डीईई/जी/रायपुर कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/डाउनलोड करें । मैनुअल ऑफर्स इस निविदा के विरुद्ध स्वीकार नहीं होंगे और यदि मैनुअल ऑफर्स प्राप्त होता है तो वह निरस्त कर दिया जाएगा।

वरि.मं.वि.अभि/आरएसएंडजी
पीआर/आर/सी.डीईई(जी)/एएन/212 द.पू.म.रे., रायपुर
South East Central Railway @secrail

# नशे का व्यापार है पाप और अत्याचार, बहुत हुआ बस अब और नहींःवर्मा

## हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 88वां जागरूकता कार्यक्रम



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** यमुनानगर में नशे का व्यापार पाप और अत्याचार बहुत हुआ बस, अब और नहीं। नशे का प्रचार तस्करों का कारोबार। मृत्यु का सौदा, अब और नहीं। नशे का प्रयोग जीवन से वियोग। जीते जी मृत्यु और दुर्गति, अब और नहीं। नशे के प्रकार तन-मन और धन विकार। बल-बुद्धि का पतन, अब और नहीं। नशे का शौक कलह-क्लेश और निर्धनता रुपी शोक। सुख-शान्ति का पतन, अब और नहीं। नशे पर प्रहार कर रही है सरकार। नशा और नशे का व्यापार, अब और नहीं। नामक कविता के माध्यम से हरियाणा के युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रतिदिन एक संकल्प के साथ नशा मुक्त हरियाणा अभियान के द्वारा लोगों को जागरूक करने में जुटी हुई है। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और श्रीमती पंखुडी कुमार के आदेशानुसार हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। वे एक गाँव से दूसरे गाँव, एक शहर से दूसरे शहर और एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय तक यह अभियान लेकर पहुँच रहे हैं। आज वे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पहुंचे हुए थे। संस्थान के वर्ग अनुदेशक नरेश कुमार की अध्यक्षता में 210 प्रशिक्षणार्थियों 5 अनुदेशकों और 1 अन्य कर्मचारी ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि नशे को प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशों में विभाजित किया जा सकता है। दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं और भीतर तक को खोखला कर देते हैं तो भी प्रतिबंधित नशे मनुष्य के जीवन के लिए अभिशाप से कम नहीं। यदि ये नशे मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छे होते तो सबसे पहले सरकार इनके लिए लाइसेंस जारी कर देती लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने एक कविता नशा मुक्त हो भारत मेरा ऐसी सोच बनानी है, नशे में ग्रस्त हो रही युवा पीढ़ी मिलकर सबको बचानी है लय में सुनाई। तालियों की गडगड़ाहट से संस्थान में एक नई उमंग का संचार हुआ। कार्यक्रम के मध्य से नशा तस्करों की गुप्त सूचनाएं देने के लिए प्रेरित किया। यह यमुनानगर में 88 वां कार्यक्रम था। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई।

**राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़**
समग्र शिक्षा Samagra Shiksha
एकीकृत शिक्षा भवन, द्वितीय तल, बोर्ड ऑफिस परिसर, टैगोर नगर, पेंशन बाडा, रायपुर (छ.ग.)
टेलीफोन नं. 0771-2445052 Email-mis.head@gmail.com

**Request for Tender (RFT) की सूचना**

स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी अनावर्ती मद अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के शालाओं हेतु सेनेटरी पैड की वेडिंग एवं इंसिनरेटर मशीन क्रय किये जाने हेतु ऑनलाईन RFT आमंत्रित की जाती है। समस्त विवरण Govt. E Market Place (GeM) की वेबसाईट https://gem.gov.in में उपलब्ध है।

**अंतिम तिथि-9 फरवरी 2025, समय 03.00 PMs-**

निविदा संबंधी किसी भी प्रकार की अद्यतन जानकारी के लिए जेम पोर्टल का निरंतर अवलोकन करें।

**(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित )**

वित्त नियंत्रक
समग्र शिक्षा
छत्तीसगढ़, रायपुर

SAMVAD-42816/4

# विद्यार्थियों को जुराब, जैकेट वितरित, खिलाई खीर जलेबी

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लाखलाण बड़ी के विद्यालय प्रांगण में विवेकानंद जयंती सप्ताह के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता, योग और ध्यान सत्र का आयोजन किया गया । इस अवसर पर




सुखवीर सिंह पूनियाँ (वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक ) ने कक्षा 1 से 5 के नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों को गर्म जुराबें वितरित कीं तथा कक्षा 1 से 8 के बच्चों को पोषाहार में गर्मागर्म जलेबी और खीर का पौष्टिक भोजन करवाया। इसी अवसर पर श्रीमती प्रिया कुमारी (व्याख्याता) ने कक्षा 1 से 5 के विद्यार्थियों को जैकेट वितरित किए । प्रधानाचार्य श्री सत्यवीर सिंह दायमा ने स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी तथा स्वच्छता अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। उप प्राचार्य श्रीमती अनीता चौधरी ने सुखवीर सिंह तथा श्रीमती प्रिया कुमारी का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर विजय सिंह सहारण , भूप सिंह, श्रीमती सीमा वर्मा,सौरभ , अमर चंद, रमेश श्योराण एवं श्रीमती सुशीला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सौरभ जांगिड ने किया।

# विद्यालय में बच्चों को वितरित किए शूज



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** खटीकान मोहल्ला की राजकीय प्रावि में शिक्षक पवन बड़थ्वाल की प्रेरणा से विक्रम सिंधी के सौजन्य से बच्चों को 54 शूज व जुराब वितरित किए गए। यूसीईओ ओमप्रकाश फगेड़िया ने कहा कि हर मनुष्य को अपने जीवन में सेवा का कार्य करना चाहिए। सेवा करने से मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। ऐसा पुनीत कार्य करने से मन की संतुष्टि मिलता है। बच्चों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढाया जा सकता है। इसलिए अभिभावकों को अपने बच्चों को शाला के मंदिर में अध्ययन करने के लिए भेजना चााहिए। जिससे आगे जाकर ये बच्चें अपने पैरों पर खड़ा हो सके। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मंगलचंद सैनी, आरपी प्रताप सिंह नाथावत, सारा चौहान व कमला खेड़ीवाल आदि मौजूद रहे।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना संख्याः EL-C-PRYJ-11-24-25 दिनांकः 13.01.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज** निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक **10.02.2025** समय **15:30** बजे तक आमंत्रित करते है। निविदा सम्बन्धी विस्तृत विवरण निम्नवत् हैः-

**निविदा खुलने की तिथिः 10.02.2025**

**कार्य का नामः** डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग एण्ड कमीशनिंग ऑफ 220/132 के.वी. ग्रिड सब-स्टेशन नियर फतेहपुर ओवर प्रयागराज डिवीजन ऑफ नार्थ सेंट्रल रेलवे।

| प्रकाशित कार्य की लागत | बोली प्रतिभूति | कार्य अवधि |
|---|---|---|
| ₹21,41,84,910.71/- | ₹12,20,900/- | 18 माह |

**नोटः** 1. उपरोक्त सभी ई-निविदाओं का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय **15.00** बजे टेण्डर खुलने की तिथि तक उपलब्ध है। 2. उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नही की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको Digital हस्ताक्षर प्रमापापत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **66/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# कलेक्टर ने सुनी समस्याएं : बिजली, पानी व सड़क से जुड़े परिवाद रहे ज्यादा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** डीओआईटी सभागार में गुरुवार को जिला कलक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई अटल जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर चौधरी ने जिलेभर से आए परिवादियों के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनका त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि समस्त अधिकारी अपने विभाग व क्षेत्र से जुड़ी आमजन की विभिन्न परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण कर उन्हें राहत प्रदान करें। इस दौरान उन्होंने विभिन्न लंबित प्रकरणों में जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।




जिला कलेक्टर चौधरी ने अधिकारियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र को दिलवाने व जनसुनवाई से परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण कर आमजन को अधिकाधिक लाभान्वित करने की बात कही। जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने सड़क, पानी, बिजली, चिकित्सा सहित विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने संपर्क पोर्टल की भी समीक्षा की साथ ही विभिन्न स्तर पर लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने की बात भी कही। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दिनेश राय सापेला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश चंद अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवाराम चौधरी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# दलपतसिंह को कोतवाली तो घनश्यामसिंह को सौंपी सिरोही सदर थाने की कमान

**पुलिस अधीक्षक ने बुधवार रात को थानाधिकारियों को सौंपी कमान**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिले में पुलिस प्रशासन की ओर से बुधवार देर रात को एक बड़ा फेरबदल किया है। एसपी अनिल कुमार के नेतृत्व में जिले की पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 30 पुलिस अधिकारियों के तबादले किए है। जिसमें 11 इंस्पेक्टर रैंक तथा 19 सब इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। एसपी ने बेनिवाल ने अलग अलग आदेश जारी कर तबादले किए है। जिसमें सिरोही कोतवाली में दलपतसिंह तथा सदर में घनश्यामसिंह, साइबर थाने में कैलाशदान को थानाधिकारी लगाया गया। है। जबकी हरचंद देवासी को



आबूरोड शहर थाना प्रभारी, भवानीसिंह को पिण्डवाड़ा, दर्शनसिंह को आबूरोड सदर, लक्ष्मणसिंह को आबूरोड रीको, पर्वत डांगा को आबूपर्वत थाना एवं सीताराम को रेवदर थाने, राजेश पंचाल को पुलिस लाइन में संचित निरीक्षण और अचलदान को सिरोही कार्यालय में तैनात किया गया। इसी के साथ 19 सब इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों के भी तबादले किए गए। इनमें प्रमुख रूप से मनीष सोनी, निर्मल कुमार, भगवानराम, सरिता विश्नोई, शशिकला, राजेंद्रसिंह, प्रेमसिंह, भागचंद वर्मा, प्रभुराम, माया पंडित और जितेंद्रसिंह शामिल हैं। इन अधिकारियों को विभिन्न थानों, चौकियों और पुलिस लाइन में नई जिम्मेदारियां दी गई हैं।

### नवनियुक्त थानाधिकारियों ने संभाला पदभार

*आबूरोड। शहर व रीको थाना में नवनियुक्त थानाधिकारियों ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया। शहर थाने में हरचंदराम देवासी व रीको थाने में लक्ष्मणसिंह ने पदभार ग्रहण किया। दोनों थाानाधिकारियों का गणमान्य नागरिकों ने स्वागत व अभिनंदन किया।*

# माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस

**बादल छाए रहने से दिन में भी सर्दी जारी**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**माउंट आबू।** हिमाचल प्रदेश और कश्मीर में पड़ रही बर्फका सीधा असर हिल स्टेशन माउंट आबू में दिखाई दे रहा है। शीत लहर चलने से लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। गुरुवार सवेरे से ही आसमान में बादलों ने डेरा डाल दिया। जिससे दिन में भी सर्दी का असर जारी रहा। लोगों ने सर्दी से बचाव को जगह-जगह अलाव तापते हुए चाय और कॉफी का सहारा लिया।





बादलों का जमघट लगा रहने से सूरज के छिपने पर लोग धूप सेवन का आनंद नहीं ले पाए। लोगों को दिन भी भारी भरकम गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। तापमान में उतार चढ़ाव के चलते न्यूनतम तापमान 5.4 व अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम ढलते ही लोगों ने सर्दी से बचने के लिए अलाव भी तापे और गर्म व्यजंनों का सहारा लिया। दिन में दर्शनीयस्थलों का अवलोकन करते हुए पर्यटकों ने फोटो भी खींचे।



## गोशाला मे किया गोदान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरुपगंज।** काशी विश्वनाथ गोशाला में गुरुवार को गोभक्तों ने गोदान किया। सचिव लक्ष्मणसिंह गुजराल ने बताया कि गोभक्त धनदास वैष्णव और शंकरदास वैष्णव परिवार ने सपत्नीक गोशाला में दान किया। रविन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने 21 हजार रुपए भेंट किए। गोभक्त बाबूलाल बंसल की स्मृति में परिवार की ओर से पांच ट्रोली हरा चारा वितरण किया। गोशाला अध्यक्ष लालदास, नीरजभाई, मांगीलाल, पशु सहायक भूपेंद्रसिंह, कल्पेश पुरोहित, बाबूलाल कलबी, शांतिदेवी, भंवरीदेवी, चंदूभाई, अशोक बंसल, सुशीला जोशी, नीलम दवे सहित गौ भक्त मौजूद रहे।

## मोहरेशा बने सरगरा समाज के जिला प्रचार मंत्री

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरुपगंज।** अखिल भारतीय सरगरा महासभा के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष संजय पढियार ने सरुपगंज के रमेश मोहरेशा को सरगरा समाज के जिला प्रचार मंत्री एवं रमाकांत सरगरा को समाज युवा महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत किया। संस्थापक सदस्य युवा संगठन सुरेश थिंगौर ने बताया कि मोहरेशा विविध सामाजिक संगठनों से जुड़कर समाज सेवा, सशक्तिकरण के क्षेत्र में लंबे समय से कार्य कर रहे है। वही सरगरा समाज युवा संगठन सरूपगंज के पूर्व अध्यक्ष रमाकांत खन्ना उड़वारिया को युवा महासभा का प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत किया गया।

## साइकिल पाकर बालिकाओं के खिले चेहरे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**दांतराई।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को सरपंच बबी बेन, उप सरपंच मणिलाल रावल, संस्था प्रधान भगवसिंह सोलंकी, एसडीएमसी लेहरचंद पुरोहित, पहाड़सिंह देवड़ा एवं विद्यालय की उपस्थिति में बालिकाओं को साइकिल वितरित की। सरपंच भाट ने बालिकाओं को अपने जीवन में उच्च शिक्षा अर्जित कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उप सरपंच रावल ने बालिकाओं को सरकार की विविध प्रकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान की। संस्था प्रधान सोलंकी ने बालिकाओं को कैरियर निर्माण से संबंधित जानकारी प्रदान दी। बबली मीणा, संतोष मिस्त्री, तेजसिंह सोलंकी, रामराज गुर्जर, रामेश्वरलाल, सुमेरसिंह सोलंकी, अगराराम बोस, मंगनाराम, कमलेश कुमार उपस्थित रहे।




**पोसालिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खंदरा में सरपंच तेजाराम सरगरा की अध्यक्षता में 12 बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई। प्रधानाचार्य वागालाल मीणा ने बताया कि सभी बालिकाओं को साईकिल मिलने के हर्ष जताया। शम्भुलाल, महेश, प्रवीण कुमार, कल्याणसिंह, वार्ड पंच नेनाराम, रुपाराम आदि मौजूद थे।

## रक्तदान कर बचाई गर्भवती की जान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** राजस्थान रक्तदान सेवा संस्थान के प्रयास से युवक ने रक्तदान कर गर्भवती महिला की जान बचाई। टीम के वॉटस एप ग्रुप के माध्यम से पता चला कि महिला को डिलेवरी में एबी नेगेटिव की जरूरत है। जिससे सदर बाजार निवासी राहुल सोनी से संपर्क किया गया। सोनी ने तुरन्त ब्लड बैंक पहुंचकर कर रक्तदान किया। महिला को राहत प्रदान कराई । संस्था के जिलाध्यक्ष मनीष सिंहल ने बताया कि टीम द्वारा समय समय पर ब्लड कैम्प व इमरजेंसी होने पर तत्काल रक्त की व्यवस्था करवाई जाती है। ब्लड बैंक प्रभारी धर्मेंद्रसिंह ने रक्तदाता का आभार जताया।



# सीइओ के आदेश की अवहेलना, न कमेटी बनी, ना हुई जांच

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

*तलहटी। तत्कालिन मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ टी शुभमंगला ने 21 नवम्बर 2022 को एक आदेश जारी कर ग्राम विकास अधिकारी दोयतरा को निलम्बित करते हुए विकास अधिकारी को ग्राम विकास अधिकारी धर्मेद्र मिश्रा की ओर से किए कार्यों के लिए कमेटी गठित कर जांच के निर्देश दिए थे। लेकिन, आज दिन तक न तो कमेटी का गठन किया गया और न ही जांच की गई। वहीं वर्तमान तबादलों के दौर में ग्राम पंचायत उपलागढ़ में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तबादला किया गया।*

### यह था मामला

ग्राम विकास अधिकारी दोयतरा मिश्रा के खिलाफ विभिन्न शिकायतें जो लोकायुक्त जयपुर, एवं जिला कलेक्टर सहित मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्यालय को प्रस्तुत की गई। शिकायतों में वर्णित ग्राम पंचायतों के कार्यो में लापरवाही बरतते हुए वित्तिय अनियमितता कर राजकोष राशि का दुरुपयोग किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत आमथला के 2,08,666 रुपये की गम्भीर वित्तिय अनियमितता मिलने पर निलम्बित कर इनके कार्यकाल में किए कार्य की जांच के निर्देश दिए। आरोप प्रमाणित होने पर इनके खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाने के भी निर्देश दिए थे। लेकिन, आज दिनांक तक विकास अधिकारी पंचायत समिति आबूरोड द्वारा न तो कमेटी का गठन किया गया और नही जांच करवाई गई। अब ग्राम पंचायत उपलागढ में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तबादला भी कर दिया गया।

## केर में रात्रि चौपाल आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ दिनेश राय सापेला की अध्यक्षता में केर में रात्रि चौपाल एवं जनसंवाद का आयोजन किया गया। एडीएम सापेला ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित विभाग को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। परिवेदनाएं विभिन्न समस्याओं जैसे बिजली, पानी, कक्षा कक्ष निर्माण इत्यादि की प्राप्त हुई। ग्रामवासियों द्वारा नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण होते ही जिला प्रशासन द्वारा रात्रि चौपाल आयोजन पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी नरेंद्र जांगिड़, विकास अधिकारी नवलराम, तहसीलदार शंकरलाल परिहार, निजी सहायक सुरेन्द्र खाटीवाल व अन्य जिलास्तर व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की पुण्यतिथि कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**माउंटआबू।** पाडव भवन में शनिवार को संगठन संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की पुण्यतिथि को विश्व शान्ति दिवस के रूप में मनाई जाएगी। जिसकी सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संयुक्त मुख्य प्रशासिका बीके शशि प्रभा ने बताया कि विश्व शान्ति दिवस के रूप में मनाई जाने वाली ब्रह्माबाबा की पुण्यतिथि में भाग लेने को विश्व के अनेक देशों से राजयोगी पहुंच रहे है।



## महाराष्ट्र विधान परिषद के लीडर ऑफ पोजिशन कल जिले के दौरे पर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** महाराष्ट्र विधान परिषद के लीडर ऑफ ऑपोजिशन अंबादास दानवे शुक्रवार से दो दिन के लिए जिले की यात्रा पर रहेंगे। दानवे शनिवार रात को शांतिवन पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन रविवार को वे सवेरे माउंट के लिए रवाना होंगे। दोपहर को वे शांतिवन के लिए रवाना होंगे। यहां कार्यक्रम के बाद रात को अहमदाबाद के लिए रवाना होंगे।

## जागरूकता शिविर आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** जनजातीय स्वास्थ्य एवं अनुसंधान केंद्र टेली मेडिसिन सेंटर के तत्वावधान में चिकित्सक एवं नर्सिंग स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशामकदेखभाल जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ.पीएन गुप्ता एवं अन्य चिकित्सकों ने पेन एण्ड पैलिएटिव केयर के बारे में चर्चा की। एसटीएचआर व नर्सिंग स्टूडेंट्स को एम्स जोधपुर द्वारा चल रहा होम केयर के बारे में जानकारी दी गई।

## पूर्णाहुति यज्ञ के साथ कथा का समापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** मानपुर के ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रीमद भागवत कथा का समापन एवं पूर्णाहुति यज्ञ का आयोजन किया गया। सेवा समिति सदस्यों का महंत जनकपुरी महाराज व स्वामी सदानन्द महाराज द्वारा सम्मानित किया गया। सेवासमिति के सदस्यों द्वारा वृंदावन के कथा वाचक स्वामी सदानंद का स्वागत अभिनन्दन किया गया। प्रसादी सांसद लुम्बाराम चौधरी, पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## सम्मान समारोह की तैयारी बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** सरगरा समाज की धर्मशाला में आबू पटटे की बैठक हुई। जिसमें प्रतिभा सम्मान समारोह पर चर्चा की गई। अखिल भारतीय क्षत्रिय सरगरा महासभा जिलाध्यक्ष राजेश धवलेशा के अनुसार नवनियुक्त पदाधाकारियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर समिति पदाधिकारी व समाजबंधु मौजूद थे।

## प्रॉपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** स्वामीनारायण मंदिर के सभाभवन में शनिवार को स्वामित्व योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल पट्टा/स्वामित्व प्रॉपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल को नियुक्त किया गया है।

# राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजकीय महाविद्यालय में नवनिर्मित आई-स्टार्ट लांच पैड कक्ष में स्टार्ट अप दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. अजय शर्मा, प्रो जीवी मिश्रा व डॉ. गायत्री प्रसाद समेत करीब 70 विद्यार्थियों भाग लिया। डोमेन एक्सपर्ट मानवेन्द्र खत्री, आई-स्टार्ट प्रोग्राम से वीडियों दिखाया। उद्यमिता दिवस व स्टार्ट अप के लिए इसके पोर्टल पर पंजीकरण की क्रियाविधि ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा बताया। टीचर मेटोर प्रो.जीवी. मिश्रा ने स्टार्ट अप/उद्यमिता के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। डॉ. गायत्री प्रसाद ने आज के समय में स्टार्ट अप के आयाम व व प्रासंगिकता की




जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. अजय शर्मा ने महाविद्यालय में राज्य सरकार के सूचना व प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा सुविधाओं से युक्त नवनिर्मित व सुसज्जित आई स्टार्ट लांच पैक का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। इसी प्रकार महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय पुराना भवन में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया गया। जिसमें प्राचार्य जगदीशसिंह आढ़ा तथा आई स्टार्ट प्रोग्राम के जुनियम डॉमेन एक्सपर्ट रविन्द्रपालसिंह चम्पावत ने विद्यार्थियों को आई स्टार्ट स्कूल एवं आई स्टार्ट नेस्ट डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के बार में जानकारी दी।

## व्यावसायिक कौशल दक्षता प्रदर्शनी का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** आईटीआई परिसर में राष्ट्रीय युवा सप्ताह एवं व्यावसायिक कौशल दक्षता प्रदर्शनी गोल सरपंव इन्द्रा रावल एवं कुलदीप रावल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। संस्थान के संस्था प्रधान दिनेश कुमार गौड़, उप निदेशक औप्रसं द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स मॉडल के बारे प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दी। राउमावि मांडवा के शारीरिक शिक्षक जितेन्द्रसिंह चौहान ने विद्यार्थियों के साथ उपस्थित होकर इस प्रदर्शनी में भाग लिया। भरत कुमार, कालूसिंह राजपुरोहित, प्रेमाराम गरासिया, कपुराराम का सहयोग रहा।

## राज्य स्तरीय स्काउट्स एवं गाइड्स शिविर में माधव विवि का बेहतर प्रदर्शन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय शिविर जयपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पांच दिवसीय शिविर में माधव विवि के प्रतिनिधियों ने आचार्य डॉ. धरती सवानी एवं आचार्य गोविंद कुमार के नेतृत्व में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और दक्षता का प्रदर्शन किया। शिविर के दौरान आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में गाइड कौशल एवं पूनम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विवि के चैयरमेन डॉ राजकुमार, चेयरपर्सन हिम्मतसिंह देवल, प्रेसिडेंट डॉ राजीव माथुर, प्रो. चांसलर डॉ. बी.के. गौतम, रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत, अकादमिक अधिष्ठाता डॉ. महेंद्रसिंह परमार, और छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. देवेंद्र मुझाल्दा ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# पाली में कोहरा, खिंवाड़ा में बरसात

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

पाली। गुरुवार सुबह शहर में घना कोहरा छाया रहा। विजिबिलिटी काफी कम थी। इसे में वाहन चालकों को भी आने-जाने में परेशानी हुई। अधिकतर वाहन चालक गाड़ी की हैडलाइट जलाकर चल रहे थे। पाली में गुरुवार सुबह का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री और अधिकतम तापमान 23 डिग्री। यहां पांच कि.मी. प्रति घंटे की स्पीड से हवा चल रही थी। जो तेज सर्दी का एहसास करा रही थी। मौसम विभाग ने 17 जनवरी को भी कोहरा छाए रहने और बूंदाबांदी होने की चेतावनी जारी कर रखी है। पाली जिले के खिंवाड़ा में गुरुवार सुबह हो रही बरसात। पाली के बजरंगबाग रोड पर कोहरे के बीच पैदल जाते शहरवासी। पाली में गुरुवार सुबह भी शहर में घना कोहरा छाया रहा। तेज ठंडी हवा के कारण सर्दी सुबह के समय बढ़ी हुई थी। ऐसे में स्कूल जाने वाले स्टूडेंट और घरों से आवश्यक काम से निकलते लोग गर्म कपड़ों में नजर आए। शहर में कई चाय की थड़ियों पर लोग अलाव तापते हुए चाय की चुस्कियां लेकर सर्दी से राहत पाने का जतन करते दिखे। सुबह के समय सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम ही नजर आई। कोहरे के कारण खास कर वाहन चालकों को परेशानी हो रही थी। कुछ ही फीट की दूरी पर नजर नहीं आ रहा था। ऐसे में वाहन चालक गाड़ियों की हेडलाइट जलाकर और कम स्पीड में जाते हुए नजर आए ताकि कोहरे के कारण हादसे का शिकार न हो जाएं। तखतगढ़ में सर्दी से राहत पाने के लिए अलाव तापते हुए। पाली के निकट गुंदोज में सर्दी से राहत के लिए अलाव तापते हुए लोग। पाली में हाईवे पर कुछ इस तरह का कोहरा गुरुवार सुबह छाया नजर आया।



▸▸ न्यूनतम तापमान पहुंचा नौ डिग्री

## कोहरा और शीत लहर से परेशान किसान



बाली। बाली उपखंड क्षेत्र में छाया कोहरे की स्थिति बनी हुई है, जिससे मुख्य सड़क पर वाहनों को दिन के समय भी लाइट जलाकर चलना पड़ रहा है। कोहरे के चलते दृश्यता काफी कम हो गई है, जिससे सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस कोहरे के साथ ही शीत लहर भी चल रही है, जिससे तापमान में गिरावट आई है। किसानों के लिए यह मौसम चिंताजनक साबित हो रहा है, क्योंकि पाले की संभावना बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि इस स्थिति में उनके फसलों को गंभीर नुकसान हो सकता है, खासकर उन फसलों को जो ठंडे मौसम को सहन नहीं कर पातीं। किसान संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें इस मौसम में उचित सलाह और मदद प्रदान की जाए, ताकि वे अपने फसलों की सुरक्षा कर सकें। साथ ही, स्थानीय मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक इसी तरह के मौसम की संभावना जताई है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है। इस कठिनाई में स्थानीय लोगों से भी अपील की गई है कि वे कोहरे के कारण सड़क पर चलते समय विशेष सावधानी बरतें और जरूरत पड़ने पर ही यात्रा करें।

## पतंग के मांझे से युवक घायल

पाली। पतंग के मांझे से घायल होकर एक और युवक इलाज के लिए पाली के बांगड़ अस्पताल पहुंचा। मांझे से उसके नाक और आंख के ऊपर कट लग गया। इस पर घाव को टीक करने के लिए नर्सिंगकर्मियों ने 12 टांके लगाए। पतंग के मांझे से घायल होने वाले ज्यादातर लोग ओवरब्रिज पर हादसे का शिकार हुए। गुरुवार शाम को सोसाइटी नगर निवासी 35 साल का गणपत पुत्र रतनलाल रेगर बाइक से सूरजपोल की तरफ आ रहा था। उन्होंने बताया उनकी दाढ़ में दर्द था इसलिए डाक्टर को दिखाने आ रहा था। जैसे ही ओवरब्रिज बाइक लेकर पहुंचा पतंग का मांझा उनके चेहरे से टकराया। वे कुछ समझते इससे पहले तेज मांझे से उनके नाक और आंख के ऊपर कट लग गया। वे तुरंत रुके और मांझे को हटाया। मांझे से हुए घाव से खून बहने लगा। इस दौरान उधर से गुजर रहे लोग उन्हें उपचार के लिए पाली के बांगड़ अस्पताल लेकर पहुंचे।

■ नाक-आंख के ऊपर लगे 12 टांके

# मॉडल राठेलाव तालाब का सफाई अभियान जोरों पर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



स्वछ भारत मिशन अंतर्गत गांव होगा गंदगी मुक्त

देसूरी। विकास अधिकारी कुम्भसिंह भाटी के निर्देशानुसार देसूरी ग्राम पंचायत द्वारा गुरुवार राठेलाव चौराहे स्थित मॉडल राठेलाव तालाब का सफाई अभियान शुरू किया गया। सरपंच केसाराम भील ग्राम विकास अधिकारी घीसाराम चौधरी ने बताया कि कस्बे के मॉडल राठेलाव तालाब में स्थानीय दुकानदारों द्वारा कचरा आदि डाला जा रहा है। दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों का कचरा पॉलीथिन कटिंग बाल व अन्य प्रकार के वेस्टेज मॉडल राठेलाव तालाब में डाला जा रहा है। जिससे तालाब का सौंदर्यकरण खराब हो रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी ग्राम पंचायत द्वारा तीन बार सफाई अभियान चलाया गया मगर स्थानीय दुकानदारों द्वारा फिर से मॉडल तालाब में कचरा पॉलीथिन आदि डाला जा रहा है। इस बारे में ग्राम पंचायत द्वारा एक बार पुनः नोटिस व अपील जारी की गई है। नोटिस व अपील के बाद पुनः दुकानदारों द्वारा कचरा व पॉलीथिन आदि डाले पाए जाने पर आवश्यक कार्यवाही कर दंडित की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज एक बार पुनः मॉडल राठेलाव तालाब का स्वछ भारत अभियान के तहत सफाई अभियान शुरू किया गया है। राठेलाव तालाब के साथ अब देसूरी ग्राम की गलियों, मोहल्लों, नालियों आदि की भी सफाई युद्धस्तर पर शुरू की गई है।

### तालाब की पाल का पक्का निर्माण जरूरी

■ कस्बे के मुख्य मॉडल राठेलाव तालाब की पाल कच्ची मिट्टी की होने के कारण तालाब के किनारे तेज हवाओं से पॉलीथिन की थैलियों आदि इकट्ठी हो जाती है जिससे प्रतीत होता है कि तालाब में गंदगी का आलम है पर ऐसा नही है। यदि राठेलाव तालाब की पाल का पक्का निर्माण किया जाए तो कचरा पॉलीथिन आदि से मुक्ति मिल सकती है। तालाब की पक्की पाल होने से कोई भी कचरा पॉलीथिन आदि नही डाल सकेगा।

## बोलेरो का टायर फटा तीन घायल

बाली। राजस्थान के बाली-फालना मार्ग पर श्री सेला गांव के पास एक गंभीर सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब एक चलती बोलेरो का टायर अचानक फट गया, जिससे दो बोलेरो वाहन आपस में टकरा गए। दुर्घटना में बोलेरो चालक डूंगाराम चौधरी (पुत्र चतराराम चौधरी) और दो महिलाएं घायल हुईं। सभी घायलों को तत्काल बाली जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

चालक डूंगाराम चौधरी की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया है। सूचना मिलते ही फालना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। पुलिस के अनुसार घटना के समय मार्ग पर कोई अन्य वाहन या राहगीर नहीं था, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। पुलिस ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं की विस्तृत जांच की जा रही है।



## शहीद भगत सिंह सेवा समिति के फिर अध्यक्ष बने परिहार




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सुमेरपुर। नगर के जाखामाता मंदिर परिसर में शहीद भगतसिंह सेवा समिति की बैठक संस्थापक व अध्यक्ष अमृत परिहार की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में संगठन के चुनाव करवाने पर चर्चा की गई, जिसके बाद सर्वसम्मति से कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें एक बार पुनः समिति के संस्थापक व अध्यक्ष अमृत परिहार को अध्यक्ष चुना गया। इसी के साथ संरक्षक पद पर हिम्मत देवड़ा, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र व संदीप, सचिव अरुण जॉन, सहसचिव धनराज देवड़ा, मंत्री कुलदीप सिंह, श्रवण परिहार, महामंत्री रमजान खान, फागूराम प्रजापत, रूपेश कुमार देवासी, रोहित वर्मा, कोषाध्यक्ष ललित माली, नरपत माली, मीडिया प्रभारी नरपत सिसोदिया, बाबूदास वैष्णव, प्रचार मंत्री सुरेश मारू, मुनराज देवड़ा, सदस्य गोविंद कुमार, मुकेश प्रजापत, ओम दमानी, कमलेश मीणा, मनोहर सिंह, इंदर सिंह, अर्जुन माली व राजेंद्र मीणा को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे सुमेरपुर भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष रविकांत रावल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हनुमतसिंह राजपुरोहित, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र माली, सांसद प्रतिनिधि अनूपसिंह राठौड़, पार्षद दिलीप सोलंकी, भरत सिंह पालड़ी और सुरेश पुराडा मौजूद थे।

## चबूतरा बनाने पर दो पक्षों में झगड़ा

▸▸ महिला सहित छह घायल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

पाली। दो पड़ोसियों में मकान के सामने चबूतरा बनाने की बात को लेकर विवाद हो गया। मामला मारपीट तक पहुंच गया। जिसमें दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए पाली के बांगड़ अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार डेंडा गांव निवासी मांगीलाल प्रजापत ने मकान का निर्माण करवाया। मकान के सामने चबूतरा बनाया जा रहा था। पड़ोस में रहने वाले पुखराज प्रजापत ने कहा कि सड़क की तरफ चबूतरे की चौड़ाई कम रखी जाए। ताकि रास्ते में लोगों को आने-जाने में परेशानी न हो। इस पर पुखराज ने कहा कि नाली से पीछे चबूतरा बनाया है। इस बात पर दोनों में झगड़ा हो गया जो मारपीट तक पहुंच गया। इस घटना में 60 साल का मांगीलाल पुत्र राजाराम प्रजापत, उसकी 58 साल की पत्नी सीतादेवी, 32 साल की बेटी गुड़िया और 35 साल का बेटा गोपाल घायल हो गया। दूसरे पक्ष के मांगीलाल पुत्र चुन्नीलाल और उनका बेटा नरपत घायल हो गया। जिन्हें उपचार के लिए पाली के बांगड़ अस्पताल लाया गया। जहां सभी का उपचार जारी है। दोनों पक्ष के लोग आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं।

## शिव महिला मंडली ने महाकुंभ में साधु-संतों को कराया भोजन



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सुमेरपुर। नगर की शिव महिला भजन मंडली ने प्रयागराज महाकुंभ में साधू-संतो के भोजन प्रसादी के लिए चार लाख रूपए की राशि एकत्रित कर भंडारा किया। हर बार कुंभ मेले में अखिल भारतीय रामानंद खाकी बुसी अखाड़ा के महंत श्री हरिदास महाराज साधू-संतो के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था करते थे। लेकिन इस बार महाकुंभ के एक माह पहले ही उनके देवलोक गमन होने पर इसका पुरा जिम्मा उनकी शिष्या व शिव महिला भजन मंडली की अध्यक्षा मंजुदेवी कुमावत ने उठाया। महाकुंभ में शिव महिला मंडली एवं महंत हरिदास महाराज के शिष्य एवं मारवाड़ व मेवाड़ के भक्तजनों ने मिलकर भंडारा किया। साधू-संतो को भोजन प्रसादी, चादर, कलश, मेवा एवं दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। अध्यक्ष मंजुदेवी ने बताया कि पिछले तीन-चार सालों से मंडली की महिलाएं घर-घर जाकर भजन कीर्तन करती हैं व इससे मिलने वाली राशि एकत्रित की थी। इस राशि का सदुपयोग करते हुए महाकुंभ में साधू-संतो के भोजन प्रसादी की। गौरतलब हैं कि शिव महिला मंडली समय-समय पर पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी, गोवंशों के लिए चारा तथा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के लिए सेवा कार्य करती आ रहीं हैं।

### अरावली कॉलेज में कॅरिअर-डे पखवाड़ा



## कई प्रतियोगिताएं आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सुमेरपुर। अरावली महाविद्यालय में विवेकानंद जयंती पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। संयोजक कुलदीप दवे ने बताया कि बुधवार को निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद, नाटक व चित्रकला प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया। संस्थान अध्यक्ष डा. हिम्मतसिंह राठौड़, सहायक निदेशक डा. नौरतन मुद्गल व प्राचार्य कृष्णपालसिंह देवड़ा ने छात्रों को जीवन में विवेकानंद के जीवनी से प्रेरणा लेकर उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में मजबूत नींव रखने की बात को साझा किया। साथ ही स्थानीय महाविद्यालय के छात्र रवि सोनी के द्वारा चित्रित की गई अनुपम कृति को महाविद्यालय द्वारा भारतीय संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय को प्रेषित कर नवाचार का कार्य किया गया। इस मौके पर मालदेवसिंह, कैलाश कुमार, नरेंद्र गोयल, रंजीत गहलोत, इंसाफ खान, रमेश कुमावत आदि मौजूद रहे।

■ अरावली महाविद्यालय में विवेकानंद जयंती

## नाडोल में अभिभावक सम्मेलन संपन्न

नाडोल। आशापुरा आदर्श विद्या नाडोल में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सादडी संकुल प्रमुख मनोहरलाल सोलंकी और स्थानीय प्रबंध समिति के सहव्यवस्थापक भाटी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुनेश कुमार भाटी ने विद्या भारती के विद्यालयों द्वारा देशभर में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार प्रदान करने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मनोहर लाल सोलंकी ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की शैक्षिक प्रगति पर नजर रखें और विद्यालय में आकर शिक्षकों से बातचीत करें। अभिभावकों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग के दुष्परिणामों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मोबाइल के अधिक उपयोग से बच्चों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रताप सिंह सोलंकी, संगीता, भगवती सहित अभिभावकगण उपस्तिथ थे।



## पत्नी पसंद नहीं आई तो कर दी हत्या

▸▸ आरोपी पति को आजीवन कारावास

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



पाली। गुरुवार को अपर जिला सेशन न्यायालय के न्यायाधीश शरद तंवर ने हत्या के दर्ज सात साल पुराने मामले में फैसला सुनाया। जिसमें अभियुक्त सुनिल को अपनी पत्नी की हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट के अपर लोक अभियोजक निखिल व्यास ने बताया कि रोहट थाने में परिवादी गोपीलाल ने तीन सितंबर 2018 को रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि उसके बड़े भाई लूणाराम की बेटी गंगा की शादी 29 अप्रैल 2018 को ढूंढनी गांव (रोहट) निवासी 31 साल के सुनिल पुत्र हीरालाल से तय हुई। रिपोर्ट में बताया कि गंगा एक आंख से थोड़ा तिरछा देखती थी। ये बात सुनील और उसके परिजनों को बता दी गई थी। उनके राजी होने पर शादी तय हुई। लेकिन शादी के कुछ माह बाद ही सुनील ने गंगा को कहा कि वो उसे पसंद नहीं करता है और ताने देता था। एक दिन नींद की गोलियां कूट कर गंगा को खिला दी। फिर बेहोश होने पर गला घोट कर उसकी हत्या कर दी। फिर तीन सितंबर 2018 की सुबह करीब साढ़े पांच बजे सुनील के पिता हीरालाल ने कॉल कर बताया कि गंगा को सांप ने काट लिया जिससे उसकी मौत हो गई। इस पर वे गंगा के ससुराल गए। जहां उसके अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी। रिपोर्ट में बताया कि गंगा की बॉडी देखी तो उसका गला घोंटने के निशान नजर आए। इस पर शक होने पर थाने में रिपोर्ट दी। पुलिस ने हत्या की धारा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस और गवाहों के बयान सुनने के बाद 16 जनवरी को पाली के अपर जिला सेशन न्यायालय के न्यायाधीश शरद तंवर ने रोहट थाना एरिया के ढूंढनी गांव (रोहट) निवासी 31 साल के सुनिल पुत्र हीरालाल को अपनी पत्नी गंगा की हत्या करने ओर उसे आत्महत्या का रूप देने का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 25 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

विभाग: प्रमुख अभियंता (मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल)

ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज आईडी नं. | 2025-एमसीजीएम-1138264-1 |
| संस्था का नाम | बृहन्मुंबई महानगर पालिका |
| विषय | कस्तुरबा हॉस्पिटल में बेस्ट के साथ सहयोग में इलेक्ट्रिल मीटर केबिन के रिफर्बिशमेंट का कार्य। |
| जांच शुल्क | रु. 3300/- (+ 18% जीएसटी) |
| ई-निविदा लागत (अनुमानित लागत) | रु. 15,21,036/- |
| बोली प्रतिभूति/ईएमडी | रु. 18,000/- |
| निविदा जारी करने की दिनांक | 17.01.2025 को 11.00 बजे |
| बोली प्रतिभूति प्राप्ति की अंतिम दिनांक व समय | 23.01.2025 को 16.00 बजे तक |
| लिफाफा ए, बी तथा सी (ऑनलाइन) जमा करना | 23.01.2025 को 16.00 बजे तक |
| प्री-बिड मीटींग | लागू नहीं |
| लिफाफा ए खुलना | 24.01.2025 को 16.00 बजे |
| लिफाफा बी खुलना | 24.01.2025 को 16.00 बजे |
| संपर्क हेतु पता | कार्यालय ई.ई. मैक. (ई.आई.) मेंट., बीएमसी महापालिका वर्कशॉप, आर.एस. निमकर मार्ग, भायखळा, मुंबई 400008 |
| बोली खुलने का स्थान | कार्यालय ई.ई. (ई.आई.) मेंट. में ऑनलाइन |
| एनआईसी पोर्टल | http://mahatenders.gov.in |

यह निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय है।
एमसीजीएम के पास किसी भी आवेदन का स्वीकार करने या उक्त विषय में किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

PRO/2257/ADV/2024-25 ई.ई. मैक. (ई.आई.) मेंट.

बुखार? सही एवं संपूर्ण इलाज हेतु तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## सन साइन स्कूल में फूड कार्निवल का आयोजन



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सुमेरपुर। सन साइन स्कूल में गुरुवार को फूड कार्निवल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा पांच से दस तक के छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। छात्रों ने स्वयं विभिन्न प्रकार के व्यंजन जैसे केक, पानी पुरी, फ्रूट सलाद, कटोरी चाट, खाखरा पिज्जा, कॉर्न चाट, कोल्ड कॉफी और सैंडविच बनाए। इस आयोजन के माध्यम से छात्रों को न केवल खाना बनाने का तरीका सिखाया गया, बल्कि उन्हें इसे बेचने का अनुभव भी दिया गया। कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए प्रधानाचार्य चमनाराम कुम्हार ने छात्रों की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षण संस्था अध्यक्ष जगदीश प्रजापत, सचिव अश्विन कुमावत, मैनेजर मोहन देवासी बिरोलिया, कार्यक्रम प्रभारी पायल सोलंकी उपस्थित थे।

## पाली में बाइक से गिरी महिला, सिर फटा

पाली। पति और दो बच्चों के साथ बाइक पर बैठकर पीहर जा रही 25 साल की विवाहित बीच रास्ते बाइक से गिर गई। हादसे में उसके सिर में चोट आई। जिसे उपचार के लिए पाली के बांगड़ अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उसका उपचार किया। जानकारी के अनुसार पाली जिले के रोहट क्षेत्र के ढाबर गांव निवासी सोनाराम भील अपने दो बच्चों और 25 साल की पत्नी चारणदेवी को बाइक पर बिठाकर अपने ससुराल रामपुरिया गांव गुरुवार को जा रहा था। दूदिया गांव के निकट स्पीड ब्रेकर पर बाइक तेज होने से बाइक के पीछे बैठी 25 साल क चारणदेवी उछलकर बाइक से नीचे गिर गई। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोट आई। उसके गिरने ही सोनाराम ने बाइक रोकी ओर पत्नी को तुरंत इलाज के लिए पाली के बांगड़ अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां उसका डाक्टर ने इलाज किया। गनीमत रही कि हादसे में सोनाराम या उसके दोनों बच्चों को किसी तरह की चोट नहीं आई।

■ पति के साथ जा रही थी पीहर

## पीएम श्री स्कूल की छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण

▸▸ छात्राओं ने देखी आईटीआई में कौशल प्रदर्शनी



सादड़ी। स्थित पीएम श्री श्री धनराज बदामिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल की छात्राओं ने गुरुवार को शैक्षणिक भ्रमण किया। व्यवसायिक शिक्षा एक्सपोजर विजिट के तहत छात्राओं ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) देसूरी का दौरा किया। स्कूल के प्रधानाचार्य विजय सिंह माली के मार्गदर्शन और व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी कविता कंवर के नेतृत्व में कक्षा छह, सात और आठ की छात्राएं आईटीआई पहुंचीं। संस्थान के प्रभारी देवेंद्र सिंह ने छात्राओं को संस्थान की विस्तृत जानकारी दी और प्रवेश प्रक्रिया से अवगत कराया। छात्राओं ने शिक्षिकाओं सरस्वती पालीवाल, सुशीला सोनी, मनीषा सोलंकी और वीरमराम चौधरी के साथ संस्थान में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, वायरमैन और मैकेनिक मोटर व्हीकल के क्षेत्र में प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी प्रदर्शित की गई थी। कनिष्ठ अनुदेशक राजेंद्र माली, कैलाश चौहान और ओमप्रकाश ने छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया। उप प्राचार्य स्नेहलता गोस्वामी ने बताया कि यह भ्रमण कक्षा छह, सात और आठ के विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। छात्राओं ने प्रदर्शनी को अत्यंत उपयोगी बताया और इसकी सराहना की।

# 3 महीने बाद मैदान पर उतरे कुलदीप यादव



## इंग्लैंड के खिलाफ खेल सकते वनडे सीरीज

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया पर गेंदबाजी प्रैक्टिस की एक वीडियो शेयर की है, जिसमें वह लाल गेंद से अभ्यास कर रहे हैं और पूरी तरह फिट नजर आ रहे हैं, जोकि भारतीय टीम के लिए अच्छी खबर है। लेग स्पिनर कुलदीप यादव ग्रोइन इंजरी के कारण लंबे समय से टीम से बाहर चल रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रविवार को भारतीय टीम का ऐलान होने वाला है और उससे पहले कुलदीप ने गेंदबाजी शुरू कर दी है, ऐसे में उनकी वापसी की उम्मीदें बढ़ गई है। इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम 22 जनवरी से पांच मैचों की टी20 सीरीज और फिर वनडे सीरीज खेलेगी। हालांकि टी20 सीरीज के लिए कुलदीप यादव टीम में जगह नहीं बना पाए हैं लेकिन वनडे सीरीज में उनकी वापसी हो सकती है। पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरू में पहले टेस्ट के दौरान ग्रोइन की चोट का शिकार हुए कुलदीप ने इंस्टाग्राम पर 45 सेकंड का वीडियो साझा किया है जिसमें वह नेट्स पर गेंदबाजी कर रहे हैं। लेग स्पिनर कुलदीप ने भारत के लिए आखिरी मैच अक्टूबर में बेंगलुरु के मैदान पर न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज में खेला था। इंग्लैंड की टीम अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत का दौरान करके पांच टी20 और तीन वनडे खेलेगी। कुलदीप को टी20 टीम में नहीं चुना गया है लेकिन वह आने वाले कुछ दिनों में फिटनेस टेस्ट देंगे जिससे वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनकी उपलब्धता का पता चलेगा। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज 22 जनवरी से शुरू होगी, जबकि भारत को चैंपियंस ट्रॉफी में पहला मैच 20 फरवरी से खेलना है। कुलदीप के उपलब्ध नहीं होने पर रवि बिश्नोई या वरूण चक्रवर्ती को मौका मिल सकता है।

### भारतीय बल्लेबाजों को मिला नया गुरु

# भारत के बैटिंग कोच बने सितांशु कोटक



**नई दिल्ली।** सौराष्ट्र के पूर्व बल्लेबाज सितांशु कोटक को इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी से पहले गुरुवार को भारत का बल्लेबाजी कोच बनाया गया। 52 वर्ष के कोटक लंबे समय से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में बल्लेबाजी कोच हैं। वह सीनियर और ए टीमों के साथ दौरों पर जा चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सहायक कोच अभिषेक नायर का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा ,''यह स्पष्ट है कि अभिषेक नायर से खिलाड़ियों को मदद नहीं मिल पा रही है। कोटक लंबे समय से बल्लेबाजी कोच हैं और खिलाड़ी उन पर भरोसा करते हैं।'' ऑस्ट्रेलिया में भारतीय बल्लेबाजों की तकनीकी कमियां उजागर हुई और विराट कोहली आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों पर विकेट गंवाते रहे। कोटक ने घरेलू क्रिकेट में 15 शतक समेत 8000 से अधिक रन बनाए हैं। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी।

सूत्र ने कहा ,'' भारत ए टीम का दौरा होने वाला है और कोटक आम तौर पर ए टीमों के साथ रहते हैं। वह लेवल तीन के कोच हैं और अतीत में वीवीएस लक्ष्मण के सहायक रह चुके हैं। वह पिछले साल आयरलैंड दौरे पर भारत के कोच थे। चूंकि वह एनसीए स्टाफ हैं तो उन्हें कहीं भी भेजा जा सकता है।''

#### खिलाड़ियों के साथ लगातार तकनीकी समस्या

समझा जाता है कि मुंबई के पूर्व दिग्गज नायर समीक्षा के दायरे में है। ऐसा माना जा रहा है कि वह सिर्फ प्रभावी सीनियर खिलाड़ियों के लिए ही उपलब्ध रहते हैं, उनकी नियुक्ति में भूमिका रही है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर महान पूर्व बल्लेबाज गावस्कर ने भारतीय सहयोगी स्टाफ की भूमिका पर यह कहकर सवाल उठाया था कि कोहली जैसे खिलाड़ियों के साथ लगातार तकनीकी समस्या आने के लिए उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। सहयोगी स्टाफ में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्नी मोर्कल और नीदरलैंड के रियान टेन डोइशे कोच हैं।

# द. अफ्रीका को बड़ा झटका एनरिक नॉर्त्जे को फिर लगी चोट

## चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्त्जे पीठ की चोट के कारण बुधवार को चैंपियंस ट्राफी से बाहर हो गए। नॉर्त्जे ने पिछले साल जून में टी20 विश्व कप फाइनल के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। उन्हें इस हफ्ते के शुरू में दक्षिण अफ्रीका की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में शामिल किया था, लेकिन सोमवार को हुए स्कैन से स्पष्ट हो गया कि वह 19 फरवरी को पाकिस्तान में शुरू होने वाले आईसीसी के इस टूर्नामेंट के लिए समय पर फिट नहीं हो पाएंगे।



क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने एक बयान में कहा, 'प्रिटोरिया कैपिटल्स के तेज गेंदबाज नॉर्त्जे पीठ की चोट के कारण बेटवे एसए20 के बचे हुए मुकाबलों और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए हैं।' टीम में उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी के नाम की घोषणा आगे की जाएगी। पिछले साल नवंबर में ग्रोइन स्ट्रेन की वजह से एनगिडी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल रहे थे। एनगिडी ने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज मिस किया था। उनकी टीम में वापसी हुई है। बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई है। ऐसे में चैंपियंस ट्रॉफी में भी उनसे यही उम्मीद की जा रही है। दक्षिण अफ्रीका की टीम को ग्रुप-बी में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और अफगानिस्तान के साथ रखा गया है। दक्षिण अफ्रीका की टीम 2023 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची थी। तब टीम का प्रदर्शन शानदार रहा था और उन्हें सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार मिली थी। उस टूर्नामेंट में भी तेम्बा बावुमा कप्तान थे। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की टीम टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में भी पहुंची थी।

### विजय हजारे ट्रॉफी

# भारतीय टीम में नहीं होंगे राहुल और सैमसन : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** विजय हजारे ट्रॉफी के लिए तैयारी शिविर में शामिल न होने के संजू सैमसन के फैसले से उन्हें केरल की टीम से बाहर होना पड़ा। अब रिपोर्ट के अनुसार विकेटकीपर-बल्लेबाज को चैंपियंस ट्रॉफी टीम से भी बाहर किया जा सकता है। सैमसन का नाम विजय हजारे ट्रॉफी के लिए संभावित खिलाड़ियों की सूची में था, जिसमें 30 खिलाड़ी शामिल हैं। फिर भी केरल के प्रशिक्षण शिविर में रिपोर्ट न करने के कारण भारत के इस स्टार को टूर्नामेंट के लिए नहीं चुना गया। टीम ने वायनाड के कृष्णगिरी स्टेडियम में दो अभ्यास मैच खेले जिसके बाद चयनकर्ताओं ने 19 सदस्यीय टीम का चयन किया। सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद सलमान नजीर को केरल का कप्तान बनाया गया। सैमसन भारत की चैंपियंस ट्रॉफी में दूसरे विकेटकीपर की भूमिका के लिए दौड़ में थे, लेकिन दाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने अपना आखिरी 50 ओवर का मैच दिसंबर 2023 में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे में खेला था। बीसीसीआई ने राष्ट्रीय खिलाड़ियों के बिना चोट के उचित कारण या चोट की चिंता के घरेलू मैचों को छोड़ने के बारे में कड़ा रुख अपनाया है। संभावना है कि सैमसन को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नहीं चुना जाएगा, भले ही वह टी20आई में नंबर 1 पसंद बने हुए हैं। सैमसन इंग्लैंड के खिलाफ भारत की घरेलू सीरीज में अभिषेक शर्मा के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। दूसरे विकेटकीपर के स्थान को लेकर बहस तब तेज हो गई क्योंकि केएल राहुल अब वनडे में विशेषज्ञ विकेटकीपर की भूमिका के लिए विचार में नहीं हैं। रिपोर्ट में कहा गया, 'वनडे विश्व कप के दौरान स्टंप के पीछे केएल राहुल की मौजूदगी ने भारतीय टीम को संतुलन दिया, लेकिन स्टाइलिश कर्नाटक के दाएं हाथ के इस खिलाड़ी के आगे चलकर सफेद गेंद वाले क्रिकेट में बड़े विकेटकीपर की भूमिका निभाने की संभावना नहीं है।' चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल भारत के विकेटकीपर हो सकते हैं। विकेटकीपर के स्थान के मामले में ऋषभ पंत पहली पसंद हैं, दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए ध्रुव जुरेल, संजू सैमसन और ईशान किशन के बीच मुकाबला हो सकता है। सैमसन हार सकते हैं, क्योंकि उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी छोड़ने का फैसला किया है। किशन ने 27 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 42 से अधिक की औसत से 933 रन बनाए हैं, जिसमें एक दोहरा शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं। पिछले साल घरेलू क्रिकेट छोड़ने के बाद वे मौजूदा चयन समिति के साथ थोड़े से नाराज हो गए हैं, जिसके कारण उन्हें बीसीसीआई का वार्षिक केंद्रीय अनुबंध भी खोना पड़ा। किशन का विजय हजारे ट्रॉफी में प्रदर्शन सामान्य रहा जिसमें उन्होंने पूर्वोत्तर के एक राज्य के खिलाफ सात मैचों में एक शतक सहित 316 रन बनाए। किशन विश्व कप टीम का हिस्सा थे जबकि युवा यूपी और राजस्थान रॉयल्स के जुरेल ने सभी को प्रभावित किया है और निश्चित रूप से दूसरे विकेटकीपर के रूप में शामिल हो सकते हैं।




# चैंपियंस ट्रॉफी : पीसीबी ने तय की टिकटों की कीमत

**मात्र 310 रुपए में देख पाएंगे मैच**




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की माली हालत किसी से छिपी नहीं है। इसकी एक झलक चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तय की गई टिकट की कीमतों में देखने को मिली है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आगामी टूर्नामेंट के लिए टिकट की कीमत 1000 पाकिस्तानी रुपए रखी है। भारतीय मुद्रा के हिसाब से टिकट की कीमत सिर्फ 310 रुपए बनती है। पीसीबी ने उसके देश में होने वाले मैचों के लिए टिकट की कीमत तय कर दी है। इनकी न्यूनतम कीमत 1000 पाकिस्तानी रुपए रखी गई है। यह नहीं बताया गया है कि दुबई में होने वाले भारत के मैचों की टिकट दर क्या होगी। दस्तावेज के अनुसार पीसीबी ने कराची, लाहौर और रावलपिंडी में होने वाले मैचों के न्यूनतम टिकट 1000 पाकिस्तानी रूपए के रखे हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश के रावलपिंडी में होने वाले मैचों के टिकटों की कीमत 2000 पाकिस्तानी रूपए (620 भारतीय रूपए) और सेमीफाइनल के 2500 पाकिस्तानी रूपए (776 भारतीय रूपए) होगी। पीसीबी ने सभी मैचों की वीवीआईपी टिकट 12000 पाकिस्तानी रूपए (3726 भारतीय रूपए) की रखी है लेकिन सेमीफाइनल में यह 25000 (7764 भारतीय रूपए) की होगी। कराची में प्रीमियर दीर्घा की टिकट 3500 पाकिस्तानी रूपए (1086 भारतीय रूपए), लाहौर में 5000 (1550 भारतीय रूपए) और रावलपिंडी में पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश मैच का टिकट 7000 (2170 भारतीय रूपए ) है।

## म नो रं ज न

# 'नागिन' बन बड़े पर्दे पर कहर बरसाएंगी श्रद्धा!



लंबे समय से खबर आ रही थी कि बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर नागिन का रोल निभाने वाली हैं। लंबे समय से भारत में नाग-नागिन पर कोई फिल्म नहीं बनी है ऐसे में फैंस श्रद्धा कपूर को इच्छाधारी नागिन के रोल में देखने के लिए बेताब थे। लेकिन फिल्म को लेकर कोई अपडेट सामने नहीं आ रही थी, अब फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। क्रिएटिव प्रोड्यूसर निखिल द्विवेदी ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की जिसने फैंस का उत्साह बढ़ा दिया है। निखिल द्विवेदी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर नागिन की स्क्रिप्ट की तस्वीर शेयर की है, जिसके फ्रंट पेज पर नागिन लिखा है। पेज पर लिखा है, "नागिनः प्यार और बलिदान की एक महाकाव्य कहानी।" आगे लिखा है, "SAFFRON मैजिकवर्क्स की ओर से निर्मित और विकसित।" पेज के आसपास आप कुछ गेंदे के फूल भी देख सकते हैं। फोटो के कैप्शन में निखिल ने लिखा, "मकर संक्रांति और फाइनली" निखिल का पोस्ट देखकर ऐसा लग रहा है कि उनकी फिल्म नागिन जल्द ही फ्लोर पर जाने के लिए रेडी है। इंस्टाग्राम स्टोरी में निखिल ने श्रद्धा कपूर का नाम नहीं लिया है लेकिन लंबे समय से खबरें आ रही हैं कि श्रद्धा कपूर नागिन में लीड रोल निभाने वाली हैं। दरअसल निखिल द्विवेदी ने खुद ये बात कही थी कि इस फिल्म के लीड रोल के लिए उनके दिमाग में सिर्फ श्रद्धा कपूर थीं। निखिल ने कहा, "एकलौती एक्ट्रेस जिसके बारे में मैंने इस फिल्म को लेकर सोचा था वो श्रद्धा थी, क्योंकि मुझे लगता है कि वो उन एक्ट्रेसेज में से हैं जिनके पास कई क्वालिटी है और वो हर शेड्स काफी अच्छे से निभा सकती हैं।"

निखिल द्विवेदी की बात करें तो इससे पहले उनकी फिल्म 'CTRL' नेटफ्लिक्स पर आई थी। जिसमें विहान और अनन्या पांडे लीड रोल में थे। फिल्म काफी पसंद की गई थी। वहीं श्रद्धा कपूर की बात करें तो आखिरी बार वो हॉरर कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' में नजर आई थीं।

# वरुण धवन ने झांसी में शुरू की 'बॉर्डर 2' की शूटिंग

वरुण धवन ने आखिरकार अपनी आगामी देशभक्ति एक्शन फिल्म 'बॉर्डर 2' के पहले शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर दी है। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग का पहला चरण उत्तर प्रदेश के झांसी में हो रहा है। फिल्म में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिलहाल वे लोग शूटिंग में शामिल नहीं हुए हैं। झांसी के सैन्य छावनी क्षेत्र में स्थापित 'बॉर्डर 2' का उद्देश्य अपनी मनोरंजक कहानी, एक्शन सीन्स के साथ सच्ची घटनाओं को पर्दे पर दिखाना है। इंस्टाग्राम पर निर्माताओं ने 'बॉर्डर 2' के सेट से एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वरुण निर्माता भूषण कुमार और निधि दत्ता, सह-निर्माता शिव चानना और निर्देशक अनुराग सिंह के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। अभिनेता को ग्रे टी-शर्ट और नीली जींस पहने देखा जा सकता है। उन्होंने इस आउटफिट को ब्लैक लेदर जैकेट के साथ पहना और मूंछों वाला लुक दिया। उन्होंने कुमार और दत्ता के साथ फिल्म का क्लैपबोर्ड पकड़ा। निर्माताओं ने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'एक्शन, धैर्य और देशभक्ति! अभिनेता वरुण धवन ने निर्माता भूषण कुमार और निधि दत्ता, सह-निर्माता शिव चानना और निर्देशक अनुराग सिंह के साथ झांसी के सुंदर छावनी क्षेत्रों में 'बॉर्डर 2' यात्रा शुरू की। 23 जनवरी, 2026- एक अविस्मरणीय गाथा के लिए तैयार हो जाइए।' हालांकि, सनी देओल, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ भी आने वाले महीनों में फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे।



# कंगना के फैंस को खास तोहफा 99 रुपए में 'इमरजेंसी' की टिकट




बॉलीवुड एक्ट्रेस एक्ट्रेस कंगना रनौत इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में कंगना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं। अब इस फिल्म की रिलीज से पहले दर्शकों के लिए खुशखबरी आई है कि आप कंगना रनौत की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'इमरजेंसी' की टिकट 99 रुपए में बुक कर सकते हैं। आप सिर्फ 99 रुपए में इस फिल्म का मजा सिनेमाघरों में उठा सकते हैं। अगर आप भी बड़े पर्दे पर इस नई फिल्म को देखने का इंतजार कर रहे हैं तो 17 जनवरी को 'सिनेमा लवर डे' के खास मौके पर इस धमाकेदार ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। 17 जनवरी को 'सिनेमा लवर डे' के स्पेशल मौके पर दर्शकों को कई फिल्में सिर्फ 99 रुपए में देखने को मिलने वाली है। इस दिन भारत के ज्यादातर सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स में सिर्फ 99 रुपए में नई और पुरानी मूवीज दिखाई जा रही है। साल 2025 का पहला 'सिनेमा लवर डे' 17 जनवरी को मनाया जाएगा, इस मौके पर आप कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' के पहले दिन की टिकट 99 रुपए में बुक कर सकते हैं। 'इमरजेंसी' को 99 रुपए में देखना एक्ट्रेस के फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। कंगना रनौत की ये फिल्म 1977 के भारतीय आपातकाल पर आधारित है।

# समंथा रूथ प्रभु ने जिम में दिखाया जलवा



ये हर नए साल की कहानी है कि पहले ही रेजोल्यूशन पर गंभीरता से अमल किया जाता है। इसके बाद वक्त के साथ ये संकल्प धीमा पड़ने लगता है। लेकिन खूबसूरत एक्ट्रेस समंथा रूथ प्रभु ने अपनी इस लीक को तोड़ दिया है। समंथा ने नए साल पर लिए रिजोल्यूशन को अभी तक जारी रखा है। समंथा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में समंथा जिम में हैवी वर्कआउट करती नजर आ रही हैं। गुरुवार को, सामंथा ने एक वर्कआउट वीडियो साझा किया, जिसमें जिम में अलग-अलग व्यायाम करते हुए उनके कई मोंटेज दिखाए गए। इसकी शुरुआत अभिनेत्री के अपने बिस्तर पर सोने से होती है और बैकग्राउंड में ऑडियो बजता है, 'सोचिए कुछ बुरे दिन मुझे रोक देंगे?' उन्होंने रिंग पुल-अप्स, वेट हील डिप्स, केटलबेल बेंट-ओवर रो, डंबल लेटरल आर्म रेज और डंबल ओवरहेड शोल्डर प्रेस जैसे वर्कआउट किए। एक्ट्रेस समंथा ने वर्कआउट प्रेरणा की गहन खुराक के साथ कुछ स्वास्थ्य सलाह भी दी। वीडियो की शुरुआत उसके कबूलनामे से होती है, 'नए साल में दो सप्ताह बीत चुके हैं, और आपके संकल्प पहले से ही कम हो रहे हैं? यहां भी ऐसा ही! ऐसा कई बार हुआ है।' हालांकि कुछ असफलताओं से किसी को पीछे नहीं हटना चाहिए। लेकिन कुछ बुरे दिनों का मतलब यह नहीं है कि हम बाहर हैं। सामंथा ने कहा, कभी-कभी हम आराम करते हैं, कभी-कभी हम धक्का देते हैं। बस यही चलता है। बता दें कि समंथा रूथ प्रभु ने अपने करियर की शुरुआत साउथ सिनेमा से की थी। यहां कई सुपरहिट फिल्में देने के बाद समंथा स्टार बन गईं।

# अजय देवगन से भिड़ेंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा



अजय देवगन साल 2012 में 'सन ऑफ सरदार' नाम की फिल्म लेकर आए थे। एक्शन-कॉमेडी जॉनर की फिल्म को लोगों ने पसंद किया था। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म हिट रही थी। लंबे समय से इसके सीक्वल यानी दूसरे पार्ट की भी चर्चा हो रही है। अब 'सन ऑफ सरदार 2' की रिलीज डेट सामने आ गई है। ये फिल्म 25 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी। फिल्म क्रिटिक और ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने सोशल मीडिया के जरिए 'सन ऑफ सरदार 2' की रिलीज डेट शेयर की है। विजय कुमार अरोड़ा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में अजय के साथ मृणाल ठाकुर, संजय दत्त और रवि किशन नजर आने वाले हैं। पहले पार्ट को अश्विनी धीर ने डायरेक्ट किया था। अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा बॉक्स ऑफिस पर टकराने वाले हैं। दरअसल, 25 जुलाई को ही सिद्धार्थ की फिल्म 'परम सुंदरी' रिलीज होने वाली है। यानी दोनों एक्टर्स की फिल्मों का क्लैश होने वाला है। 'परम सुंदरी' में जान्हवी कपूर फीमेल लीड हैं। तुषार जलोटा इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं। अब देखना होगा कि इस भिड़ंत में बॉक्स ऑफिस पर बाजी कौन मारता है। 'सन ऑफ सरदार 2' के अलावा अजय देवगन साल 2025 में और भी कुछ फिल्मों में नजर आने वाले हैं। 17 जनवरी को 'आजाद' नाम की एक फिल्म रिलीज हो रही है, जिसके जरिए रवीना टंडन की बेटी राशा ठडानी और अजय के भांजे अमन देवगन डेब्यू कर रहे हैं। अजय देवगन भी इस फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा एक मई को 'रेड 2' रिलीज होने वाली है। साल के आखिर में वो 'दे दे प्यार दे दे 2' लेकर आने वाले हैं। ये फिल्म 14 नवंबर को रिलीज होगी। देखना होगा कि इन फिल्मों के जरिए अजय साल 2025 में कैसा कमाल दिखाते हैं। बहरहाल, 'सन ऑफ सरदार' के पहले पार्ट में मृणाल ठाकुर की जगह सोनाक्षी सिन्हा थीं, लेकिन इस बार वो फिल्म का हिस्सा नहीं हैं।

कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों संग बजट पूर्व संवाद

# कर्मचारी राज्य की महत्वपूर्ण कड़ी : सीएम भजनलाल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कर्मचारी हमारे राज्य की महत्वपूर्ण कड़ी है तथा सरकार और कर्मचारी का संबंध प्रगाढ़ होता है। हमारी प्राथमिकता है कि कर्मचारियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि विकसित और खुशहाल राजस्थान के लक्ष्य के लिए कार्मिक समर्पण एवं सेवाभाव के साथ काम करें तथा आगामी बजट 2025-26 में कर्मचारी संगठनों से प्राप्त सुझावों को परीक्षण कर यथासंभव शामिल किया जाएगा।

शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में कर्मचारी संघों के साथ बजट पूर्व संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य की 8 करोड़ जनता की आशा और आंकाक्षाओं को पूरा करने में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गत एक वर्ष में राज्य सरकार ने राज्य में बिजली-पानी की प्राथमिकता को समझते हुए अनेक निर्णय लिए हैं। ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना सहित विभिन्न परियोजनाओं से जहां राज्य में जल की आपूर्ति बढ़ी हैं, वहीं किसानों को 2027 तक दिन में बिजली देने के लक्ष्य को लेकर राइजिंग राजस्थान में ऊर्जा के क्षेत्र में सर्वाधिक एमओयू किए गए हैं। राज्य सरकार प्रदेश को उत्कृष्ट और विकसित राजस्थान बनाने के संकल्प के साथ काम कर रही है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

## कई अहम फैसले

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों के हित में कई अहम फैसले लिए हैं। कार्मिकों को पदोन्नति के लिए वर्ष 2023-24 में वांछित अनुभव में 2 वर्ष की शिथिलता दी गई है। खेल पदक विजेताओं को नियमानुसार वेतन शृंखला एवं वेतन वृद्धि दी गई है। जमादार ग्रेड-फर्स्ट एवं मुख्य जमादार का नया पद सृजन, सभी राजसेवकों को लंबित कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन भरने के लिए 31 जनवरी 2025 तक का समय देने जैसे निर्णय कर्मचारियों के हित में लिए हैं।

## उठाए जा रहे प्रभावी कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को रोजगार देने, भर्ती प्रक्रियाओं में सुधार करने और कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। ग्रेच्यूटी की सीमा 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करना, पेंशनर को 70 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन भत्ता, 1 अप्रेल, 2024 के बाद कर्मचारी की मृत्यु होने पर 10 वर्ष तक बढ़ी हुई पारिवारिक पेंशन देने जैसे विभिन्न प्रावधान कर्मचारियों के लिए किए गए हैं।

## प्रतिनिधियों ने दिए सुझाव

बैठक में पंचायती राज, शिक्षा, मेडिकल, सचिवालय सेवा, मंत्रालयिक सेवा, कार्मिक, आंगनबाड़ी, जलदाय विभाग, पटवारी सेवा, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, कृषि सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए।

## 10 लाख नौकरी देने का संकल्प

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम घोषणा करने में ही नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारने में यकीन रखते हैं। हमने हमारे संकल्प पत्र में युवाओं को 4 लाख सरकारी तथा 6 लाख निजी क्षेत्र सहित कुल 10 लाख नौकरियां देने का संकल्प किया था। अब तक हमने 59 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी हैं और 15 हजार नियुक्तियां प्रक्रियाधीन हैं। लगभग 81 हजार पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किए हैं।

'स्टार्टअप्स' का मसौदा तैयार

# देश की सबसे अधिक आधुनिक नीति : फडणवीस

## सिडबी स्टार्टअप्स को 200 करोड़ रुपए का प्रावधान




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** समय की मांग को देखते हुए स्टार्टअप नीति का नया मसौदा तैयार किया गया है। उद्यमियों को सुझाव के लिए यह मसौदा उपलब्ध कराया गया है और यह देश की एक आधुनिक नीति सिद्ध होगी। इसके माध्यम से राज्य में नवीन शहरों की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही सिडबी (स्मॉल इंडस्ट्रियल डेव्हलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया) की ओर से स्टार्टअप्स के लिए 200 करोड़ रुपए और प्रत्येक क्षेत्रीय विभाग के लिए 30 करोड़ रुपए का प्रावधान किये जाने की बात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कही। बांद्रा-कुर्ला संकुल में जिओ वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में कौशल्य, रोजगार, उद्यमिता व नवाचार विभागों के अंतर्गत राज्य नाविन्यता सोसायटी की ओर से एंपॉवरींग इनोव्हेशन, एलिव्हेटिंग महाराष्ट्र इस परिकल्पना पर आधारित 'राष्ट्रीय स्टार्टअप्स दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसी अवसर पर मुख्यमंत्री फडणवीस के हाथों बुद्धिमत्ता (AI) तकनीक के माध्यम से दीप प्रज्ज्वलन किया गया।कार्यक्रम में कौशल्य, रोजगार, उद्यमिता व नवाचार मंत्री मंगलप्रभात लोढा, कौशल्य विकास विभाग के सचिव गणेश पाटिल, आयुक्त प्रदीपकुमार डांगे, व्यवसाय शिक्षण प्रशिक्षण निदेशालय के निदेशक सतीश सूर्यवंशी, मेरीको लिमिटेड के अध्यक्ष हर्ष मारीवाला, अपग्रेड एंड स्वदेस फाउंडेशन के सहसंस्थापक रॉनी स्क्रूवाला, नायका की संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी फाल्गुनी नायर, स्ट्राइड व्हेंचर्स तथा स्ट्राइडवन के संस्थापक इशप्रीत सिंह गांधी, आयआयटी के पूर्व विद्यार्थी कल्याण चक्रवर्ती, गो इंडिया की व्यवस्थापकीय निदेशक इप्सिता दासगुप्ता, महाराष्ट्रा सहित देशभर के तंत्रज्ञान, कृषि, सेवा क्षेत्र, औषधि निर्माण तथा पर्यटन जैसे विभिन्न क्षेत्रों के एक हजार स्टार्टअप्स इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि नए और महिला उद्यमियों के नवाचार को सक्षम करके महाराष्ट्र की उन्नति की जाएगी। जब देश में स्टार्टअप शुरू हुए थे उस समय 471 स्टार्टअप्स थे।

## महाराष्ट्र कर रहा स्टार्टअप्स का नेतृत्व

आज देश में एक लाख 57 हजार स्टार्टअप्स हैं। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि महाराष्ट्र केवल भारत की स्टार्टअप क्रांति में भागीदार ही नहीं है, अपितु इसका नेतृत्व भी कर रहा है। राज्य में 26 हजार स्टार्टअप्स हैं। महाराष्ट्र देश का पहला ऐसा राज्य है जहां सबसे अधिक महिला निदेशक हैं। स्टार्टअप्स में महाराष्ट्र शीर्ष सात राज्यों में शामिल है।

## उत्कृष्टता केंद्र

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं इनक्यूबेटर्स रोजगार सृजन करने वाले संस्थान हैं। 'एआई' स्टार्टअप्स को सशक्त बनाकर उत्कृष्टता केंद्र बनाएगा। एआई प्रौद्योगिकी का भविष्य है और स्टार्टअप्स में इसका बड़ा योगदान सिद्ध होगा। इससे केवल उद्योग के अवसर ही पैदा नहीं होंगे बल्कि रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

## ईज ऑफ डूईंग से पारदर्शिता

उद्यमी, दूरदर्शी निवेशक, निति निर्धारक, इन्क्युबेटर्स, विश्वविद्यालय ये सभी उद्योग क्षेत्र में परिवर्तन के प्रणेता हैं। 'ईज ऑफ डूईंग' बिजनेस के चलते उद्योग कम समय में शुरू करने में पारदर्शकता आई है। निवेश के मामले में महाराष्ट्र देश में अव्वल है। भविष्य में हस्तक्षेप न रखते हुए पारदर्शक पद्धति से उद्यमियों को राज्य में सरकार के साथ उद्योग शुरू करने का अवसर उपलब्ध किया जाएगा। पूंजी भागीदारी की दृष्टि से मुंबई अग्रणी है, जबकि पुणे प्रौद्योगिकी और नवाचार का केंद्र है।

फडणवीस ने कहा कि, हमारे टियर-2 और टियर-3 शहर महाराष्ट्र के विकास में बहुत योगदान कर रहे हैं। नासिक, नागपुर, छत्रपति संभाजीनगर और कोल्हापुर शहर स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन दे रहे हैं और एक ईकोसिस्टम तैयार कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय और इन्क्युबेटर्स वे संस्थान हैं जो महाराष्ट्र के इनोवेटिव स्टार्टअप्स को मजबूत कर रहे हैं।


## 132 सरकारी औद्योगिक संस्थाओं को मिली नई पहचान : मंगल प्रभात लोढ़ा

- कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि महाराष्ट्र की 132 शासकीय औद्योगिक संस्थाओं का नामकरण सफलतापूर्वक किया गया है। पहले 14 शासकीय औद्योगिक संस्थाओं के नामकरण का निर्णय मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया था। महाराष्ट्र की केवल 2 औद्योगिक संस्थाओं को छोड़कर अन्य किसी भी औद्योगिक संस्थाओं का नाम पहले नहीं था। इसके बाद कौशल विकास विभाग द्वारा राज्य की सरकारी औद्योगिक संस्थाओं के लिए नागरिकों से नाम संबंधी सुझाव मांगे गए थे। इसी के अनुसार, आज राज्य की 132 आईटीआई का नामकरण करने का निर्णय घोषित किया गया। इस निर्णय के तहत अकोला, अमरावती, कोल्हापुर, गडचिरोली, गोंदिया, चंद्रपुर, छत्रपति संभाजीनगर, जलगांव, जालना, धाराशिव, धुले, नंदुरबार, नागपुर, नांदेड़, नाशिक, परभणी, बीड, बुलढाणा, भंडारा, मुंबई उपनगर, यवतमाल, रत्नागिरी, रायगढ़, लातूर, वर्धा, वाशिम, सांगली, सातारा, सोलापुर और हिंगोली जिलों की सरकारी औद्योगिक संस्थाओं को नई पहचान दी गई है।

# सड़क निर्माण में खामियों पर बिफरे गडकरी

## गैर-जमानती अपराध बनाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि अगर सड़क निर्माण में कोई खामी होती है, तो इसे गैर-जमानती अपराध बनाया जाना चाहिए। साथ ही सड़क ठेकेदारों तथा इंजीनियरों को दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए। उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुनिया में सड़क दुर्घटनाओं के मामले में भारत नंबर एक पर है। महज 2023 में पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं। सड़क निर्माण में खामी पाया जाना गैर जमानती अपराध होना चाहिए। इसके साथ ही ठकेदारों और इंजीनियरों को हादसों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए। 2023 में पांच लाख हादसे हुए, जिनमें 1,72,000 लोगों की जान गई। इसमें से 66.4 फीसदी यानी 1,14,000 मरने वाले लोगों की उम्र महज 18 से 45 थी। वहीं, 10 हजार बच्चों की मौत हुई थीं।'



हेलमेट से बच जातीं 55 हजार जानें

उन्होंने आगे कहा कि मंत्रालय का उद्देश्य 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को आधा करना है। उन्होंने यह भी कहा कि 55,000 मौतें हेलमेट न पहनने के कारण और 30,000 मौतें सीट बेल्ट न पहनने के कारण हुईं। मंत्रालय सड़कों पर ब्लैक स्पॉट (खतरनाक स्थान) को सुधारने के लिए 40,000 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है।

ट्रेनों पर कोहरे का कहर


# 22 मार्च तक कई ट्रेनें कैंसिल



रेलवे ने जारी की सूची

**नई दिल्ली।** भारत में इन दिनों सर्दियां पड़ रहीं हैं और सर्दियों के चलते खूब कोहरा भी हो रहा है। जिस वजह से कई ट्रेनें देरी से चल रहीं है। वहीं रेलवे को एक मार्च तक कई ट्रेनें कैंसिल भी करनी पड़ी हैं। ट्रेन नंबर 14617-18 बनमंखी-अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस 16 जनवरी से 2 मार्च तक, ट्रेन नंबर 14606-05 योगनगरी ऋषिकेश-जम्मूतवी एक्सप्रेस 16 जनवरी से 24 फरवरी तक, ट्रेन नंबर 14616-15 अमृतसर-लालकुआं एक्सप्रेस 16 जनवरी से 22 मार्च तक, ट्रेन नंबर 14524-23 अंबाला-बरौनी हरिहर एक्सप्रेस 16 जनवरी से 27 फरवरी तक, ट्रेन नंबर 18103-04 जलियांवाला बाग एक्सप्रेस 16 जनवरी से 28 फरवरी तक, ट्रेन नंबर 12210-09 काठगोदाम-कानपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 16 जनवरी से 25 फरवरी तक, ट्रेन नंबर 14003-04 मालदा टाउन-दिल्ली एक्सप्रेस 16 जनवरी से 1 मार्च तक, ट्रेन नंबर 14617-18 बनमंखी-अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस 16 जनवरी से 2 मार्च तक, ट्रेन नंबर 14606-05 योगनगरी ऋषिकेश-जम्मूतवी एक्सप्रेस 16 जनवरी से 24 फरवरी तक, ट्रेन नंबर 14616-15 अमृतसर-लालकुआं एक्सप्रेस 16 जनवरी से 22 मार्च तक, ट्रेन नंबर 14524-23 अंबाला-बरौनी हरिहर एक्सप्रेस 16 जनवरी से 27 फरवरी तक, ट्रेन नंबर 18103-04 जलियांवाला बाग एक्सप्रेस 16 जनवरी से 28 फरवरी तक, ट्रेन नंबर 12210-09 काठगोदाम-कानपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 16 जनवरी से 25 फरवरी तक, ट्रेन नंबर 14003-04 मालदा टाउन-दिल्ली एक्सप्रेस 16 जनवरी से 1 मार्च तक कैंसिल रहेगी।

# रील बनाते नहर में गिरी कार



दो युवकों की मौत, एक घायल

**भोपाल।** भोपाल के कोलार इलाके में चलती कार में रील बनाने के शौक ने दो युवकों की जान ले ली। रील बनाने के दौरा कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। हादसे में दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। कोलार पुलिस के मुताबिक कोलार में रहने वाला पलाश गायकवाड़ अपने दोस्त विनित और पीयूष के साथ बीती रात कोलार क्षेत्र में कार से घूम रहे थे। इस दौरान तीनों युवक चलती कार में मोबाइल से रील बनाने लगे, तभी इनायतपुर नहर में उनकी कार अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में पलाश और विनीत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीयूष गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों के शव बरामद कर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए हमीदिया अस्पताल भेज दिया। घायल पीयूष को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उसकी हालत खतरे से बाहर है। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि दोनों के शव कार के कांच तोड़कर मुश्किल से बाहर निकाले। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। पीयूष के बयान पूरी तरह से दर्ज नहीं हो सके हैं। सूचना के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। मामले की जांच की जा रही है।

# साइबर ठगों पर राजस्थान पुलिस का एक्शन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भरतपुर।** राजस्थान में साइबर ठगों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। साइबर ठगों ने अपने गांव को छोड़ दिया है और खेतों के बीच लगे फसलों के बीच में अपना आशियाना बनाकर ठगी को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस ने इस बीच 6 ठगों के गिरफ्तार किया है। राजस्थान के भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश और डीग जिला एसपी राजेश मीणा के नेतृत्व में साइबर ठगों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। साइबर ठगों की धर-पकड़ के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन 'एंटीवायरस' में पुलिस को सफलता मिली है। बता दें कि पुलिस द्वारा ऑपरेशन शील्ड चलाया गया है। पुलिस के ऑपरेशन एंटीवायरस और ऑपरेशन शील्ड का खौफ मेवात क्षेत्र के ठगों में देखने को मिल रहा है।

## साइबर अपराध का नेटवर्क

कड़कड़ाती ठंड के बीच ठगों द्वारा बनाए गए आशियानों में उनकी जरूरत का पूरा सामान मौजूद है। पुलिस को कैथवाड़ा थाना क्षेत्र के गांव झेंझपुरी के जंगलों में साइबर ठगों की लोकेशन मिल रही थी। ठगों ने फसलों के बीच कुछ यूं अपना ठिकाना बना रखा है कि वहां पहुंच पाना लगभग नामुमकिन सा है। लेकिन फिर भी पुलिस की टीम जैसे-तैसे कर वहां पहुंची।

## पांच घंटे चला सर्च अभियान

ठगों का पता लगान के लिए पुलिस ने 5 घंटे का सर्च ऑपरेशन चलाया और तब जाकर पुलिस के हाथ सफलता लगी। पुलिस ने जब रेड की तो मौके से 6 ठगों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही उनके कब्जे से सिम और मोबाइल बरामद किए गए हैं। हालांकि 6 ठग इस दौरान पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल हो गए। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार ठगों से पूछताछ कर रही है।

# हल्द्वानी में सीएम धामी का रोड शो



- भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन
- सड़क पर उमड़ी भीड़, दिखा जोश
- मुख्यमंत्री ने जनसभा को किया संबोधित

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को हल्द्वानी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट के समर्थन में होने वाले रोड शो का शुभारंभ किया। कालाढूंगी रोड से यह रोड शो शुरू हुआ जिसमें भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी जोश देखने को मिला। रोड शो कालाढूंगी रोड से नैनीताल रोड होकर तिकुनिया में पहुंची। यहां मुख्यमंत्री धामी जनसभा को संबोधित किया। रोड शो में सांसद अजय भट्ट, भाजपा प्रत्याशी गजराज सिंह, विधायक बंशीधर भगत, मोहन सिंह बिष्ट समेत भाजपा के कई बड़े नेता शामिल थे। मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हल्द्वानी मेयर समेत उत्तराखंड के सभी निकायों में जनता भाजपा के पक्ष में मतदान कर निकायों और पंचायत में भाजपा को जिताएं। इसी माह हम उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने जा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि इस माह के अंत में राष्ट्रीय खेलों की सौगात भी हल्द्वानी के लोगों को मिलेगी और वह उसके साक्षी बनेंगे।

# डा. मनीष कुमार मिश्रा को अंतरराष्ट्रीय हिंदी सेवी सम्मान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज में आयोजित सम्मान समारोह में डा. मनीष कुमार मिश्रा को उनकी हिंदी सेवाओं के लिए भारतीय दूतावास, ताशकंद द्वारा "अंतरराष्ट्रीय हिंदी सेवी सम्मान 2025" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उज्बेकिस्तान में भारतीय राजदूतावास के सेकेंड सेक्रेटरी श्रीनिवास द्वारा प्रदान किया गया। विश्व हिंदी दिवस कार्यक्रम की श्रृंखला में भारतीय दूतावास के सौजन्य से यह कार्यक्रम 16 जनवरी को आयोजित किया गया। डा. मनीष कुमार मिश्रा विगत एक वर्ष से भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) के हिंदी चेयर पर विजिटिंग प्रोफ़ेसर के रूप में ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज में कार्यरत हैं। यहां कार्यरत रहते हुए आप ने कई राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय अकादमिक कार्यक्रमों का सफलता पूर्वक आयोजन किया। उज्बेकिस्तान में हिंदी बोलियों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण शोध कार्य भी आप यहां के 'लोले समुदाय' के संदर्भ में कर रहे हैं। उज्बेकिस्तान में हिंदी की दशा और दिशा तथा राज कपूर शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राज कपूर पर एक अंतरराष्ट्रीय परिसंवाद का भी आपने सफलतापूर्वक आयोजन किया। उज्बेकिस्तान और भारत को लेकर आप के कुछ शोध आलेख गगनांचल और प्रवासी जगत जैसी पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए।

डा. मनीष कुमार मिश्रा द्वारा संपादित लगभग 30 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। आप के दो कविता संग्रह, एक ग़ज़ल संग्रह और एक कहानी संग्रह भी प्रकाशित हो चुके हैं। आप के कविता संग्रह पर आप को महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा संत नामदेव पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

# यूजीसी ने राजस्थान के तीन विश्वविद्यालयों को पीएचडी नामांकन करने से रोका

**जयपुर।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने राजस्थान के तीन विश्वविद्यालयों पर अगले पांच साल तक पीएचडी में नामांकन लेने पर रोक लगा दी है। यह फैसला इन विश्वविद्यालयों द्वारा पीएचडी के लिए तय नियमों और शैक्षणिक मानदंडों का पालन न करने पर लिया गया है। यूजीसी के चेयरमैन एम.जगदीश कुमार ने कहा, "हम उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और प्रतिष्ठा से कोई समझौता नहीं कर सकते। जिन विश्वविद्यालयों ने नियमों का उल्लंघन किया है उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। अन्य विश्वविद्यालयों की भी जांच की जा रही है।" यूजीसी के सचिव मनीष आर. जोशी द्वारा गुरुवार को जारी नोटिस के मुताबिक चूरू का ओपीजेएस विश्वविद्यालय, अलवर का सनराइज विश्वविद्यालय, और झुंझुनू का सिंघानिया विश्वविद्यालय अब शैक्षणिक सत्र 2025-26 से 2029-30 तक पीएचडी में दाखिला नहीं ले सकेंगे। यूजीसी ने अपनी स्थायी समिति की सिफारिशों के आधार पर यह कदम उठाया है। जांच में पाया गया कि ये तीनों विश्वविद्यालय पीएचडी डिग्री देने के लिए जरूरी नियमों और मानदंडों का पालन नहीं कर रहे थे। यूजीसी ने छात्रों और अभिभावकों को आगाह किया है कि वे इन विश्वविद्यालयों के पीएचडी कार्यक्रमों में नामांकन न लें क्योंकि बिना मंजूरी वाले पीएचडी कार्यक्रम उच्च शिक्षा या रोजगार के लिए मान्य नहीं होंगे।

- ओपीजेएस विश्वविद्यालय, सनराइज विश्वविद्यालय और सिंघानिया विश्वविद्यालय का नाम शामिल

# पांच बांग्लादेशी और म्यांमार विद्रोही गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मिजोरम पुलिस को भारत-बांग्लादेश सीमा के पास चल रही हथियारों की तस्करी के मामले में बड़ी कामयाबी मिली है। मिजोरम पुलिस ने खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर नॉर्थ ईस्ट के जरिए म्यांमार से बांग्लादेश तक हथियारों के तस्करी के के मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कहा है कि यह खरीद-बिक्री म्यांमार और बांग्लादेश के दो प्रमुख विद्रोही गुटों के बीच हो रही था। पुलिस ने म्यांमार स्थित विद्रोही समूह चिन नेशनल फ्रंट के एक नेता सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को मिजोरम के ममित के पास एक गांव में अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 6 एके-47 राइफल, एके गोलाबारूद के 10,050 कारतूस और 13 मैगजीन भी बरामद किए गए हैं।

# मालाड में बन रहा 'भगवान परशुराम थीम पार्क'



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मालाड के सात एकड़ भूखंड को फर्नीचर व्यापारियों से खाली करवाकर सरकार ने इसे महानगरपालिका को सौंप दिया है। पालक मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा के सहयोग से 10 करोड़ रुपए की निधि प्राप्त कर इस भूखंड पर बाउंड्री वॉल और अन्य संरचनाओं का निर्माण किया गया। सिने अभिनेत्री और सांसद हेमा मालिनी, अमृता फडणवीस और अन्य व्यक्तियों के हाथों उद्यान में पौधारोपण का शुभारंभ किया गया। दूसरे चरण में, इस स्थान पर थीम पार्क के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया था।

- रंग लाया गोयल, लोढ़ा एवं शेट्टी का प्रयास





हालांकि, लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण इस कार्य में गति नहीं लाई जा सकी। माना जाता है कि भगवान श्री परशुराम ने समुद्र को 400 योजन पीछे हटाकर कोंकण का भौगोलिक क्षेत्र बनाया। इसलिए परशुराम को सप्त कोंकणों का आराध्य देव माना जाता है। भारत में समुद्रतटीय राज्यों में भगवान श्री परशुराम का विशेष महत्व है। कोंकण के चिपलून में भगवान श्री परशुराम का बड़ा देवस्थान है, जहां लाखों भक्त दर्शन के लिए आते हैं। उत्तर मुंबई में बड़ी संख्या में कोंकणवासी रहते हैं। इसलिए पालकमंत्री ने इस थीम पार्क का नाम "भगवान परशुराम थीम पार्क" रखने का सुझाव दिया था, जिसे मनपा आयुक्त ने पत्र के माध्यम से सैद्धांतिक रूप से स्वीकृति दी थी। लोकसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल जी की जीत के बाद, क्षेत्र के कुछ लोगों ने थीम पार्क का नाम बदलकर "लोकशाही थीम पार्क" रखने का प्रस्ताव रखा। इस पर चर्चा के बाद यह तय हुआ कि इसे "भगवान परशुराम लोकशाही पार्क" नाम दिया जाएगा। मालाड का यह क्षेत्र "मालवणी" के सरकारी नाम से जाना जाता है। नाम बदलने की आवश्यकता महसूस हुई तो सर्वसम्मति से इस क्षेत्र को भगवान परशुराम का नाम देने का निर्णय लिया गया। पूर्व सांसद जनसेवक गोपाल शेट्टी की संकल्पना और केंद्रीय मंत्री एवं उत्तर मुंबई के सांसद पीयूष गोयल के नेतृत्व में, सभी नागरिकों को उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान करने के लिए सभी मिलकर प्रयास करें, ऐसी अपेक्षा और आशा पालकमंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा ने

## मैदान का नाम 'वीरगति अशफाकुल्ला खान'

- इस क्षेत्र के एक मैदान को पहले "टीपू सुल्तान" का अवैध नाम दिया गया था, जिसे बदलकर "वीरगति अशफाक उल्ला खान" कर दिया गया।

## 'मदर टेरेसा' के नाम से भी मैदान

- इसी प्रकार, दूसरे मैदान को "मदर टेरेसा" का नाम दिया गया है। इस संदर्भ में, संतुलन बनाए रखने और हिंदू समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस सात एकड़ भूमि को "भगवान परशुराम थीम पार्क" का नाम दिया गया।